शुक्ल पक्ष, 23 वर्ष, अंक 163 पृष्ठ 08 मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | मंगलवार 09 जुलाई 2024 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

## नीट: सुप्रीम कोर्ट ने माना भंग हुई परीक्षा की पवित्रता

### सुप्रीम कोर्ट ने कहा-एनटीए पेपर लीक वाले सेंटर्स की जानकारी दे: जिन स्टूडेंट्स को फायदा हुआ, उनके बारे में भी 10 जुलाई तक बताए

**नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने नीट परीक्षा मामले पर सुनवाई करते हुए सीबीआई से अब तक की जांच की स्टेटस रिपोर्ट तलब की है। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली बेंच ने कहा कि परीक्षा की पवित्रता प्रभावित हुई है, यह तो स्पष्ट है। अगर परीक्षा वाले दिन ही बच्चों को पेपर मिला था और उसे याद किया गया, इसका मतलब पेपर केवल स्थानीय स्तर पर ही लीक हुआ था। लेकिन अगर हमें यह पता नहीं चलता कि कितने स्टूडेंट इसमें शामिल थे, तब दोबारा परीक्षा का आदेश देना पड़ेगा। मामले की अगली सुनवाई 11 जुलाई को होगी।सुनवाई के दौरान चीफ जस्टिस ने कहा कि हमें यह भी देखना होगा कि पेपर लीक कैसे हुआ। अगर सोशल मीडिया के जरिए हुआ, इसका मतलब व्यापक पैमाने पर पेपर लीक हुआ होगा। चीफ जस्टिस ने कहा कि हम जानना चाहते हैं कि पेपर सेटिंग की पूरी प्रक्रिया क्या होती है। प्रिंटिंग प्रेस में कैसे और किसके




साथ भेजा गया। प्रेस से बैंक में कैसे भेजा गया। इससे पता लगाने में आसानी होगी कि पेपर कहां से लीक हुआ।

कोर्ट ने कहा कि पेपर लीक हुआ है, इसमें दो राय नहीं है। अब यह देखना है कि यह कैसे हुआ है और कितना हुआ है। चीफ जस्टिस ने सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता से पूछा कि अगर परीक्षा कैंसल नहीं होती तो धांधली से पास हुए स्टूडेंट्स को कैसे चिन्हित करेंगे। उनको पता करने के लिए क्या किया गया है। चीफ जस्टिस ने सीबीआई से अब तक की हुई जांच पर स्टेटस रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश देते हुए कहा कि इस बीच आप लोग आपस में मिल बैठकर एकराय कर लें। हम संविधान पीठों की तरह एक नोडल एडवोकेट नियुक्त कर सकते हैं ताकि वो सभी पक्षकारों के लिखित दलीलों को संग्रहित कर कोर्ट के सामने रख सके। कोर्ट ने कहा कि हम सरकार से ये जानना चाहते हैं कि सरकार ने लाभार्थियों की पहचान करने के लिए अब तक क्या किया है।

### पेपर लीक का कैसे संदेह हुआ

**पांच** मई को हुई परीक्षा में कुल 67 छात्रों ने पूरे 720 अंक प्राप्त किए। यह एनटीए के इतिहास में अभूतपूर्व था। इसमें सूची में हरियाणा केंद्र के छह छात्र शामिल हैं। इसके बाद परीक्षा में अनियमितताओं को लेकर संदेह शुरू हुआ।

आरोप लगाया गया कि कृपांक के चलते 67 छात्रों को शीर्ष रैंक मिली। इसके बाद एनटीए ने एक जुलाई को संशोधित परिणाम घोषित किया।

इसके बाद नीट-यूजी में शीर्ष रैंक वाले अभ्यर्थियों की संख्या 67 से घटकर 61 हो गई। चीफ जस्टिस ने कहा कि सौ फीसदी अंक 67 छात्रों को मिले हैं। हमें इस बात को भी समझना होगा की मार्क्स देने का पैटर्न क्या है।

### कोर्ट ने सीबीआई को रिपोर्ट पेश करने का निर्देश दिया



**सुप्रीम** कोर्ट ने साइबर फोरेंसिक यूनिट को शामिल करने, एआई का उपयोग करके गलत काम करने वालों की संख्या का पता लगाने और उनके लिए फिर से परीक्षा की संभावना तलाशने के बारे में पूछा। कोर्ट ने सीबीआई को जांच की स्थिति बताते हुए रिपोर्ट पेश करने का निर्देश दिया। कोर्ट ने एनटीए को निर्देश दिया कि वह बताए कि प्रश्नपत्र पहली बार कब लीक हुआ। वह प्रश्नपत्र लीक होने की घटना और 5 मई को परीक्षा आयोजित होने के बीच की समय अवधि के बारे में भी बताए।

इसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई के लिए 11 जुलाई की तारीख तय की।

**क्या है मामला?**

देश भर के सरकारी और निजी संस्थानों में एमबीबीएस, बीडीएस, आयुष और अन्य संबंधित पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए एनटीए द्वारा नीट-यूजी आयोजित की जाती है। पेपर लीक सहित अनियमितताओं के आरोपों के कारण कई शहरों में विरोध प्रदर्शन हुए। इस पर जमकर राजनीति भी हुई। केंद्र और एनटीए ने 13 जून को अदालत को बताया था कि उन्होंने 1,563 अभ्यर्थियों को दिए गए कृपांक (ग्रेस मार्क) रद्द कर दिए हैं। उन्हें दोबारा परीक्षा या प्रतिपूरक अंकों को छोड़ने का विकल्प दिया गया था।

### 'पेपर लीक होने के कारण कितने छात्रों के परिणाम रोके गए'

**सुप्रीम** कोर्ट ने सरकार से पूछा कि लीक होने के कारण कितने छात्रों के परिणाम रोके गए। कोर्ट ने पूछा कि ये छात्र कहां हैं? भौगोलिक तौर पर ये छात्र कहां कहां हैं? क्या हम अभी भी गलत काम करने वालों का पता लगा रहे हैं और क्या हम लाभार्थियों की पहचान कर भी पाएं हैं? सुप्रीम कोर्ट ने यह भी कहा कि परीक्षा को दोबारा से कराना सबसे आखिरी विकल्प होना चाहिए। मामले में जो कुछ भी हुआ, उसकी जांच देश भर के विशेषज्ञों की एक बहु-अनुशासनात्मक समिति से कराई जानी चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हम पढ़ाई-लिखाई की सबसे प्रतिष्ठित शाखा से निपट रहे हैं। हर मध्यम वर्ग का व्यक्ति चाहता है कि उनके बच्चे या तो चिकित्सा या इंजीनियरिंग की पढ़ाई करें। यह मानते हुए कि हम परीक्षा रद्द नहीं करने जा रहे हैं।

## दिव्यांगों के फिल्मांकन को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने दिए दिशा-निर्देश

**नई दिल्ली**

**सुप्रीम कोर्ट ने** फिल्म व विजुअल मीडिया में दिव्यांगों के फिल्मांकन के लिए विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए हैं ताकि इन माध्यमों में दिव्यांगों का मजाक न उड़ाया जाए। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली बेंच ने कहा कि सेंसर बोर्ड को इस तरह स्क्रीनिंग की अनुमति देने से पहले विशेषज्ञ की राय लेनी चाहिए।कोर्ट ने कहा कि फिल्म या डॉक्यूमेंट्री निमार्ताओं को इनका मजाक बनाने और इन्हें अपमानजनक तरीके से पेश करने या फिर लाचार दिखाने की बजाय उनकी उपलब्धियों को दिखाना चाहिए। विजुअल मीडिया के जरिये दिव्यांग लोगों के न केवल संघर्ष को सामने रखा जाना चाहिए, बल्कि उनकी सफलता व उनकी योग्यता और समाज में उनके योगदान को भी पेश किया जाना चाहिए। कोर्ट ने कहा कि हम विजुअल मीडिया पर दिव्यांगों को चित्रित करने के लिए एक रूपरेखा तैयार कर रहे हैं। दरअसल, 2023 में रिलीज हुई फिल्म आंख-मिचौली में अल्जाइमर पीड़ित एक पिता के लिए भुलक्कड़ बाप, मूक-बधिर के लिए साउंड प्रूफ सिस्टम, हकलाने वाले शख्स के लिए अटकी हुई कैसेट जैसे शब्दों का इस्तेमाल किया गया है। इसको आधार बनाकर दिव्यांग वकील निपुण मल्होत्रा ने पहले दिल्ली हाई कोर्ट में याचिका दाखिल कर इस फिल्म की निमार्ता कंपनी सोनी पिक्चर को निर्देश देने की मांग की थी कि वह दिव्यांग लोगों द्वारा झेली जाने वाली परेशानियों के बारे में लोगों को जागरूक करने के लिए शार्ट मूवी बनाए न कि उनका मजाक बनाने वाली फिल्में बनाए। दिल्ली हाई कोर्ट ने मल्होत्रा की याचिका खारिज कर दी थी। हाई कोर्ट से खारिज होने के बाद सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की गई थी।

## चंपारण में बह गई निर्माणाधीन पुलिया

**मोतिहारी**

पूर्वी चंपारण के दक्षिणी भवानीपुर पंचायत के मलाही टोला में एक निमार्णाधीन पुलिया बह गई। गंडक नदी के तेज बहाव को यह पुलिया झेल नहीं पाई।

## रक्षा का सबसे अच्छा तरीका युद्ध के लिए हमेशा तैयार रहना है : उपराष्ट्रपति



**नई दिल्ली**

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने सोमवार को भारतीय रक्षा संपदा सेवा के के अधिकारियों से हमेशा राष्ट्र को सर्वोपरि रखने का आग्रह करते हुए इस बात पर जोर दिया कि रक्षा का सबसे अच्छा तरीका युद्ध के लिए हमेशा तैयार रहना है।

उपराष्ट्रपति एन्क्लेव में भारतीय रक्षा संपदा सेवा के 2023 बैच के प्रशिक्षु अधिकारियों के साथ बातचीत करते हुए धनखड़ ने विकसित हो रहे तकनीकी और भू-राजनीतिक परिदृश्य का उल्लेख करते हुए युवा अधिकारियों को तेजी से बदलते परिदृश्य के साथ लगातार तालमेल बिठाने की सलाह दी। रक्षा भूमि को हमारी सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण बताते हुए उन्होंने रक्षा भूमि के प्रबंधन में आने वाली कई चुनौतियों जैसे अतिक्रमण और उसके बाद कानूनी विवाद का उल्लेख किया। उन्होंने प्रशिक्षु अधिकारियों को भूमि प्रबंधन के लिए प्रौद्योगिकी का सर्वोत्तम उपयोग करने की सलाह दी। इससे आप किसी भी घुसपैठ की निगरानी कर सकेंगे और दृढ़ संकल्प के साथ त्वरित उपचारात्मक कार्रवाई कर सकेंगे। प्रोबेशनर्स को कभी भी शॉर्टकट न अपनाने की सलाह देते हुए उपराष्ट्रपति ने उनसे नैतिक आचरण का उदाहरण पेश करने और दूसरों के लिए आदर्श बनने को कहा। उन्होंने अधिकारियों से कहा, "जब आप दबाव का सामना करते हैं, तब भी दृढ़ रहें।" उन्होंने अधिकारियों से वर्ष 2047 तक विकसित भारत के निर्माण के लिए काम करने का आग्रह किया।

## महिलाओं को पीरियड्स के दौरान छुट्टी दिये जाने की मांग पर सुनवाई से इनकार

**नई दिल्ली**

**सुप्रीम कोर्ट ने** महिलाओं को पीरियड्स के दौरान छुट्टी दिये जाने की मांग वाली याचिका पर सुनवाई करने से इनकार कर दिया है। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली बेंच ने कहा कि इस तरह की छुट्टियों को अनिवार्य बनाये जाने का एक खतरा ये भी है कि महिलाओं को



नौकरी से निकाल दिया जाए या फिर उन्हें जॉब पाने ही में दिक्कत होने लगे।

कोर्ट ने कहा कि ये नीतिगत मसला है, जिस पर सरकार को विचार करना चाहिए। कोर्ट के दखल का कोई औचित्य नहीं बनता है। कोर्ट ने याचिकाकर्ता से कहा कि वो महिला और बाल विकास मंत्रालय को ज्ञापन दे। सरकार सभी संबंधित पक्षों के साथ बात कर फैसला ले कि क्या ऐसी कोई पॉलिसी बनाई जा सकती है या नहीं। दरअसल, 2023 में सुप्रीम कोर्ट ने इस याचिका पर सुनवाई करते हुए याचिकाकर्ता को निर्देश दिया था कि वे वो सरकार को अपना प्रतिवेदन दे। याचिकाकर्ता के मुताबिक उसने केंद्र सरकार को प्रतिवेदन दिया भी था लेकिन कोई सकारात्मक उत्तर नहीं मिला।

## खरीफ फसल की बुआई में 14.10 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज

**नई दिल्ली**

पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष खरीफ फसल की बुआई में 14.10 प्रतिशत और दलहन के रकबे में 50 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। कृषि और किसान कल्याण विभाग ने 8 जुलाई सोमवार को खरीफ फसल के तहत क्षेत्र कवरेज की प्रगति की घोषणा की है। मंत्रालय के मुताबिक इस बार कुल 378 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में खरीफ फसलों की बुआई हुई है। कृषि और किसान कल्याण द्वारा जारी बयान के मुताबिक, पिछले वर्ष धान की खेती 50.26 हेक्टेयर में हुई थी इस वर्ष बढ़कर 59.99 हेक्टेयर हो गई है।

## मणिपुर में जो हो रहा है, भारत में कहीं नहीं देखा: राहुल गांधी

### मणिपुर: राहत शिविरों में रह रहे लोगों से मिले राहुल गांधी

### कांग्रेस एमपी के दौरे से पहले जिरिबाम में गोलीबारी

**इंफाल**

लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी हिंसाग्रस्त राज्य मणिपुर के दौरे पर हैं। मणिपुर पहुंचकर उन्होंने सबसे पहले राहत शिविरों में रह रहे लोगों से मुलाकात की। राहुल गांधी के दौरे से पहले जिरिबाम क्षेत्र में सोमवार की सुबह अज्ञात



बंदूकधारियों ने गोलीबारी की। सुबह के साढ़े तीन बजे अज्ञात लोगों ने इलाके में गोलीबारी शुरू कर दी। गोलीबारी मैतेई इलाके में की गई। गोलीबारी की जानकारी पाकर सुरक्षाकर्मी मौके पर पहुंचे। सुबह के सात बजे तक सुरक्षाकर्मियों और बंदूकधारियों के बीच गोलीबारी जारी रही। एहतियात के तौर पर आसपास के इलाकों में सुरक्षाकर्मियों को तैनात किया गया।

बता दें कि मणिपुर में पिछले एक साल से जातीय हिंसा जारी है।

राहुल गांधी के राहत शिविर में लोगों से मुलाकात को लेकर प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष देबब्रत ने प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा, "जिरिबाम में हाल ही में हुए हिंसा से प्रभावित लोगों से मिलने के लिए राहुल गांधी यहां आए। पीएम मोदी ने कहा कि मणिपुर में स्थिति सामान्य हो गई है। सब ने इसे मान लिया। लेकिन तथ्य यह है कि राहत शिविरों के पीड़ितों ने अपनी कहानियां सुनाईं। उन्होंने बताया कि उनका सबकुछ तबाह हो चुका है। सरकार की तरफ से कुछ भी नहीं किया गया। राहुल गांधी ने पीड़ितों से उनकी कहानी सुनी।" जिरिबाम में पीड़ितों से मिलने के बाद राहुल गांधी इंफाल एयरपोर्ट पहुंचे।

## पुलिस को जमानत पर निकले आरोपी के निजी जीवन में ताकझांक करने की अनुमति नहीं: सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने पुलिस को जमानत पर निकले आरोपी के निजी जीवन में ताकझांक करने से मना किया। जस्टिस अभय एस. ओका और उज्ज्वल भुयन की पीठ ने दिल्ली हाई कोर्ट की तरफ से जमानत पर लगाई गई उस शर्त को हटा दिया, जिसके तहत नशीले पदार्थों से जुड़े मामले में एक नाइजीरियाई व्यक्ति को अपने गूगल मैप्स के पिन को जांच अधिकारी के साथ साझा करना था। जस्टिस ओका ने कहा, "ऐसी कोई जमानत शर्त नहीं हो सकती, जो जमानत को ही रद्द कर दें। हमने बताया है कि गूगल पिन कभी जमानत की शर्त नहीं हो सकता।

जमानत की ऐसी कोई शर्त नहीं हो सकती जो पुलिस को आरोपी की गतिविधियों पर लगातार नजर रखने की अनुमति देता है।

## सीएम हेमंत ने विधानसभा में बहुमत हासिल किया

**रांची**

**राज्य** के 13वें मुख्यमंत्री के रूप में सत्ता संभालने वाले हेमंत सोरेन सोमवार को विधानसभा में विश्वास मत पेश किया। विपक्ष के जोरदार हंगामे और वॉकआउट के बीच सीएम सोरेन ने विश्वास मत जीत लिया।बता दें, झारखंड विधानसभा अध्यक्ष रवीन्द्र नाथ महतो ने विश्वास प्रस्ताव पर चर्चा के लिए एक घंटे का समय आवंटित किया था। 81 सदस्यीय विधानसभा में कुल 45 विधायकों ने विश्वास प्रस्ताव के पक्ष में मतदान किया। वहीं, निर्दलीय विधायक सरयू राय ने मतदान प्रक्रिया में हिस्सा नहीं



लिया। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और अखिल झारखंड छात्र संघ (आजसू) के विधायक वोटिंग के लिए गिनती शुरू होते ही सदन से बाहर चले गए। भाजपा के नेतृत्व वाले विपक्ष में भाजपा के 24 और आजसू पार्टी के तीन विधायक हैं। इससे पहले, भाजपा सदस्य विधानसभा अध्यक्ष रबींद्र नाथ महतो से विधायक भानु प्रताप साही को बोलने की अनुमति देने की मांग को लेकर आसन के समीप आ गए थे। हालांकि, महतो ने उनकी मांग अस्वीकार कर दी। विश्वास प्रस्ताव पर मतदान के दौरान 75 विधायक सदन में मौजूद थे। निर्दलीय सदस्य सरयू राय ने मतदान प्रक्रिया में हिस्सा नहीं लिया। झारखंड में सत्तारूढ़ गठबंधन में झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो), कांग्रेस और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) शामिल हैं, जबकि भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी-लेनिनवादी) लिबरेशन के एकमात्र विधायक उसे बाहर से समर्थन दे रहे हैं।

## राष्ट्रपति ने जगन्नाथ पुरी के समुद्र तट पर महसूस की गहन शांति



**पुरी**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने ओडिशा में भगवान जगन्नाथ जी की रथयात्रा में शामिल होने के बाद समुद्र तट पर पहुंचीं। उन्होंने कुछ देर वहां बिताए भी। उन्होंने जगन्नाथपुरी के समुद्र तट पर गहन शांति महसूस की। राष्ट्रपति भवन ने उनकी यात्रा के कुछ चित्र और उनके विचार एक्स हैंडल पर साझा किए हैं।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा है, " ऐसे स्थान हैं जो हमें जीवन के सार के करीब लाते हैं और हमें याद दिलाते हैं कि हम प्रकृति का हिस्सा हैं। पहाड़, जंगल, नदियां और समुद्र तट हमारे भीतर की किसी गहरी चीज को आकर्षित करते हैं। जैसे ही मैं आज समुद्र के किनारे चल रही थी, मुझे आसपास के वातावरण के साथ एक जुड़ाव महसूस हुआ- हल्की हवा, लहरों की गड़गड़ाहट और पानी का विशाल विस्तार। यह एक ध्यानपूर्ण अनुभव था।" उन्होंने कहा, " इससे मुझे गहन आंतरिक शांति मिली, जो मुझे तब भी महसूस हुई जब मैंने कल महाप्रभु श्री जगन्नाथजी के दर्शन किए। और ऐसा अनुभव पाने वाली मैं अकेली नहीं हूं। हम सभी इस तरह महसूस कर सकते हैं जब हमारा सामना किसी ऐसी चीज से होता है जो हमसे कहीं बड़ी है, जो हमें सहारा देती है और जो हमारे जीवन को सार्थक बनाती है।" राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने लिखा है, "दैनिक कामकाज की आपाधापी में हम प्रकृति के साथ इस संबंध को खो देते हैं। मानव जाति ने प्रकृति पर कब्जा कर लिया है और अपने अल्पकालिक लाभों के लिए इसका दोहन कर रही है। नतीजा सबके सामने है। इस गर्मी में भारत के कई हिस्सों को लू की भयानक श्रृंखला का सामना करना पड़ा। हाल के वर्षों में दुनिया भर में मौसम में बदलाव हुआ है। आने वाले दशकों में स्थिति और भी बदतर होने का अनुमान है।" राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा है, "पृथ्वी की सतह का सत्तर प्रतिशत से अधिक भाग महासागरों से बना है और ग्लोबल वार्मिंग के कारण वैश्विक समुद्र स्तर में वृद्धि हो रही है।

### क्या वे अपनी यात्रा में राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से इन मुद्दों पर चर्चा करेंगे?

## क्या पीएम रूसी सेना के लिए लड़ रहे भारतीयों की वापसी सुनिश्चित करेंगे: कांग्रेस

**नई दिल्ली**

**कांग्रेस** ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की रूस यात्रा को लेकर सवाल खड़े किए हैं। उनका सवाल है कि क्या वे युद्ध क्षेत्र में रूसी सेना के लिए लड़ रहे भारतीय नागरिकों के सुरक्षित वापसी सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने पूछा कि क्या वे अपनी यात्रा में राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से इन मुद्दों पर चर्चा करेंगे? प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रूस में आयोजित होने वाले 22वें भारत-रूस वार्षिक शिखर सम्मेलन में शामिल होने के लिए गए हैं। पीएम मोदी और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन व्यापार, ऊर्जा और रक्षा सहित विभिन्न क्षेत्रों में द्विपक्षीय संबंधों को और आगे



बढ़ाने के तरीकों पर विचार करेंगे। बता दें कि यह 2019 के बाद से रूस की उनकी पहली यात्रा है। वहीं फरवरी 2022 में यूक्रेन पर रूसी आक्रमण की शुरूआत के बाद से उनकी पहली यात्रा है। कांग्रेस महासचिव, प्रभारी संचार, जयराम रमेश ने एक्स पर एक पोस्ट में प्रधानमंत्री के लिए कई सवाल पूछे। इस पर कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने कहा, "भारत को दशकों से विभिन्न कांग्रेस सरकारों की कूटनीति और रणनीतिक पहलों के कारण पहले यूएसएसआर और बाद में रूस के साथ एक समृद्ध संबंध विरासत में मिला। प्रधानमंत्री के रूप में अपने 10 वर्षों के कार्यकाल में डॉ. मनमोहन सिंह ने व्लादिमीर पुतिन और दिमित्री मेदवेदेव से भारत या रूस में कुल 16 बार मुलाकात की। उन्होंने कहा कि तुलना करें तो यह पीएम मोदी की राष्ट्रपति पुतिन के साथ 10 साल के कार्यकाल के बाद केवल 11वीं मुलाकात है।

जयराम रमेश ने सवाल किया "उनके प्रचारक रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध को रोकने के बड़े-बड़े दावे करते हैं, क्या पीएम मोदी के शासन में दोनों देशों के बीच संबंध कुछ हद तक ठंडे हुए हैं?" उन्होंने कहा कि वित्त वर्ष 2014 से वित्त वर्ष 2023 के बीच रूस को भारत का निर्यात स्थिर रहा। यह निर्यात 3.17 बिलियन अमेरिकी डॉलर से गिरकर 3.14 बिलियन अमेरिकी डॉलर हो गया। हालांकि आयात बिल में तेजी से वृद्धि हुई। यह 6.34 बिलियन अमेरिकी डॉलर से बढ़कर 46.21 बिलियन अमेरिकी डॉलर हो गया। जयराम रमेश ने कहा कि इस तरह का असंतुलित व्यापार संबंध लंबे समय तक टिकाऊ नहीं है।

## भारत-थाईलैंड संयुक्त सैन्य अभ्यास मैत्री 2024 शुरू

**नई दिल्ली**

**भारतीय** सेना और रॉयल थाईलैंड सेना के बीच संयुक्त सैन्य अभ्यास मैत्री- 2024, थाईलैंड के ताक प्रांत में चल शुरू हो गया है। यह अभ्यास संयुक्त राष्ट्र चार्टर के तहत सैन्य सहयोग को बढ़ावा देने और दोनों देशों की परिचालन क्षमताओं को बढ़ाने में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगा। गुवाहाटी में रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता ने लेफ्टिनेंट कर्नल महेंद्र रावत ने बताया कि दोनों टुकड़ियों के सैनिक सक्रिय रूप से कठोर प्रशिक्षण सत्र में जुटे हुए हैं, जो जंगल और शहरी वातावरण में उग्रवाद और आतंकवाद विरोधी अभियानों पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं।

# बीपैक्स के जरिए ग्रामीणों को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराना शासन की प्राथमिकता : वीके सिंह

### मेजा के तेंदुआ कला में प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र का हुआ शुभारंभ ग्रामीणों को सस्ते दामों पर मिलेंगी दवाइयां

**अखंड भारत संदेश**



**मेजा।** बहुउद्देशीय प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समिति तेंदुआ कलां में स्वीकृत प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र का उद्घाटन समारोह आयोजित किया गया जिसके मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष प्रयागराज वी.के.सिंह व पूर्व लोकसभा प्रत्याशी अधिवक्ता नीरज त्रिपाठी ने फीता काटकर सेंटर का उद्घाटन किया। इस अवसर पर कार्यक्रम को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए वीके सिंह ने कहा कि बी-पैक्स को आत्मनिर्भर बनाकर संबंधित ग्रामीणों तक बेहतर सुविधा उपलब्ध कराया जाना शासन एवं प्रशासन की प्राथमिकता है। जबकि इसी क्रम में नीरज त्रिपाठी ने ग्रामीणों वंचितों की आवाज को मुखर करते हुए किसानों तक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ सूनिश्चत करने की बात कही। नवचारी फार्मर्स प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड एफपीओ के निदेशक एवं जनसुनवाई फाउंडेशन के प्रदेश प्रभारी अधिवक्ता कमलेश प्रसाद मिश्र ने अपने संबोधन में कहा कि ग्रामीणों को विकास की मुख्य धारा में जोड़ने के लिए शासन द्दढ़ संकल्प है, जिसमें स्वास्थ्य, शिक्षा, एवं भोजन पर सबका अधिकार सुनिश्चित करना शासन की प्राथमिकता में है। न्याय पंचायत स्तर पर सस्ती दवाओं की सुलभता सुनिश्चित करने के लिए भारत सरकार के प्रयास से आज बी-पैक्स तेंदुआ कलां के अन्तर्गत प्रधानमंत्री जन-औषधि केंद्र का उद्घाटन किया जा रहा है। उम्मीद है कि क्षेत्रीय जन साधारण को सस्ती दवाओं का लाभ प्राप्त होगा। इस दौरान बी-पैक्स अध्यक्ष राहुल तिवारी ने आए हुए अतिथियों का स्वागत सम्मान करते हुए अंगवस्त्रम भेंट कर आभार जाहिर किया। इस मौके पर आनंद कुमार पाण्डेय पूर्व विधायक मेजा, विनोद प्रजापति अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी प्रयागराज, विनोद कुमार सिंह उपायुक्त सहकारिता विभाग, प्रेम शंकर शुक्ल पूर्व प्रमुख मेजा सहित कई अन्य क्षेत्रीय लोग प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## शंकरगढ़ में आधार कार्ड में सुधार के नाम पर की जा रही अवैध वसूली

**शंकरगढ़।** नगर पंचायत सदर बाजार स्थित पोस्ट ऑफिस में आधार कार्ड बनाने के लिए लगाई गई थी मशीन के खराब होने से स्कूल में एडमिशन कराने वाले बच्चों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जिससे क्षेत्रवासियों में असंतोष व्याप्त है। क्षेत्र के सदर बाजार स्थित पोस्ट ऑफिस में विगत दो वर्षों से आधार कार्ड बनाने के लिए उच्च अधिकारियों द्वारा आधार कार्ड मशीन की व्यवस्था कराई गई थी। इसके बाद क्षेत्र में अवैध रूप से आधार कार्ड बनाने वालों का काम बंद हो गया था परंतु एक माह से पुनः आधार कार्ड बनाने के लिए डाकघर में रखी मशीन के खराब हो जाने के बाद क्षेत्र के कुछ सहज जनसेवा केंद्र व सीएससी केंद्र चलाने वाले लोगों द्वारा आधार में सुधार किए जाने व मोबाइल नंबर जोड़ने के नाम पर 150 रुपये से 200 रुपये की अवैध वसूली की जा रही है। जिससे लोगों में भारी आक्रोश व्याप्त है। व्यापार मंडल अध्यक्ष अरविंद केसरवानी ने डाकघर के उच्च अधिकारियों से एक माह से खराब पड़ी आधार कार्ड मशीन को अभिलंब ठीक करवाकर नागरिकों की समस्याओं को दूर किए जाने की मांग की।

# डिजिटल हाजिरी काली पट्टी बांध शिक्षकों ने जताया विरोध



**अखंड भारत संदेश**

**सहसों।** शिक्षकों की विभिन्न लंबित मांगों पर विचार न करने तमाम तरह की विपरीत परिस्थितियों के बावजूद जबरन डिजिटल हाजिरी थोपे जाने से नाराज शिक्षकों ने डिजिटल हाजिरी का न केवल बहिष्कार किया बल्कि अपनी बांहों पर काली पट्टी बांध कर सरकार के रवैए के प्रति अपना विरोध भी दर्ज कराया। आज भी सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में नेटवर्क की समस्या है। बीहड़ रास्तों से अध्यापकों को विद्यालय जाना पड़ रहा है। उनकी हाफ सीएल, ईएल, मेडिकल सुविधा, पदोन्नति की लंबित मांगों पर कोई सुनवाई नहीं हो रही है। सहसों में उत्तर प्रदेश जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ प्रयागराज के जिला अध्यक्ष विनोद कुमार पांडेय ने बाहों में काली पट्टी बांधकर विरोध जताते हुए बताया कि सरकार शिक्षकों की वाजिब मांगों के प्रति उदासीनता दिखा रही है। जबकि बेसिक विभाग के शिक्षक हर तरह के कार्यों में सरकार का साथ देते हैं। उन्होंने कहा जब तक हमारी बात नहीं सुनी जाएगी तब तक डिजिटल हाजिरी का शिक्षक कर्मचारी विरोध करते रहेंगे।

# दसवीं कक्षा में दाखिला लेने गए छात्र की टीचर ने बेरहमी से किया पिटाई

### छात्र अंकित विश्वकर्मा का मानसिक संतुलन बिगड़ा परिजनों ने इलाज हेतु अस्पताल में कराया भर्ती

**मेजा।** एक तरफ जहां प्रदेश की योगी सरकार शिक्षा को लेकर काफी गंभीर है वही देखा जाए तो आए दिन स्कूल में छात्र-छात्राओं के साथ पैसे के लेनदेन को लेकर विवाद एवं मारपीट जैसी घटनाएं भी सामने आ रही हैं। ऐसा एक प्रकरण राजकीय इंटर कालेज सुरवा दलापुर में प्रकाश में आया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार अंकित विश्वकर्मा नामक छात्र उक्त विद्यालय में 10 वीं कक्षा में दाखिला लेने हेतु गया था जहां प्रवेश शुल्क के अतिरिक्त अन्य शुल्क जो भी थी उसे भी जमा किया। प्रकरण के संबंध में छात्र की मां शिवकुमारी का आरोप है कि कालेज का टीचर उसके लड़के अंकित से एक हजार रुपया और जमा करने की मांग कर रहा था जिस पर अंकित ने पूछा कि एक हजार अतिरिक्त शुल्क क्यों ले रहे हैं टीचर अजय कुमार से अतिरिक्त शुल्क के बारे में पूछना अंकित को भारी पड़ गया और आक्रोशित टीचर दाखिला लेने गए छात्र को बुरी तरह से पिटाई कर दिया। बताया जाता है की टीचर अजय कुमार की पिटाई से छात्र का मानसिक संतुलन बिगड़ गया है और उसे स्थानीय अस्पताल में इलाज हेतु भारती कराया गया है। इस में सवाल उठता है कि आखिर कब तक इन विद्यालयों व उनके शिक्षकों का आतंक मासूम छात्र सहते रहेंगे। ऐसे शिक्षकों पर कार्यवाही कब की जाएगी। फिलहाल उक्त प्रकरण में पीड़ित छात्र की मां शिवकुमारी ने मांडा थाना मे सोमवार को लिखित शिकायत करते हुए कार्यवाही किए जाने की मांग किया है।

## शंकरगढ़ जेई के साथ अभद्रता करने वालो पर मुकदमा दर्ज

**शंकरगढ़।** विद्युत सब स्टेशन के जेई रवि प्रकाश को व्हाट्सएप ग्रुप में जाति सूचक शब्दों का प्रयोगकर अपमानित किए जाने से विद्युतकर्मियों में आक्रोश व्याप्त है। मामले की सूचना पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया। शंकरगढ़ विद्युत सब स्टेशन के जेई रवि प्रकाश ने पुलिस से शिकायत किया कि क्षेत्र के कुछ लोगों ने उन्हें व्हाट्सएप ग्रुप में जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए अपमानित किया गया। साथ ही उन्होंने बताया कि उन्हें कई बार फोन करके जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करके अपमानित किया जा चुका है और धमकी भी दे चुके हैं। आरोपियों द्वारा बार-बार प्रताड़ित किए जाने से विभागीय और पारिवारिक दायित्व का सुचारू रूप से निर्वहन न किए जाने की बात कही। इस घटना को लेकर विद्युत विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों में आक्रोश व्याप्त है। उन्होंने थाना प्रभारी को लिखित शिकायती पत्र देकर कार्यवाही की मांग की थी। जिस पर थाना प्रभारी ओमप्रकाश ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया।

# हिंदुओं को हिंसक कहने वाले राहुल गांधी भी उसी समाज का हिस्साः प्रमोद

### राहुल के द्वारा हिंदुओं को हिंसक कहे जाने पर विहिप ने फूंका पुतला

**अखंड भारत संदेश**



**बारा/शंकरगढ़।** लोकसभा सत्र के दौरान नेता प्रतिपक्ष व कांग्रेस के युवराज राहुल गांधी के द्वारा देवी-देवताओं के चित्र दिखाने और हिंदुओं को हिंसक कहे जाने पर विहिप ने आपत्ति जाहिर की है। सोमवार को विहिप ने प्रदर्शन करते हुए एसओ शंकरगढ़ को विभिन्न मांगों का एक ज्ञापन सौंपा। इसके पूर्व विहिप पदाधिकारियों व कार्यकताओं ने पुतला दहन भी किया। शंकरगढ़ प्रखंड के अध्यक्ष प्रमोद कुमार चतुर्वेदी ने कहा, सदनमें राहुल गांधी के द्वारा जिस तरह से हिंदुओं को टारगेट करते हुए अपमानजनक टिप्पणी की गई, वह निंदनीय है। प्रमोद कुमार चतुर्वेदी ने कहा, क्या राहुल गांधी स्वयं को हिंदू नहीं मानते हैं। यदि राहुल स्वयं को हिंदू नहीं मानते तो उन्हे अपने बारे में स्पष्ट करना चाहिए। सदन में देवी-देवताओं का चित्र दिखाते हुए हिंदुओं का हिंसक कहना पूरे देश का अपमान है। प्रमोद कुमार चतुर्वेदी ने कहा, राष्ट्रपति के अभिभाषण के पश्चात धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा करते हुए राहुल गांधी ने हिंदुओं को बदनाम करने, हिंसक, उग्रवादी जैसेशब्द बोले गए, इससे साफ हो जाता है कि देश की बहुसंख्यक आबादी के प्रति राहुल गांधी की सोच कितनी घटिया है। एसओ को प्रेषित ज्ञापन के माध्यम से सुसंगत धाराओं में केस दर्ज करने की मांग की गई है।



# चनेथू चौरा मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह में उमड़े श्रद्धालु

**जंघई।** पूर्व ब्लॉक प्रमुख प्रतापपुर बंशीधर पांडेय के निवासी पर प्रतिष्ठापित चौरा माई मंदिर का जीर्णोद्धार करके नवीनीकरण कराया गया है। रविवार को आचार्य नित्यानंद शुक्ला एवं धर्मेंद्र मिश्रा द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण से पूजन-अर्चन हवन करवाया गया। नव निर्मित चौरा माता मंदिर में हनुमान जी, दुर्गा मां, गणेश महाराज की मूर्ति अनावरण कार्यक्रम में रविवार को अन्नभिषेक, जलाभिषेक एवं दुग्धाभिषेक गांव भ्रमण के साथ भव्य शोभायात्रा पूरे गांव में डीजे गाजे बाजे के साथ निकाली गई। सोमवार को आचार्यों द्वारा विधि-विधान से पूजन अर्चन करवाया गया तत्पश्चात पूणार्हुति हवन एवं प्राण प्रतिष्ठा करवाया गया। इस अवसर पर यजमान कैलाश नाथ पांडेय, प्रमोद पांडेय, मुन्ना पांडेय प्रधान, आशाराम पांडेय पूर्व प्रधान, कृपाशंकर पांडेय, दरोगा पांडेय, जज्जे पांडेय, रायसाहब पांडेय, धनंजय पांडेय, अच्छेलाल पांडेय, प्रेम पांडेय, रमेश पांडेय, आनंद पांडेय, साहब पांडेय, विनित पांडेय, रिंकू पांडेय, अखिलेश पांडेय सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# स्कूल चलो अभियान में बच्चों में निकाली रैली




**सहसों।** उच्च प्राथमिक विद्यालय एवं प्राथमिक विद्यालय थानापुर में स्कूल चलो अभियान के तहत बच्चों द्वारा रैली निकाली गई। रैली में चल रहे शिक्षकों ने अभिभावकों को नामांकन तथा नियमित अपने बच्चों को विद्यालय भेजने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर बच्चों ने विभिन्न प्रकार के स्लोगन के साथ पढ़ेंगे पढ़ाएंगे उन्नत राष्ट्र बनाएंगे, पापा मम्मी मुझे पढ़ाओ चलकर स्कूल में नाम लिखाओ, पढ़ी-लिखी नारी घर की उजियारी आदि नारे लगाते हुए लोगों को शिक्षा के प्रति जागरूक किया। इस मौके पर इंचार्ज प्रधानाध्यापक गिरिजा देवी, सुधा सिंह अजीत प्रताप सिंह, अरूणा त्रिपाठी, प्रियंका पाण्डेय, अनीता, आरती, गायत्री, दीपिमा, सुनिश्चिता आदि रहीं। इसी प्रकार प्राथमिक विद्यालय सिंगरामऊ में स्कूल चलो अभियान के तहत रैली निकल गई। जो गांव में भ्रमण करते हुए अभिभावकों एवं ग्रामीणों को बच्चों का नामांकन कराने के साथ नियमित विद्यालय भेजने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर अवनी राजवंशी, साधना देवी, संतोष कुमार, शिवाकांत आदि रहे।

## अंतिम व्यक्ति तक पहुंचेंगी योजनाएं, फरियादी को न्याय दिलाना प्राथमिकता : जयजीत कौर



**बारा।** यमुनापार की बारा तहसील की नवागत एसडीएम जयजीत कौर ने सोमवार को अपना कार्यभार संभाल लिया। जयजीत कौर ने उपजिलाधिकारी दिग्विजय सिंह का स्थान ग्रहण किया है। सोमवार को पूर्वाह्न दस बजे एसडीएम कार्यालय पहुंची जयजीत कौर ने कार्यभार ग्रहण करने के पश्चात अपनी प्राथमिकताएं भी गिनाईं। उन्होंने शासन की मंशा के अनुरूप कार्य किया जाएगा। तहसील मुख्यालय पर आने वाले क्षेत्र के फ?यादियों को समय से न्याय दिलाना प्राथमिकता में शामिल है। नवागत उपजिलाधिकारी जयजीत कौर ने कहा, प्रदेश सरकार के द्वारा चलाई जाने वाली योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाया जाएगा। गौरतलब है कि जिला प्रशासन ने रविवार को जिले के दस अधिकारियों के कार्यक्षेत्र में फेरबदल किया था। इसमें एसडीएम बारा का पद भी शामिल है। एडीएम (सिटी) मदन कुमार ने बताया कि जिलाधिकारी केआदेश पर एसडीएम हंडिया प्रेम नारायण को अपर नगर मजिस्ट्रेट (द्वितीय) के पद पर तैनाती दी गई है। इसी क्रम में अपर नगर मजस्ट्रिटे (द्वितीय) रहे दशरथ कुमार को एसडीएम मेजा, एसडीएम बारा दिग्विजय सिंह को एसडीएम हंडिया और एसडीएम मेजा जयजीत कौर को एसडीएम बारा के पद पर भेजा गया है।

# अपने क्षेत्र में एक-एक सड़क बनवा सकेंगे शंकरगढ़ के सभासद

### बारा विधायक डा. वाचस्पति ने नगर पंचायत शंकरगढ़ में की बैठक



**बारा।** यमुनापार की बारा विधानसभा में स्थित नगरपंचायत शंकरगढ़ के सभासद अपने-अपने क्षेत्र में एक-एक सड़क बनवा सकेंगे। यह सड़क बारा विधायक डा. वाचस्पति की निधि से बनवाई जाएगी। क्षेत्रीय सभासदों के साथ हुई बैठक में बारा विधायक ने सभी सभासदों की समस्याएं सुनीं और उनके समाधान का आश्वासन दिया। चेयरमैन के प्रतिनिधि और सभी 12 वार्डों के सभासदों के साथ हुई बैठक में एमएलए डा. वाचस्पति नगर पंचायत की समस्याएं सुनीं और उनके त्वरित निदान का आश्वासन दिया। सड़क, बिजली, जलनिकासी पानी आदि की समस्याओं को स्थाई समाधान परबल देते हुए बारा विधायक ने सभी दर्जनभर वार्डों में विधायक निधि से एक-एक सड़क बनवाने की घोषणा की। सभासदों से कहा कि वह जल्द से जल्द कार्य योजना बनाकर प्रस्तुत करें, ताकि सड़कों के निर्माण की प्रक्रिया को आगे बढ़ाया जा सके। सभासदों ने शंकरगढ़ की सबसे बड़ी और ज्वलंत समस्या पेयजल संकट से अवगत कराया। इसके अलावा बरसात केदिनों में जलभराव की समस्या से निजात दिलाने की मांग की। वार्ड संख्या दस में हुई बैठक मे विधायक प्रतिनिधि श्यामू निषाद, मंडल अध्यक्ष, अखिलेश सिंह, रामजतन बंसल, मनोज त्रिपाठी, शिवसेवक, कमलेश कुमार, आरके सिंह, मनपूरन सिंह, दीपक केसरवानी, सतीश त्रिपाठी, अतुल यादव, प्रकाशचंद्र गुप्ता, पप्पू भारती आदि मौजूद रहे।

# श्री नर्मदेश्वर बाबुलनाथ मंदिर खखैचा की स्थापना, भजन संध्या का आयोजन



**जंघई।** श्री नर्मदेश्वर बाबुलनाथ मंदिर शिव शक्ति धाम नव निर्मित मंदिर की स्थापना गहरपुर, खखैचा में रविवार को वैदिक मंत्रोच्चारण द्वारा विधि-विधान से आचार्यों द्वारा कराई गई। दो दिवसीय कार्यक्रम में अखंड रामायण पाठ, शोभायात्रा, पूणार्हुति हवन एवं भंडारा महाप्रसाद, भजन संध्या कार्यक्रम आयोजित किया गया। भजन संध्या कार्यक्रम लोकगायक मुकेश त्रिपाठी राष्ट्रीय अध्यक्ष कलाकार सेवा संस्था ट्रस्ट के नेतृत्व में किया गया जिसमें अंतरराष्ट्रीय गायक तिवारी बंधु के सुजीत तिवारी, मंजीत तिवारी, लोकगायक दीपक सुहाना छोटका खेसारी लोगों ने उपस्थित लोगों को एक से बढ़कर एक भक्ति गीत, पचरा, कजरी सुनाकर श्रोताओं को भाव-विभोर कर दिया, गौरव, विकास, विशाल ने अपने वाद्य यंत्रों से लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर त्रिलोकी नाथ दुबे मुख्य यजमान, त्रिशूली नाथ दुबे, त्रिभुवन नाथ दुबे, प्रमोद दुबे, राहुल दुबे, प्रदीप दुबे, डॉ प्रवीण दुबे, आकाश दुबे, दीपक दुबे, चेतन दुबे, शिवशंकर दुबे, मनोज दुबे, संदीप दुबे, दिलीप दुबे विकास दुबे, प्रकाश दुबे एवं अतिथियों में देवेंद्र नाथ दुबे पूर्व प्रधान, सतीश पांडेय पूर्व प्रधान, विजयनाथ तिवारी, कुशलेश दुबे, विनोद दुबे, सोनू दुबे, राम सिंह, हौंसिला प्रसाद मिश्र, डॉ मातासेवक तिवारी, मिठाई लाल सरोज प्रधान खखैचा, मूलचंद्र मिश्र, ब्रह्म प्रसाद मिश्र, राजेंद्र प्रसाद दुबे, चंद्रशेखर दुबे, केवला प्रसाद मिश्र, कृष्णधर तिवारी, शिवप्रसाद तिवारी, फूलचंद्र उपाध्याय, लालचंद्र यादव पूर्व प्रधान, अंबुज तिवारी, शिवबाबू पांडेय, अशोक मिश्रा, आशुतोष त्रिपाठी, शक्ति सिंह, आशुतोष दुबे सहित तमाम लोग मौजूद रहे।




## सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने समर इंटर्नशिप कार्यक्रम की समाप्ति पर छात्र-छात्राओं को सर्टिफिकेट प्रदान करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामना दी

**प्रयागराज।** जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रयागराज संतोष राय जी के आदेशानुसार सोमवार को प्रयागराज के यूनाइटेड कॉलेज ऑफ लॉ के विभिन्न छात्र-छात्राओं के समर इंटर्नशिप कार्यक्रम की समाप्ति पर दिनेश कुमार गौतम सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के द्वारा समस्त छात्र-छात्राओं को सर्टिफिकेट प्रदान करते हुए उन्हें आगामी लोक अदालत दिनांक 13.7.2024 के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई तथा लोक अदालत के लाभ के बारे में अवगत कराते हुए आम जनमानस तक उसकी सूचना पहुंचाने हेतु बताया गया। प्रशस्ति पत्र वितरण के बाद सचिव जिला विधि सेवा प्राधिकरण द्वारा उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं प्रदान की गई। यह जानकारी दिनेश कुमार गौतम सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रयागराज द्वारा प्रदान की गई।

# एनजीबीयू में सात दिवसीय ओरिएण्टेशन कार्यक्रम का शुभारम्भ

### उद्घाटन सत्र में बतौर मुख्य अतिथि उ. प्र. राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सत्यकाम ने सम्बोधित किया




**प्रयागराज।** नेहरू ग्राम भारती मानित विश्वविद्यालय के शोधकेंद्र में आयोजित ओरिएण्टेशन कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र को सम्बोधित करते हुए उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन मुक्त विश्ववविद्यालय के कुलपति प्रो.. सत्यकाम ने कहा कि यह विश्वविद्यालय उच्च गुणवत्ता की कम शुल्क के साथ शिक्षा उपलब्ध करा रहा है। यह ओरिएण्टेशन का कार्यक्रम दूर-दराज के ग्रामीण इलाके में आयोजित हो रहा है, यह खुशी की बात है। ग्रामीणांचल के मेधावी छात्रों को यह विश्वविद्यालय उच्च शिक्षा का अवसर उपलब्ध करा रहा है। कार्यक्रम में अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में संस्थापक कुलाधिपति श्री जे. एन. मिश्र ने कहा कि देश व ग्रामीणांचल में प्राकृतिक संसाधनों की कमी नहीं है। जरूरत है इसके उत्कृष्ट उपयोग की, जिससे बेरोजगारी को कम किया जा सकता है। ओरिएण्टेशन का यह कार्यक्रम उच्च शिक्षा, शोध व अन्य सामाजिक समस्याओं में लाभकारी होगा। कुलपति प्रो. रोहित रमेश ने अपने सम्बोधन में कहा कि उच्च शिक्षा में तकनीक और समन्वय के साथ गुणवत्तापूर्ण शोध और शिक्षा पर यहाँ विशेष ध्यान दिया जाता है। ओरिएण्टेशन के कार्यक्रम से शिक्षक एवं शोधार्थी लाभान्वित होंगे। प्रति कुलपति डॉ. एस.सी. तिवारी ने स्वागत सम्बोधन दिया। प्रो. भावेश दुबे ने विश्वविद्यालय का परिचय प्रस्तुत किया। श्री एस. एस. मिश्रा ने सात दिवसीय ओरिएण्टेशन कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। कार्यक्रम के संयोजक डॉ. संतेश्वर कुमार मिश्र रहे। संचालन डॉ. हिमांशु शेखर सिंह ने तथा धन्यवादज्ञापन डॉ. हिमांशु टण्डन ने किया। इस अवसर पर डॉ. विनोद पाण्डेय, डॉ. रमेश चंद्र मिश्रा, डॉ. आलोक त्रिपाठी, डॉ. आशीष शिवम, डॉ. राजेश त्रिपाठी, डॉ. ममता मिश्रा, डॉ. अमृता सिंह, डॉ. राघवेंद्र मालवीय, डॉ. सव्यसाची, डॉ. भूपनारायण के साथ बड़ी संख्या में शिक्षकगण एवं शोध छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे।





# अपना दल के नेता इंद्रजीत का शव गांव पहुंचा

## ● घर के सामने शव रख आक्रोश जताया, 9 थानों की फोर्स और पीएसी तैनात

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** प्रयागराज में अपना दल के नेता इंद्रजीत पटेल उर्फ मोनू पटेल का शव सोमवार को गांव पहुंचा। गंगापार के सोरांव थाना क्षेत्र के अबदालपुर अचकवा गांव में दोपहर में जैसे ही शव पहुंचा चीखें गूंजने लगीं।परिवार, रिश्तेदारों के अलावा गांव के लोगो की भीड़ पहले से जमा थी।अपना दल एस पार्टी के तमाम नेता भी पहुंच गए। गांव में आक्रोश और तनाव को देखते हुए पुलिस ने पहले ही सुरक्षा के इंतजाम किए हुए थे। 9 थानों फोर्स के साथ ही पीएसी की तैनाती है। शव पहुंचने के बाद कुछ देर के लिए परिवार वालों का आक्रोश फूट पड़ा। घर के सामने शव रख परिवार के लोग अन्य लोगो की गिरफ्तारी की मांग करने लगे। इस मामले में मुख्य आरोपी हत्या करने के बाद गांव में पिस्टल लहराने वाले सर्वेश पटेल को तो पुलिस ने घटनास्थल से ही गिरफ्तार कर लिया था। लेकिन, एफआईआर में परिवार वालों ने चार और का नाम लिखाया है। अब परिवार के लोगों का कहना है कि पूरे मामले की साजिश में शामिल आरोपियों को भी तुरंत गिरफ्तार किया जाए। हालांकि पुलिस अधिकारी वहीं मौजूद हैं और परिवार वालों को हर स्तर की कार्रवाई का आश्वासन दे रहे हैं।

### इंद्रजीत पटेल के सिर में मारी थी गोली




प्रयागराज के यमुनापार इलाके में रविवार की सुबह अपना दल एस के नेता इंद्रजीत पटेल उर्फ मोनू पटेल की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। घर से निकलते ही गांव के ही रहने वाले पड़ोसी सर्वेश पटेल ने सिर में गोली मार दी थी। घटना सोरांव के अबदालपुर अचकवा गांव में हुई थी। हत्या के बाद आरोपी सर्वेश पिस्टल लहारते वहीं मौजूद रहा। पुलिस और एसटीएफ ने बड़ी मुश्किल से उसे गिरफ्तार किया। वह खुद को भी गोली मारने की धमकी दे रहा था। सर्वेश इन दिनों शांतिपुरम में किराए का मकान लेकर रहने लगा था। वह फाफामऊ में एटीएम में सिक्योरिटी गार्ड बन गया था। रात में वह वहीं पर सब्जी की दुकान भी लगाता था। उसके पिता राम सुमेर की खेती किसानी है। सब्जी का भी कारोबार है। तीन भाइयों में सर्वेश सबसे बड़ा है। दूसरे भाइयों में सतेंद्र और सवेंद्र हैं। दोनों सब्जी का कारोबार करते हैं।

### पीएम हाउस से शव गांव पहुंचा तो कोहराम मच गया

रविवार को पुलिस ने इंद्रजीत के शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया था। सोमवार को पीएम हाउस में अंतिम संस्कार के समय पुलिस फोर्स मौजूद रही। लगभग 2 बजे पुलिस की निगरानी में शव गांव पहुंचा तो एक बार फिर परिजनों की चीख पुकार गांव के सन्नाटे को चीरने लगी। मौके पर मौजूद हर इंसान की आंखों में आंसू आ गए। दिल्ली से आये देवतादीन ने इकलौते बेटे का शव देखा तो गश खाकर गिर पड़े। पूरे गांव में रोना पीटना मचा रहा।

### गम और गुस्से के बीच हुआ अंतिम संस्कार

पीएम हाउस से शव गांव पहुंचा तो शव देख परिजनों के साथ ही ग्रामीण आक्रोशित हो उठे। उन्होंने अपनी मांगों को दोहराते हुए पूरा न होने तक अंतिम संस्कार से इनकार कर दिया। इंद्रजीत के अंतिम संस्कार के लिए उच्चाधिकारियों ने खफी मिन्नतें की लेकिन परिजन नही मान रहे थे। करीब 3 घण्टे बाद मौके पर पहुंचे पूर्व विधायक जमुना प्रसाद सरोज ने परिजनों को आश्वासन दिया तब वह अंतिम संस्कार के लिए तैयार हुए इस दौरान ग्रामीणों में इंद्रजीत को खोने का गम और आरोपियों के खिलाफ गुस्सा साफ दिखाई पड़ रहा था।

### 2 कम्पनी पीएसी व 11 थानों की पुलिस रही मौजूद

पुलिस को खुफिया सूत्रों से जानकारी मिली थी कि इंद्रजीत का शव गांव पहुंचते हो ग्रामीण उसे लेकर हाइवे जाम कर सकते हैं, जिसके चलते पुलिस ने 2 कम्पनी पीएसी के साथ हो गंगापार के सभी थानों की पुलिस को गांव में तैनात कर दिया था। पुलिस ने गांव को छावनी में तब्दील कर दिया था।

# बुलडोजर चलाने के लिए घरों पर लगाए गए लाल निशान, महिला ने दी जान देने की धमकी



**प्रयागराज।** महाकुंभ के तहत सड़क चौड़ीकरण के लिए घरों पर बुलडोजर चलाने की सहायक अभियंता की चेतावनी के बाद लोगों की नींद उड़ गई है। दरअसल आठ फीट का खडंजा मार्ग को 13 फीट करने के बाद अब कुंभ के तहत 23 फीट चौड़ा होना है। इसकी जद में 50 से अधिक मकानों, दुकानों के आने की वजह से लोग मेलाधिकारी से लेकर मुख्य अभियंता तक दौड़ लगा रहे हैं। चौड़ीकरण के लिए घरों पर बुलडोजर चलाने की ताकीद के बाद एक महिला ने जान देने की धमकी तक दे डाली है। परियोजना के विरोध में पीडब्ल्यूडी के मुख्य अभियंता और अधीक्षण अभियंता के कार्यालयों पर निवासियों ने प्रदर्शन भी किया है।शहर से लेकर गांवों तक इन दिनों महाकुंभ की विकास परियोजनाओं पर काम तेज हो गया है। इस क्रम में थरवई बाजार से सोरांव जाने वाले मार्ग पर चकठाकुर राम गांव में में आठ फीट के खड़ंजा को 23 फीट चौड़ा करने का पीडब्ल्यूडी के कुंभ मेला डिवीजन ने प्रस्ताव स्वीकृत करा लिया है। इसके लिए अलाइनमेंट भी हो चुका है।

### अधीक्षण अभियंता का लोगों ने किया घेराव

घरों पर एक्सईएन, एई और कुंभ मेला के नायाब तहसीलदार की मौजूदगी में लाल निशान लगाए जाने लगे तब लोगों के होश उड़ गए। एसई देवेंद्र के घेराव करने पहुंचे गांव के लोगों ने अफसरों को बताया कि मेला डिवीजन के एई चंद्रकांत द्विवेदी ने चौड़ीकरण के लिए राजी न होने पर प्रभावित परिवारों को चेताया है कि वह बुल्डोजर चलवाकर चिह्नित घरों को गिरवा देंगे। इसके बाद से कई परिवार सदमे में हैं। एक घर की स्वामिनी सुनीत दुबे ने तो घर गिराने की चेतावनी के बाद जान देने की धमकी तक दे डाली है। एई दफ्तर पर आए एसके पांडेय का कहना था कि अब 10 मीटर तक सड़क चौड़ी कराई जानी है। इससे कई मकान और दुकानों को गिराना पड़ेगा। अशोक दुबे, राजेंद्र शुक्ला, आरके पाठक, विजय नारायण मिश्र ने मुख्य अभियंता एके द्विवेदी के कार्यालय में भी पहुंच कर गुहार लगाई और घरों को गिरने से रोकने का आग्रह किया।

उनका कहना था कि गांव की आंतरिक गली को इतनी चौड़ी करने की कोई जरूरत भी नहीं है। वहां यातायात का उतना दबाव नहीं है। ऐसे में इस प्रस्ताव को निरस्त किया जाना चाहिए। निवासियों की ओर से ज्ञापन दिया गया है। यह चौड़ीकरण उनके फायदे के लिए है। गांव के लोग अगर राजी नहीं होंगे तो शासन स्तर पर वार्ता कर रास्ता निकाला जाएगा।

**- देवेंद्र सिंह, अधीक्षण अभियंता**

# कई एसडीएम के कार्यक्षेत्र बदले, दिग्विजय सिंह बने एसडीएम हंडिया

**प्रयागराज।** जिले में कई एसडीएम के कार्य क्षेत्र बदल दिए गए हैं। डीएम के आदेश पर एडीएम सिटी मदन कुमार ने तैनाती संबंधी निर्देश जारी कर दिए हैं। एसडीएम हंडिया प्रेम नारायण को एसीएम द्वितीय, एसडीएम (न्यायिक) एवं एसीएम द्वितीय दशरथ कुमार को एसडीएम मेजा, एसडीएम बारा दिग्विजय सिंह को एसडीएम हंडिया के पद पर भेजा गया है।एसडीएम मेजा जयजीत कौर को एसडीएम बारा और एसडीएम कोरांव अविनाश सिंह यादव को एसीएम प्रथम के पदीय दायित्वों के साथ एसडीएम (न्यायिक) सोरांव की जिम्मेदारी सौंपी गई है।एसीएम प्रथम/एसडीएम (न्यायिक) बारा आकांक्षा सिंह को एसडीएम कोरांव, डिप्टी कलेक्टर मुख्यालय जूही प्रसाद को एसडीएम (न्यायिक) करछना, डिप्टी कलेक्टर मुख्यालय प्रेरणा गौतम को एसडीएम (न्यायिक) बारा और एससीएम चतुर्थ/एसडीएम (न्यायिक) सोरांव नीलम उपाध्याय को एसीएम चतुर्थ/एसडीएम (न्यायिक) हंडिया के पद पर स्थानांतरित किया गया है। एसडीएम करछना और एसडीएम (न्यायिक) करछना का अतिरिक्त प्रभार संभाल रहीं जागृति अवस्थी से एसडीएम (न्यायिक) करछना का अतिरिक्त प्रभार हटा लिया गया है। वह पूर्व की भांति एसडीएम करछना के दायित्वों का निर्वहन करेंगी।

# सीडीओ की अध्यक्षता में जिला स्तरीय टास्क फोर्स, मध्यान्ह भोजन योजना, निपुण भारत मिशन, जिला शिक्षा एवं अनुश्रवण समिति की समीक्षा बैठक सम्पन्न

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** मुख्य विकास अधिकारी गौरव कुमार की अध्यक्षता में सोमवार को विकास भवन के सभागार में जिला स्तरीय टास्क फोर्स, मध्यान्ह भोजन योजना, निपुण भारत मिशन, जिला शिक्षा एवं अनुश्रवण समिति की समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। बैठक में आपरेशन कायाकल्प, निर्माण कार्य, निपुण भारत मिशन, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय निर्माण के प्रगति एवं टास्क फोर्स, यू-डायस, डिजिटल उपस्थिति, मध्यान्ह भोजन, डीबीटी, नवीन नामांकन व समेकित शिक्षा आदि एजेंडा बिंदुओं पर विस्तार से समीक्षा की गयी। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने आपरेशन कायाकल्प की समीक्षा करते हुए कहा कि जिन विकास खण्डों में आपरेशन कायाकल्प की प्रगति 93 प्रतिशत से कम है, वे सम्बंधित खण्ड शिक्षा अधिकारी उन विद्यालयों का निरीक्षण कर कार्य में तेजी लाये व जल्द से जल्द कार्य को पूर्ण कराये। उन्होंने उपस्थित खण्ड शिक्षा अधिकारियों को ऑपरेशन कायाकल्प के तहत कराये जा रहे कार्यों की थर्ड पार्टी से जांच कराते हुए संतृप्त, निमार्णाधीन, अपूर्ण व पूर्ण की प्रविष्टियां अद्यतन रखे जाने के निर्देश दिए है। उन्होंने कम्पोजिट ग्रांट को विद्यालय के लिए निर्धारित मद में ही व्यय किए जाने के लिए कहा है। उन्होंने सभी खण्ड शिक्षा अधिकारियों को विद्यालयों के भौतिक निरीक्षण के समय कार्यों की मास्टर कॉपी/गूगल शीट अवश्य रखने व वहां पर कराये गये कार्यों की मास्टर कॉपी/गूगल शीट से मिलान करने एवं यदि उसमें कोई अंतर पाया जाय, तो उस प्रवृष्टि को सही ढंग से फीड कराते हुए अद्यतन रखे जाने के लिए निर्देशित किया है। उन्होंने सभी खण्ड शिक्षा अधिकारियों को ऑपरेशन कायाकल्प के शेष कार्यों को 15 दिनों के अंदर पूर्ण कराते हुए कार्यपूर्णता प्रमाणपत्र उपलब्ध कराये जाने के लिए निर्देशित किया है। मुख्य विकास अधिकारी ने सभी विद्यालयों में उनके द्वारा उपलब्ध करायी गयी पीपीटी से कक्षावार बाला पेंटिंग कराये जाने के लिए निर्देशित किया है। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने सभी खण्ड शिक्षा अधिकारियों को बेसिक शिक्षा विभाग से सम्बंधित कार्यालयों, विद्यालयों का भौतिक निरीक्षण करते हुए परिसर में यदि कोई जर्जर भवन है, तो उसकी सूचना एकत्रित कर एक सप्ताह में उपलब्ध कराये जाने के लिए कहा है। उन्होंने पीएम श्री के तहत ब्लाकवार एसीआर व शौचालयों के निर्माण की प्रगति के बारे में जानकारी लेते हुए अपूर्ण कार्यों को एक सप्ताह में पूर्ण कराये जाने के लिए निर्देशित किया है। उन्होंने निपुण भारत की ब्लाकवार प्रगति की समीक्षा करते हुए कम प्रतिशत वाले ब्लाकों के सम्बंधित खण्ड शिक्षा अधिकारियों को कार्य में प्रगति लाने के निर्देश दिए है।मुख्य विकास अधिकारी ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को प्राथमिक विद्यालयों के अध्यापकों की विद्यालय में उपस्थिति प्रेरणा एप्प पर डिजिटल माध्यम से किया जाना सुनिश्चित कराये जाने के लिए कहा है। उन्होंने कहा कि इसका कड़ाई से अनुपालन कराया जाये। उन्होंने जिन विद्यालयों में छात्रों की उपस्थिति कम है, उन विद्यालयों को चिन्हित करते हुए छात्रों की उपस्थिति बढ़ाये जाने हेतु कहा है। उन्होंने डीबीटी हेतु जिन ब्लाकों में बच्चों के डेटा वेरीफिकेशन का कार्य अपूर्ण है, उन ब्लाकों के खण्ड शिक्षा अधिकारियों को 15 दिनों के अंदर बच्चों के आधार नम्बर, एकाउंट नम्बर, आईएफएससी कोड आदि का डेटा वेरीफाइ कराने के लिए निर्देशित किया है। उन्होंने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी से विद्यालयों में नवीन नामांकन की जानकारी लेते हुए सभी सम्बंधित अधिकारियों को स्कूल चलो अभियान के तहत ज्यादा से ज्यादा बच्चों का नवीन नामांकन कराये जाने के लिए कहा है। इस अवसर पर सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

**अध्यापकों की विद्यालय में उपस्थिति प्रेरणा एप्प पर डिजिटल माध्यम से किया जाना करें सुनिश्चित, स्कूल चलो अभियान के तहत ज्यादा से ज्यादा करायें जाये नवीन नामांकन, सभी विद्यालयों में उनके द्वारा उपलब्ध करायी गयी पीपीटी से कक्षावार बाला पेंटिंग कराये जाने के दिए निर्देश**

# नगर निगम प्रयागराज के सभी जोनों में कक्ष समिति गठित

**अखंड भारत संदेश**



**प्रयागराज।** नगर निगम प्रयागराज के महापौर द्वारा लिये गये निर्णय के अनुपालन में नगर निगम प्रशासन द्वारा अविलम्ब कार्यवाही करते हुए नगर निगम के सभी आठों जोन में दिनांक 08.07.2024 को वार्ड समितियों का गठन करते हुए उनके अध्यक्षों का निर्वाचन सम्पन्न कराया गया। सभी जोनों में अपराहन 01:00 बजे से 02:00 के मध्य सभी पार्षदगणों की उपस्थिति में कक्ष समिति अध्यक्ष का निर्वाचन सभी जोनल अधिकारियों द्वारा कुशलतापूर्वक कराते हुए समपन्न कराया गया। इस निर्वाचन के परिणाम में नगर निगम की गरिमा का उत्कृष्टतम लोकतांत्रिक स्वरूप देखने को मिला। जिसमें कक्ष समिति-2 मुटठीगंज, कक्ष समिति-4 अल्लापुर, कक्ष समिति-5 नैनी, कक्ष समिति-6 ट्रान्सपोर्टनगर एवं कक्ष समिति-8 झूसी के कक्ष समितियों के अध्यक्ष निर्विरोध निर्वाचित हुए तथा कक्ष समिति-1 खुल्दाबाद, कक्ष समिति-3 कटरा एवं कक्ष समिति-7 फाफामऊ में निर्वाचन द्वारा कक्ष समितियों के अध्यक्ष चुने गये। जोन द्वारा चुने गये कक्ष समिति के अध्यक्ष के रूप में पार्षद दिग्विजय कुशवाहा कक्ष समिति जोन 1 खुल्दाबाद, पार्षद नीरज टण्डन कक्ष समिति जोन 2 मुटठीगंज, पार्षद विजय विश्वास रावत कक्ष समिति जोन 3 कटरा, पार्षद श्रीमती अनूपमा पाण्डेय कक्ष समिति जोन 4 अल्लापुर, पार्षद रणविजय सिंह कक्ष समिति जोन 5 नैनी, मा0पार्षद श्रीमती प्रीती गुप्ता कक्ष समिति जोन 6 ट्रान्सपोर्टनगर, पार्षद श्री सूबेदार कक्ष समिति जोन 7 फाफामऊ तथा पार्षद सियाराम कक्ष समिति जोन 8 झूसी के लिए निर्वाचित घोषित किये गये। सूचना जनसर्म्पक अधिकारी/मुख्य कर निर्धारण अधिकारी पीके द्विवेदी द्वारा चुनाव सम्पन्न होने के उपरान्त नगर निगम प्रशासन को अवगत कराते हुए सूचना समाचार पत्रों प्रसारित की गयी।

# नैनी कस्बा पुलिस चौकी सब्जी मंडी के पास स्थापित की जाएगी

**सब्जी मंडी के पास बने पुराने सुलभ शौचालय को तोड़कर बनेगी पुलिस चौकी, पुरानी चौकी काफी पहले से खाली हो चुकी है अब धीरे-धीरे टूट रही है**





**नैनी।** नैनी स्टेशन रोड पर सड़क चौड़ीकरण के कारण रेलवे स्टेशन के सामने स्थित सबसे पुरानी बाजार पुलिस चौकी नैनी कस्बा यहां से हट जाएगी। अब इसे मिजार्पुर रोड पर सब्जी मंडी के पास स्थापित किया जाएगा। इसके साथ ही टूट रही पुलिस चौकी के स्थान पर मुख्य बाजार होने के कारण छोटी जगह में निर्माण कराया जाएगा। ताकि मुख्य बाजार में 24 घंटे पुलिस की मौजूदगी रहे। महाकुम्भ मेले के लिए लेप्रोसी से मेवालाल बगिया तक प्रस्तावित सड़क चौड़ीकरण में नैनी कस्बा पुलिस चौकी भी आ रही है। नैनी क्षेत्र की सबसे पुरानी चौकी का वजूद इस सड़क चौड़ीकरण में पूरी तरह मिट जाएगा। दो मंजिला बनी पुलिस चौकी में छह कमरे हैं। इसमें सिपाही और दरोगा को कमरा भी अलॉट किया गया है। सोमवार को प्रयागराज विकास प्राधिकरण के जोनल अधिकारी आलोक गुप्ता व डीसीपी यमुनानगर श्रद्धा नरेंद्र पांडेय, एसीपी करछना संजय सिंह, इंस्पेक्टर नैनी यशपाल सिंह ने नैनी पुलिस चौकी पहुंचकर वहां निरीक्षण किया अधिकारियों ने नैनी सब्जी मंडी के पास बने पुराने सुलभ शौचालय को तोड़कर वहां पीडीए द्वारा नैनी कस्बा पुलिस चौकी बनाकर देने की बात कही।

## न्यूज झरोखा

### राष्ट्रीय कोर कमेटी के सहसहमती से राष्ट्रीय प्रवक्ता बने डॉ आसिफुर रहमान

**पत्रकार विकास परिषद के राष्ट्रीय सचिव प्रदेश प्रभारी द्वारा किया सम्मानित**



**प्रयागराज।** पत्रकार विकास परिषद भारत के प्रदेश कार्यालय में पत्रकार विकास परिषद के राष्ट्रीय सचिव/प्रदेश प्रभारी डीके मिश्र द्वारा पत्रकार विकास परिषद भारत राष्ट्रीय कोर कमेटी को विस्तार दिया गया जहां राष्ट्रीय प्रवक्ता का कार्यभार आसिफुर रहमान को सौंपा गया और प्रशस्ति पत्र, डायरी.पेन देकर सम्मानित किया गया। वही राष्ट्रीय सचिव व प्रदेश प्रभारी डी के मिश्र का आभार व्यक्त करते हुए कहा की संगठन के दिशा निदेर्शों के अनुरूप कार्य करेंगे और संगठन द्वारा जो जिम्मेदारी दी गई है पूरी निष्ठा ईमानदारी के साथ संघर्ष करते हुए पत्रकार विकास परिषद भारत परिवार को मजबूती के साथ आगे बढ़ाने का कार्य किया जायेगा।

### नैनी नगर निगम जोन 5 में कक्ष समिति के अध्यक्ष के चुनाव में पार्षद रणविजय सिंह डब्बू को निर्विरोध चुना गया



**नैनी।** नैनी नगर निगम जोन 5 में कक्ष समिति के अध्यक्ष का चुनाव संपन्न हुआ। जिसमे भाजपा से घोषित प्रत्याशी पार्षद रणविजय सिंह डब्बू को निर्विरोध चुन लिया गया। चुनाव के निर्वाचन अधिकारी जोनल अधिकारी अखिलेश त्रिपाठी निर्विरोध भाजपा प्रत्याशी को विजय घोषित किया। इस चुनाव का नेतृत्व एडवोकेट मयंक यादव नि.कार्यसमिति सदस्य नगर निगम पार्षद चकभटाई ने किया। सभी निर्दलीय पार्षदों एवं अन्य पार्टियों के पार्षदों से परस्पर सामंजस्य बैठाकर सभी का समर्थन लेते हुए भाजपा प्रत्याशी को निर्विरोध विजय घोषित किया गया। सभी पार्षदों का आभार धन्यवाद दिया गया। समर्थन देने में सभी 15 पार्षदों ने समर्थन दिया। सरिता प्रदीप महरा, राकेश जायसवाल, मयंक यादव, पूजा पवन यादव, दिलीप जायसवाल, अनुराधा मंचू सिंह, रूबी देवी, बालराज पटेल, अनूप कुमार, संजय, माया देवी, वरिष्ठ भाजपा नेता संजय श्रीवास्तव, प्रदीप तिवारी , नरसिंग आदि लोग उपस्थित रहे।

### गृहकर डिजिटल पेमेन्ट का शुरू हुआ महाभियान

**प्रयागराज।** नगर निगम प्रयागराज द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए समस्त भवनों के बिल को मई माह में ऑनलाइन जारी कर दिया गया था जिसके क्रम में राजस्व वसूली हेतु सभी नगर वासियों से निरन्तर डिजिटल पेमेन्ट की अपील की जा रही है। जो भुगतान के दृष्टि से अत्यन्त पार्दशी एवं सरल प्रक्रिया है इसी क्रम में मुख्य कर निर्धारण अधिकारी पी0के0द्विवेदी द्वारा निर्णय लिया गया कि भवन स्वामियों को परशू करते हुए डिजिटल पेमेन्ट का महा अभियान चलाया जाए। उपरोक्त कार्यवाही में दिनांक 09.07.2024 को जोन 3 कटरा में कम्पनी बाग गेट नं0 1 से पत्रिका चौराहा तक प्रातः 07:00 बजे डिजिटल पेमेन्ट महा अभियान प्रभात फेरी का आयोजन किया जा रहा है जिसमें मुख्य कर निर्धारण अधिकारी, जोनल कर अधीक्षक, राजस्व निरीक्षक, जलकल विभाग की टीम, आउटसोर्सिंग कर्मचारी एवं ई0आई0सी0 टीम के सदस्यों द्वारा प्रतिभाग किया जाएगा। उक्त टीम द्वारा प्रभात फेरी में सभी भवन स्वामी एवं नागरिको से अपने गृहकर का भुगतान डिजिटल माध्यम से करने हेतु अवगत कराया जाएगा जिससे निगम करों के भुगतान होने की प्रक्रिया को पार्दर्शी वास्तविक एवं रिकाडेबल आसान बनाया जा सके।

# निठारी कांड में इलाहाबाद हाईकोर्ट के फैसले का होगा परीक्षण

**सीबीआई के एसजी बोले- सुरेंद्र कोली लड़कियों को मारकर खाता था, सुप्रीम कोर्ट ने नोटिस किया जारी**

**प्रयागराज।** नोएडा का चर्चित निठारी हत्याकांड का मामला अब सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया है। सुरेंद्र कोली को बरी किए जाने के इलाहाबाद हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ सीबीआई ने याचिका दाखिल की थी। सीबीआई की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने सुरेंद्र कोली को नोटिस जारी किया है। उससे जवाब मांगा गया है।याचिका यूपी सरकार और सीबीआई की ओर से दी गई थी। एसजी तुषार मेहता ने सुप्रीम कोर्ट में कहा- सुरेंद्र कोली एक सीरियल किलर है। ट्रायल कोर्ट ने मौत की सजा सुनाई गई थी, लेकिन इलाहाबाद हाईकोर्ट से इसे राहत मिल गई।निठारी हत्याकांड का आरोपी सुरेंद्र कोली फिलहाल इलाहाबाद हाईकोर्ट से बरी हो गया है। वह उत्तराखंड का रहने वाला है। वह मोनिंदर सिंह पंढेर के घर पर काम करता था। 2004 में जब पंढेर का परिवार पंजाब चला गया था, तो पंढेर और कोली ही घर में रहते थे। फिर इसी बंगले में कांड को अंजाम दिया गया। की गई हत्याओं और दुष्कर्म के लिए फांसी की सजा सुनाई गई थी। यूपी सरकार और सीबीआई की ओर से शीर्ष अदालत में पेश हुए एसजी तुषार मेहता ने कहा-वह एक सीरियल किलर है। छोटी लड़कियों को बहला-फुसलाकर ले जाता था। उनकी हत्या करता था। उन्हें पकाता था। ट्रायल कोर्ट ने मौत की सजा सुनाई थी। हाईकोर्ट ने इसे पलट दिया, यह वाकई भयानक है। अब मामले की अगली सुनवाई कब होगी, इसकी तारीख सामने नहीं आई है। माना जा रहा है कि अब सुरेंद्र कोली की मुसीबत बढ़ जाएगी।

**कोर्ट ने कुल 14 केस में किया था बरी :** नोएडा के निठारी कांड में सुरेंद्र कोली और मोनिंदर सिंह पंधेर की अपील इलाहाबाद हाईकोर्ट ने मंजूर कर ली थी। गाजियाबाद की सीबीआई कोर्ट ने उन्हें पहले फांसी की सजा सुनाई थी। इस पर हाईकोर्ट ने रोक लगा दी थी। निठारी मामले में टोटल 14 केस में हाईकोर्ट ने दोषियों को बरी कर दिया था। इसमें कोली को 12 और पंधेर को 2 मामलों में राहत मिल गई थी।हालांकि, कोली को सुप्रीम कोर्ट ने एक केस में फांसी की सजा सुनाई है। जो फिलहाल बरकरार रही। ये फैसला जस्टिस अश्वनी कुमार मिश्र और जस्टिस एसएचए रिजवी की बेंच ने सुनाया। लंबी चली बहस के बाद अपीलों पर फैसला सितंबर में सुरक्षित कर लिया गया था।

**निठारी की डी-5 कोठी : जो लड़की यहां गई, वापस नहीं आई**

नोएडा के सेक्टर-31 में निठारी गांव है। यहां डी-5 कोठी में मोनिंदर सिंह पंधेर रहता था। मोनिंदर सिंह मूल रूप से पंजाब का रहने वाला था। साल-2000 में उसने ये कोठी खरीदी थी। 2003 तक फैमिली भी साथ रही, इसके बाद मोनिंदर को छोड़कर बाकी लोग पंजाब शिफ्ट हो गए। मोनिंदर घर में अकेला रहता था। इसी दौरान उसने अल्मोड़ा (उत्तराखंड) के सुरेंद्र कोली बतौर नौकर घर में रख लिया। मोनिंदर सिंह अक्सर इस कोठी पर कॉलगर्ल बुलाता था। एक बार सुरेंद्र कोली ने वहां आई एक कॉलगर्ल से शारीरिक संबंध बनाने की इच्छा जताई तो कॉलगर्ल ने ऐसा कुछ कह दिया जो सुरेंद्र को बुरा लगा। सुरेंद्र ने गला दबाकर उसकी हत्या कर दी और लाश को बराबर के नाले में ठिकाने लगा दिया।ऊ5 कोठी में ये पहला मर्डर था। इसके बाद तो जो लड़की इस कोठी में आई, वो जिंदा वापस नहीं गई। धीरे-धीरे इस इलाके से कई बच्चियां लापता होनी शुरू हो गईं। प्रत्यक्षदर्शियों ने उन्हें आखिरी बार इसी कोठी के बाहर देखा था, लेकिन ठोस सबूत न होने से पुलिस मोनिंदर-सुरेंद्र पर हाथ नहीं डाल पाई।

# समस्याओं से निजात हेतु ब्लॉक स्तरीय कार्यसमिति के गठन का निर्णय



**नैनी।** नैनी अवन्तिका विकास समिति नैनी के तत्वावधान में पूर्व निश्चित कार्यक्रमा नुसार सी ब्लॉक के सम्मानित नागरिकों की बैठक रविवार को कालोनी स्थित अभिनन्दन भवन में रणबीर प्रताप सिंह उर्फ नन्हे के संयोजकत्व में सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता अनिल द्विवेदी एवं संचालन बद्री प्रसाद मिश्र ने किया। बैठक में उपस्थित राजेन्द्र सिंह ने कालोनी में लगे खराब सोलर लाइटो को ठीक करने की मांग उठाई जिससे पार्कों में टहलने वालो को कोई खतरा न रहे। वहीं सुभाष दुबे ने चोरी छिनैती की बढ़ती घटनाओं पर चिंता व्यक्त करते हुए बुझी रोड लाइटों को जलवाने पर जोर दिया। रणबीर सिंह ने तेज गति से चलने वाली बाइको से होने वाली दुर्घटनाओं से बचाव हेतु उपयुक्त स्थानों पर स्पीड ब्रेकर बनाने का सुझाव दिया। इस अवसर पर उपस्थित सम्मानित सदस्यों की सहमति से समस्याओं के निवारण हेतु कालोनी में ब्लॉक स्तरीय कार्यसमिति के गठन का निर्णय हुआ। बैठक में सभी सहभागियों का स्वागत करते हुए समिति के संयोजक गजेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि संगठनात्मक जागरूकता से ही समस्याओं से निजात मिल सकती हैं। उन्होंने भयमुक्त जीवन के लिए सभी से संगठित होकर प्रयासरत रहने का अनुरोध किया। बैठक में हरिवंश सिंह, शिव शंकर पांडेय, आर पी राय, रविन्द्र कुमार सिंह, सुनील साहनी, मीना जायसवाल, अंजुम नाज, नारायण सिंह, आशुतोष मिश्र, अशोक तिवारी, हेमन्त कुमार त्रिपाठी, आदि समाजसेवियों ने भी विचार व्यक्त करते हुए क्षेत्रीय जनसमस्याओं से अवगत कराया। अन्त में समिति के सह संयोजक बद्री प्रसाद मिश्र ने सभी के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया।

# ऑनलाइन उपस्थिति के विरोध में शिक्षक संघ ने जताया विरोध

## मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन डीएम को सौंपा

**अखंड भारत संदेश**


अधिकारी को ज्ञापन देते पदाधिकारी।

**प्रतापगढ़।** राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ प्राथमिक संवर्ग की जनपदीय इकाई द्वारा जिलाध्यक्ष अशोक राय के नेतृत्व में दर्जनों शिक्षक - शिक्षिकाओं की मौजूदगी में डिजिटाइजेशन/ऑनलाइन उपस्थिति के विरोध में मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा। जिला महामंत्री जय प्रकाश पाण्डेय ने कहा कि महानिदेशक स्कूल शिक्षा द्वारा 8 जुलाई से पंजिकाओं का डिजिटाइजेशन/ऑनलाइन उपस्थिति देने का आदेश निर्गत किया गया है जो कि तुगलकी फरमान है। जिला अध्यक्ष अशोक राय ने कहा कि प्रदेशीय नेतृत्व द्वारा कई बार महानिदेशक स्कूल शिक्षा को ज्ञापन सौंपकर डिजिटाइजेशन से जुड़ी मौलिक समस्याओं को दूर करने की मांग की गई तथा 14 मार्च 2024 को महानिदेशक स्कूल शिक्षा कार्यालय में धरना भी किया गया था। तब महानिदेशक द्वारा संगठन के प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन दिया गया था कि डिजिटाइजेशन से जुड़ी मौलिक समस्याओं के निस्तारण के पश्चात ही इसे लागू किया जाएगा। किंतु मांगे पूरी नहीं की गई। जिला संगठन मंत्री राजीव सिंह ने कहा कि विभागीय अधिकारी दमन पूर्वक डिजिटाइजेशन/ऑनलाइन उपस्थिति व्यवस्था लागू करना चाहते हैं जिसका संगठन पुरजोर विरोध करता है।इस मौके पर जिला कोषाध्यक्ष कौशलेन्द्र प्रताप सिंह, संयुक्त महामंत्री अजय कुमार सिंह, महिला शिक्षक संघ की जिलाध्यक्ष मीना पुष्पाकर, महामंत्री स्नेहलता शुक्ला,अटेवा के जिला संयोजक सी पी राव , विनोद तिवारी, डॉक्टर विनोद त्रिपाठी, करुणेन्द्र सिंह , महामंत्रीगण सत्येंद्र शुक्ला, अरुणपति द्विवेदी , चंद्रेश शुक्ला, गौरव त्रिपाठी, विजय नारायण, मनोज मिश्रा, मनोज कुमार , बालचंद्र ,राकेश वर्मा, योगेश प्रताप सिंह आदि रहे। संचालन महामंत्री जय प्रकाश पाण्डेय ने किया ।

# छात्रवृत्ति के लिये छात्र-छात्राएं करें आनलाइन आवेदन

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जिला समाज कल्याण अधिकारी ने बताया है कि शैक्षिक सत्र वर्ष 2024-25 में दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजनान्तर्गत (कक्षा 11-12 एवं अन्य दशमोत्तर कक्षाओं सहित) अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति एवं सामान्य वर्ग के छात्रों हेतु आनलाइन आवेदन से छात्रवृत्ति वितरण हेतु समय सारिणी जारी की गयी है। उन्होने बताया है कि छात्रवृत्ति हेतु दो चरणों में आनलाइन आवेदन किये जायेगें। प्रथम चरण में छात्रवृत्ति हेतु छात्र/छात्राएं 12 जुलाई से 16 नवम्बर 2024 तक आनलाइन आवेदन कर सकते हैं। 25 नवम्बर तक छात्र/छात्राओं द्वारा आनलाइन आवेदन पत्र की हार्डकापी एवं संलग्न अभिलेखों से छात्र/छात्राओं के समस्त विवरण का शिक्षण संस्थान द्वारा मिलान किया जायेगा एवं आनलाइन आवेदन प्राप्त करना, अपात्र छात्रों का आवेदन निरस्त करना तथा पात्र छात्रों का आवेदन आनलाइन सत्यापित एवं अग्रसारित किया जायेगा। इसी प्रकार द्वितीय चरण में छात्रवृत्ति हेतु छात्र/छात्रायें 17 नवम्बर से 31 दिसम्बर 2024 आनलाइन आवेदन कर सकते हैं। 16 जनवरी 2025 तक छात्र/छात्राओं द्वारा आनलाइन आवेदन पत्र की हार्डकापी एवं संलग्न अभिलेखों से छात्र/छात्राओं के समस्त विवरण का शिक्षण संस्थान द्वारा मिलान किया जायेगा एवं आनलाइन आवेदन प्राप्त करना, अपात्र छात्रों का आवेदन निरस्त करना तथा पात्र छात्रों का आवेदन आनलाइन सत्यापित एवं अग्रसारित किया जायेगा।

# सर्पदंश से महिला की मौत, परिजनों में मचा कोहराम

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** कमरे के भीतर रखा भूंसा पशुओं को डालने के लिए निकाल रही महिला को जहरीले सर्प ने डंस लिया। परिजन इलाज के लिए लेकर सीएचसी पहुंचे जहां पर हालत गंभीर देख चिकित्सकों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। इलाज के दौरान महिला की मौत हो गई। कोतवाली क्षेत्र के बसौली गांव की रहने वाली राम प्यारी देवी उम्र (65) वर्ष पत्नी शिवप्रसाद सिंह पशुओं को डालने के लिए भूंसे के कमरे से भूंसा निकल रही थी। इस दौरान उसे जहरीले सर्प ने डंस लिया। परिजन आनन-फानन में उसे इलाज के लिए लेकर सीएचसी पट्टी पहुंचे जहां हालत गंभीर देख चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। इलाज के दौरान मेडिकल कॉलेज में महिला की मौत हो गई। मौत के पश्चात परिजन महिला का शव लेकर घर आए और शव के अंतिम संस्कार के लिए लेकर इब्राहिमपुर घाट के लिए रवाना हो गए। महिला की मौत से परिजनों में चीख-पुकार मची हुई है। वही शोक संवेदना जताने के लिए लोगों का तांता लगा हुआ है।

# श्रीराम का अवतार सत्य मार्ग की प्रेरणाः सिद्ध विनायक

## भदारी कला में श्रीशिवशक्ति नारायण महायज्ञ में उमड़े श्रद्धालु

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** क्षेत्र के भदारी कला गांव में हो रही श्रीशिवशक्ति नारायण महायज्ञ में सोमवार को श्रद्धालुओं की भारी भीड़ जुटी दिखी। यज्ञ के तहत आचार्य समूह ने भगवान शिव तथा भगवान श्रीराम के दरबार का पूजन अर्चन किया।

कथाव्यास श्री सिद्ध विनायक ओझा ने श्रद्धालुओं को भगवान श्रीराम की कथा सुनाते हुए कहा कि मर्यादा पुरूषोत्तम श्रीराम का अवतार संसार को सत्य के मार्ग पर आगे बढ़ने की प्रेरणा दिया करता है। उन्होनें कहा कि भगवान श्रीराम ने समानता तथा सदकर्म की रक्षा के लिए त्याग और तपस्या का पथ प्रदर्शन किया। कथा के दौरान भगवान श्रीराम व देवाधिदेव महादेव के भजन संकीर्तन में भी श्रद्धालु रमे दिखे। कथा के संयोजक पं. शिवाकांत द्विवेदी व कंचनलता ने व्यासपीठ का पूजन अर्चन किया। यज्ञ भक्त भोला यादव के साथ श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीराम जी की भव्य आरती उतारी। इस मौके पर सूर्यप्रकाश तिवारी, रंग बहादुर सिंह, मुन्ना सिंह, अर्जुन पाण्डेय, कुल्लू सिंह, रामकृष्ण ओझा, राजेन्द्र तिवारी आदि रहे।

# किसान जल्द कराएं फार्मर रजिस्ट्री पंजीकरण का कार्यः डीएम

## डीएम ने ग्राम पंचायत कोपा में फार्मर रजिस्ट्री पंजीकरण अभियान का किया शुभारम्भ

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी संजीव रंजन ने भारत सरकार द्वारा चलाये जा रहे एग्री स्टैक योजनान्तर्गत फार्मर रजिस्ट्री पंजीकरण कैम्प अभियान का विकास खण्ड सदर के ग्राम पंचायत कोपा में शुभारम्भ किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी संजीव रंजन ने कहा कि फार्मर रजिस्ट्री योजना (किसान गोल्डन कार्ड) बन जाने से जनपद में किसानों को अब ज्यादा समस्याओं का सामना नही करना पड़ेगा, जमीन का सारा ब्यौरा आपके पास होगा।

उन्होंने कहा कि खतौनी में जिन किसानों का नाम रहेगा उन्हे योजनाओं का लाभ अनिवार्य रूप से मिलेगा। उन्होंने किसान लाभार्थियों से अपील करते हुये कहा कि फार्मर रजिस्ट्री अभियान का कार्य 08 अगस्त से प्रारम्भ हो चुका है, जल्द से जल्द फार्मर रजिस्ट्री का कार्य करा लें, अन्तिम तारीख का इन्तजार न करें। पंजीकरण के दौरान कृषकों का ईकेवाईसी और समस्त भूखण्डों को आधार से लिंक किया जायेगा, समस्त कृषक भाई अपना आधार कार्ड, खतौनी ओर आधार लिंक्ड मोबाइल नम्बर लेकर पंचायत भवन कैम्प में लेकर अनिवार्य रूप से जाये। उन्होने किसानों से कहा कि हर वर्ष से ज्यादा इस वर्ष वर्षा होनी सम्भावना है, वर्षा से बचाव हेतु आवश्यक व्यवस्थायें कर लें जिससे वर्षा के दौरान किसी भी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े। उन्होने किसानों से कहा कि एक पौधा माँ के नाम अवश्य लगाया जाये जिससे पृथ्वी हरी-भरी रहे और हमें शुद्ध हवा प्राप्त हो सके तथा बच्चों को पौधरोपण करने हेतु उत्साहित करें। उन्होने कहा कि सभी बच्चों को विद्यालय अवश्य भेजे, कोई भी बच्चा पढ़ाई से वंचित न रहे। इस अवसर पर मुख्य राजस्व अधिकारी राकेश कुमार गुप्ता ने किसानों से कहा कि तकनीक में नई-नई चीजें आ रही है, सभी जानकारी आसानी से मिल जायेगी। इस अवसर पर उप कृषि निदेशक विनोद कुमार यादव ने बताया कि फार्मर रजिस्ट्री पंजीकरण अभियान 30 सितम्बर तक चलाया जायेगा। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी सदर उदयभान सिंह, तहसीलदार सदर विनय कुमार द्विवेदी, अपर सांख्यिकीय अधिकारी करूणेश यादव, नायब तहसीलदार आशुतोष राय, खण्ड विकास अधिकारी सदर एवं ग्राम प्रधान उपस्थित रहे।

# बेसिक स्कूलों के लिये खेल प्रतियोगिताओं की सूची जारी

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जिले स्तर पर आयोजित होने वाले खेलों के ट्रायल/चयन/प्रतियोगिताओं के लिये जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी भूपेन्द्र सिंह द्वारा न्याय पंचायत स्तरीय, ब्लाक स्तरीय व जनपद स्तरीय खेलकूद की सूची जारी की गई है जिसमें फुटबाल, हॉकी, तैराकी, कुश्ती, हैण्डबाल, वालीबाल, बैडमिंटन, जूडो, बास्केटवाल, खो-खो, एथलेटिक्स व जिम्नास्टिक खेल शामिल हैं। ये सभी खेल जूनियर बालक/बालिका वर्ग के लिये है। न्याय पंचायत स्तरीय खेल अगस्त माह के पहले सप्ताह से शुरु होगा। ब्लाक स्तरीय खेल अगस्त माह के चैथे सप्ताह से शुरु होगा। जनपद स्तरीय खेल सितम्बर माह के पहले सप्ताह से होगा।

# भयहरणनाथ धाम में सावन मेला को लेकर प्रबन्ध समिति की बैठक सम्पन्न

## 9 अगस्त को होगा घुघुरी लोक-उत्सव

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** प्रसिद्ध पांडव कालीन भयहरणनाथ धाम में 22 जुलाई से 19 अगस्त तक होने वाले सावन मेला के सन्दर्भ में प्रबन्ध समिति की बैठक सम्पन्न हुई। तय हुआ कि विधिक रूप से गठित मेला व मन्दिर समितियों के पदाधिकारी ही प्रबन्ध समिति तथा नगर पंचायत व पुलिस विभाग का सहयोग आई कार्ड के साथ कर सकेगें। मुख्य पर्वों व मेलों के दिन निजी अनुष्ठान व भंडारे नही होगें। नागपंचमी के अवसर पर 9 अगस्त को भव्यता के साथ घुघुरी लोक उत्सव का आयोजन परम्परागत रूप से होगा।

बैठक में सर्वप्रथम मुख्य मन्दिर के सामने छतिग्रस्त वारादरी व प्रशासनिक कार्यालय की छत बारिस में चूने पर चर्चा हुई। सर्व सम्मति से महासचिव समाज शेखर ने नगर पंचायत अध्यक्ष से बैठक में वार्ता कर स्थिति से अवगत कराया। उन्होने कहा कि सावन मेला से पूर्व बरामदे व प्रशासनिक परिसर को दुरूस्त कराया जायेगा। जिससे सावन मेला में किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। सभी ने सुझाव दिया कि नगर पंचायत के सहयोग से मन्दिर व मेला परिसर में पर्याप्त सी0सी0 कैमरों तथा कन्ट्रोल रूम हेतु उत्तम साउन्ड की व्यवस्था व प्रकाश की व्यवस्था अवश्य की जाए।


भयहरणनाथ धाम में मौजूद प्रबंध समिति के पदाधिकारी।

तय हुआ कि प्रबन्ध समिति के नियंत्रण में मेला व्यवस्था समिति द्वारा अतिथियों, संत महात्माओं व पुलिस, अधिकारियों तथा कार्यकर्ताओं के स्वल्पाहार व भोजन की व्यवस्था हरि ओम पाण्डेय लाल व शत्रुघन सिंह के संयोजन में होगी। जिसमें सभी सहयोग करेगें। मेला अवधि में कन्ट्रोल रूम व पर्यटक व श्रद्धालु सुविधा केन्द्र का संचालन पुलिस विभाग, नगर पंचायत व प्रबन्ध समिति के समन्वय से महासचिव के मार्गदर्शन में कार्यालय प्रभारी संजीव मिश्र नीरज के संयोजन में मेला व मन्दिर समितियों के सहयोग से होगा। बैठक में प्रमुख रूप से कार्यवाहक अध्यक्ष व कोषाध्यक्ष लालजी सिंह, मेला व्यवस्था समिति के संयोजक कमला कान्त मिश्र, उपाध्यक्ष संगठन डा0 अमर बहादुर सिंह, सचिव प्रशासन पूर्व प्राचार्य चिन्तामणि त्रिपाठी, उप सचिव प्रशासन फूल चन्द्र पटेल, उपसचिव वित एवं लेखा हेमराज अग्रहरि, गंगा राम पाण्डेय, लाल पाण्डेय आदि ने प्रतिभाग किया।

# जनपदीय सिंचाई बन्धु की बैठक आज

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** अधिशासी अभियन्ता/सचिव सिंचाई बन्धु अरविन्द वर्मा ने अवगत कराया है कि जनपदीय सिंचाई बन्धु की बैठक 09 जुलाई 2024 को पूर्वान्ह 11 बजे सिंचाई कालोनी स्थित पिम हाल शारदा सहायक खण्ड-51 प्रतापगढ़ में होनी प्रस्तावित है। बैठक में जनपद के जनप्रतिनिधिगण, जनपदीय अधिकारी एवं कृषकगण आमंत्रित है, समय से बैठक में प्रतिभाग करें।

# पांच देशी बम के साथ युवक गिरफ्तार

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली पुलिस ने गश्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर पांच देशी बम के साथ एक युवक को धर दबोचा। आरोपी के खिलाफ 4/5 विस्फोटक पदार्थ अधिनियम की धारा में मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार युवक को जेल भेज दिया। लालगंज कोतवाली के दरोगा कबीरदास रविवार रात हमराहियों के साथ गश्त पर निकले थे। इसी दौरान मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने घेराबंदी करके रात करीब डेढ़ बजे हिरऊ का पुरवा बेलहा के पास आरोपी मो. सददाम पुत्र सफी मोहम्मद उर्फ कल्लू निवासी मदनगढ़ बेलहा को पांच देशी बम के साथ धर दबोचा। बम को निष्क्रिय करने के बाद पुलिस गिरफ्तार युवक को थाने ले आयी। कोतवाल नीरज यादव ने बताया कि गिरफ्तार किये गये आरोपी के खिलाफ 4/5 विस्फोटक पदार्थ अधिनियम की धारा में मुकदमा दर्ज किया गया हैं। आरोपी को सोमवार को जेल भेज दिया गया।


पुलिस की गिरफ्त में किशोर के हत्यारोपी।

# किशोर की हत्या के मामले में मां समेत चार आरोपी गिरफ्तार

## शुक्रवार को कुएं में मिला था किशोर का शव

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** कोतवाली क्षेत्र के किठौली जलालपुर गांव में किशोर के कुएं में शव मिलने का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। इस सम्बन्ध में मृतक किशोर की मां सहित चार अन्य को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बताया कि मां ने ही उसकी गला दबवाकर हत्या करवाई थी और शव को कुएं में फेंकवा दिया था। पट्टी कोतवाली क्षेत्र के किठौली जलालपुर गांव में बीते मंगलवार से एक किशोर गायब था। शुक्रवार को 11 वर्षीय किशोर का शव पुलिस कुएं से बरामद किया था। मामले में किशोर की मां की तहरीर पर पुलिस ने बेटे के अपहरण का मुकदमा भी दर्ज किया था। किशोर का शव मिलने के बाद मां के पलटते बयान को लेकर पुलिस ने गहराई से जांच पड़ताल शुरू की इसके पश्चात किशोर की हत्या कर शव को कुएं में फेंके जाने का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस ने शव को कुएं से बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा जहां से शव आने के बाद परिजनों ने अंतिम संस्कार कर दिया। इस मामले में पुलिस ने किशोर की मां सरस्वती के लगातार पलटते बयान के बाद सोमवार को उसे भी थाने लाई और पूछताछ की तो सर हत्या का राज खुल गया। पुलिस ने बताया की उमेश को उसकी मां सरस्वती ने पकड़ा था और रोशन ने गला दबाकर हत्या कर दी। उनकी दो किशोर उसके शव को ले जाकर कुएं में फेंका था। कोतवाल आलोक सिंह ने बताया कि घटना का विस्तृत जानकारी जिला मुख्यालय पर भेज दी गई है।

# मणिपुर के हालात से बेफिक्र प्रधानमंत्री की विदेश यात्रा का शौक चिन्ताजनकः प्रमोद तिवारी

## प्रमोद तिवारी ने भगवान शिव की मूर्ति स्थापना के निर्माणाधीन कार्यो का किया अवलोकन

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने मणिपुर के हालात को लेकर प्रधानमंत्री की विदेश यात्रा पर जमकर तंज कसा। सोमवार को लालगंज में मीडिया से रूबरू होते हुए उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को एक साल से हिंसा की आग में जल रहे हालात की कोई चिन्ता नहीं है। उन्होनें कहा कि प्रधानमंत्री को सोवियत रूस की यात्रा की तो फुर्सत है।


शिव की प्रतिमा के निर्माणाधीन कार्यो का अवलोकन करते राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी।

राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने बाबा घुइसरनाथ धाम में सदी नई के मध्य भगवान शिव की मूर्ति के निर्माणाधीन कार्यो का अवलोकन किया। उन्होनें बाबा धाम में श्रद्धालुओं के लिए सई नदी के बीच भगवान शिव की विशाल मूर्ति को स्थापित कराए जाने को लेकर क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना की इस पहल को सराहा। आगामी उन्नीस जुलाई को वह विधायक आराधना मिश्रा मोना के साथ पूजन अर्चन कर श्रद्धालुओं को प्रतिमा समर्पित करेंगे। इसके बाद उन्होनें बाबा घुइसरनाथ के समक्ष मत्था टेक कर प्रतिमा के स्थापना को लेकर आशीर्वाद भी मांगा। उन्होनें कहा कि बाबा घुइसरनाथ धाम को प्रदेश का सर्वश्रेष्ठ आध्यात्मिक एवं पर्यटन नगरी बनाए जाने के लिए यहां सौन्दर्यीकरण से जुडी बहुआयामी योजनाएं जारी रहेगी। कैम्प कार्यालय पर सांसद प्रमोद तिवारी ने लोगों की समस्याओं की सुनवाई भी की। इस मौके पर प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी, सांगीपुर प्रमुख अशोक सिंह बबलू, प्रमुख अमित सिंह पंकज, चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी, मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल, आशीष उपाध्याय, केडी मिश्र, अधिवक्ता शक्तिपीठ के अध्यक्ष आनन्द प्रचण्ड, विकास मिश्र आदि मौजूद रहे।

# वांछित को पुलिस ने दबोचा

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** गंभीर अपराध में वांछित आरोपी सोमवार को पुलिस के हत्थे चढ़ गया। कोतवाली के दरोगा सुनील कुमार यादव फोर्स के साथ गश्त पर निकले थे। इस बीच पूरे निर्मल गिरधर गांव में वांछित आरोपी हर्ष नारायण तिवारी का पुत्र सत्य नारायण पुलिस टीम के हत्थे चढ़ गया। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर जेल भेज दिया।

# आपसी प्रेम सद्भाव और सौहार्द के साथ त्यौहार को मनाएंः डीएम

## धर्मगुरूओं व प्रतिष्ठित नागरिकों के साथ पीस कमेटी की बैठक सम्पन्न

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** पुलिस लाईन के टीन शेड सभागार में जिलाधिकारी संजीव रंजन एवं पुलिस अधीक्षक डा0 अनिल कुमार ने संयुक्त रूप से आगामी त्यौहारों मोहर्रम, श्रावण मास, कांवड़ यात्रा और अन्य त्यौहारों को स्वच्छ वातावरण एवं शांतिपूर्ण ढंग से मनाने के लिये विभिन्न सम्प्रदाय के धर्मगुरूओं एवं जनपद के प्रतिष्ठित नागरिकों के साथ पीस कमेटी की बैठक सम्पन्न हुई।

बैठक में जिलाधिकारी ने धर्मगुरूओं से आपस में मिलजुलकर आपसी प्रेम सद्भाव, शांति व सौहार्दपूर्ण त्यौहार मनाने, अफवाहों व झूठी खबरों पर ध्यान न देने तथा अफवाहों को फैलने से रोकने हेतु अपील की गई। बैठक में धर्मगुरूओं ने अपनी-अपनी शिकायतों-समस्याओं जैसे बिजली, पानी, साफ-सफाई आदि के सम्बन्ध में अवगत कराया जिस पर जिलाधिकारी ने धर्मगुरूओं को आश्वस्त किया कि जो भी शिकायतें है उनका समाधान सम्बन्धित अधिकारियों द्वारा कराया जायेगा।


पीस कमेटी की बैठक में मौजूद डीएम-एसपी

पुलिस अधीक्षक डा0 अनिल कुमार ने कहा कि ताजिया की लम्बाई, चैड़ाई व ऊँचाई ज्यादा न रखें जिससे उसे ले जाने में अवरोध उत्पन्न हो।

मातम मनाने के दौरान बड़े शस्त्रों का प्रयोग न करें। उन्होने कहा कि त्यौहारों के दौरान यदि किसी भी अराजक तत्व या व्यक्ति द्वारा किसी भी प्रकार का व्यवधान उत्पन्न किया जायेगा तो उसके खिलाफ सख्त से सख्त कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी। उन्होने कहा कि सोशल मीडिया पर यदि कोई भी अफवाह फैलाता है तो उस पर ध्यान न दिया जाये, सोशल मीडिया पर कड़ी निगरानी की जा रही है, अफवाह फैलाने वालों पर कड़ी कार्यवाही की जायेगी। उन्होने कहा कि धर्मगुरूओं द्वारा जो भी सुरक्षा व्यवस्था के सम्बन्ध में शिकायतें प्राप्त हुई है उस पर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करायी जायेगी। बैठक में अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी दुर्गेश कुमार सिंह व धर्मगुरू तथा अन्य सम्भ्रान्त लोग उपस्थित रहे।

# डायट में नए प्राचार्य ने संभाला कार्यभार


नए प्राचार्य के साथ कर्मचारीगण।

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जिला शिक्षा एवम प्रशिक्षण संस्थान अतरसंड डायट में नए प्राचार्य उप-शिक्षा निदेशक रमेश कुमार तिवारी ने सोमवार को कार्यभार संभाल लिया। उनका स्वागत डायट के करूणेश कुमार शुक्ल, गर्विता ओझा, सुचिता तिवारी, डा. विवेक तिवारी, जितेंद्र कुमार, दुर्गेश कुमार, शिक्षा यादव आदि प्रवक्ताओं ने किया। नए प्राचार्य प्रयागराज के जिला विद्यालय निरीक्षक तथा पूर्व में एडी बेसिक प्रयागराज रह चुके हैं। इसके पूर्व यहां प्रभारी प्रचार के रूप में अशोक कुमार सिंह की तैनाती रही।

# अधिशासी अधिकारियों को अभियान चलाकर प्रवर्तन तथा अतिक्रमण के विरुद्ध कार्यवाही करने के डीए ने दिए निर्देश

**लक्ष्य के सापेक्ष राजस्व वसूली में प्रगति लाने के दिए निर्देश बड़े बकायेदारों से आरसी वसूली सुनिश्चित करने के निर्देश**

अखंड भारत संदेश





**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी की अध्यक्षता में उदयन सभागार में कर-करेत्तर एवं राजस्व कार्यों की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने विभागवार राजस्व वसूली की प्रगति की समीक्षा करते हुए वाणिज्यकर, आबकारी, परिवहन, विद्युत, मंडी, खनन, वन विभाग, नगर निकाय तथा स्टाम्प व रजिस्ट्रेशन विभाग के अधिकारियों को लक्ष्य के सापेक्ष राजस्व वसूली में प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिला आबकारी अधिकारी को अवैध शराब के विरूद्ध नियमित कार्यवाही सुनिश्चित करने के भी निर्देश दियें। इसके साथ ही उन्होंने प्रभागीय वनाधिकारी को अवैध रूप से पेड़ो की कटाई करने वालों के विरुद्ध कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने बैठक में मंडी सचिव के अनुपस्थित रहने पर स्पष्टीकरण प्राप्त करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने वाणिज्यकर, आबकारी, परिवहन, विद्युत, मंडी, खनन, वन विभाग, नगर निकाय तथा स्टाम्प व रजिस्ट्रेशन विभाग के अधिकारियों से जून माह में किए गए प्रवर्तन की कार्यवाही की जानकारी प्राप्त करते हुए कहा कि और अधिक प्रवर्तन कार्य किया जाय। उन्होंने अधिशासी अधिकारियों द्वारा प्रवर्तन तथा अतिक्रमण के विरुद्ध कार्यवाही न किए जाने पर नाराजगी प्रकट करते हुए कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश देते हुए सभी अधिशासी अधिकारियों को अभियान चलाकर प्रवर्तन तथा अतिक्रमण के विरुद्ध कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

डीएम ने सभी एसडीएम एवं तहसीलदारों को आरसी वसूली में प्रगति लाने तथा बड़े बकायेदारों से आरसी वसूली सुनिश्चित करने के निर्देश दियें। उन्होंने सभी उप जिलाधिकारियों एवं तहसीलदारां को मानक के अनुसार राजस्व वादों का निस्तारण करने के निर्देश देते हुए कहा कि 05 वर्ष से अधिक पुराने राजस्व वादों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित किया जाय। उन्होंने सभी उप जिलाधिकारियों को कार्ययोजना बनाकर सरकारी भूमि-तालाब आदि पर हुए अवैध अतिक्रमण/ कब्जों को हटवाने के निर्देश दिए। बैठक में अपर जिलाधिकारी अरूण कुमार गोंड एवं प्रबुद्ध सिंह, सभी एसडीएम एवं तहसीलदार उपस्थित रहे।

## किराना दुकान से बेची जा रही है शराब ठेका की देसी शराब

**कौशांबी।** पिपरी थाना क्षेत्र के रसूलपुर ब्यूर गांव में एक किराना की दुकान से सरकारी शराब ठेका की देसी शराब खुले आम बेची जा रही है इस किराना की दुकान में पूरे दिन शराब पीने वाले लोगों का जमघट लगा रहता है शराब पीने के बाद शराबी गांव में उत्पात मचाते हैं महिलाओं बालिकाओं से अभद्रता करते हैं जिससे गांव में अशांति का वातावरण बना हुआ है आखिर किराने की दुकान से शराब बिक्री पर चौकी पुलिस अनजान बनने का क्यों ढोंग कर रही है जबकि गस्त के नाम पर पुलिस गांव जाती है आखिर पुलिस के मुखबिर तंत्र क्या कर रहे हैं तमाम मामलों में मुखबिर के दम पर पुलिस मामले का खुलासा कर देती है लेकिन किराना की दुकान से लंबे समय से शराब बिक्री के मामले में पुलिस का मुखबिर तंत्र कहां फेल हो गया है लोधौर चौकी पुलिस से लोगों ने मामले की शिकायत भी की लेकिन पुलिस ने किराने की दुकान से शराब बेचने वाले पर कार्यवाही नहीं की है जिससे शराब की बिक्री किराने की दुकान से बेखौफ तरीके से हो रही है जहां शराबियों का जमघट लगता है कि सरकारी शराब ठेके से इस दुकान तक शराब पहुंचती है यह भी एक जांच का विषय है लोगों ने पुलिस अधिकारियों का ध्यान आकर्षित कराते हुए किराने की दुकान से बिकने वाली अवैध शराब की बिक्री बंद कराए जाने की मांग की है।

## न्यूज झरोखा

## पूर्व महासचिव ने वितरित किया नए कानून की पुस्तक

**माडल डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के इतिहास की अनोखी पहल पूर्व पदाधिकारी के कार्य की अधिवक्ताओं ने की सराहना**

**कौशाम्बी।** माडल डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन कौशाम्बी के सदस्यों के लिए सोमवार का दिन यादगार बन गया। देश की संसद से पारित तीन नए कानूनों को 1 जुलाई से अमल में लाया जा चुका है। इसके बावजूद भी अभी तक वकीलों को उत्तर प्रदेश बार कौंसिल अथवा जिला बार एसोसिएशन की ओर से कोई प्रशिक्षण नहीं दिया गया। इसके लिए माडल डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के पूर्व महासचिव तुषार तिवारी ने भारतीय न्याय संहिता 2023, नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 व भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 की संयुक्त पुस्तक सोमवार को जिला न्यायालय के सभी अधिवक्ताओं को वितरित किया है। जरूरत के समय कानून की यह पुस्तक पाकर अधिवक्ताओं के चेहरे खिल उठे। पूर्व पदाधिकारी की इस अनूठी पहल को लेकर सोमवार को जिला न्यायालय में तरह-तरह की चर्चा दिन भर चलती रही।

## दो बाइकों की टक्कर में तीन घायल, अस्पताल में भर्ती




**अझुवा कौशांबी** सैनी कोतवाली क्षेत्र के कनवार मोड़ के पास दो बाइक सवार आपस में आमने-सामने टकरा गए हैं टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों बाइक में 3 सवार सड़क पर गिर पड़े हैं और लहूलुहान हो गए हैं हादसा देखकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे मामले की सूचना पुलिस और एंबुलेंस को दी गई मौके पर पहुंची एम्बुलेंस ने घायलों को इलाज के लिए स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया है जहां उनकी हालत गंभीर होने पर डॉक्टर ने घायलों को जिला अस्पताल रिफर दिया है मामले की सूचना घायल के परिजनों को दे दी गई है जानकारी के मुताबिक प्रयागराज जनपद के नैनी के रहने वाले राम कैलाश पुत्र राम किशोर बाइक से कहीं जा रहे थे जैसे ही वह कनवार मोड़ के पास पहुंचे दूसरी बाइक में सवार राहुल पुत्र भगवान दीन निवासी बेरूवा थाना चरवा वा ज्ञान सिंह पुत्र राम प्रसाद निवासी काशिया पश्चिम दूसरी बाइक से फतेहपुर की ओर जा रहे थे कनवार मोड़ के पास दोनों बाइक सवार की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई है जिससे बाइक सवार तीनों लोग सड़क पर गिरकर घायल हो गए हैं घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है

## पौध ना तैयार होने के चलते केवल कंप्यूटर में होगा पौधा रोपण...

**मुख्यालय के कोरों स्थित वन विभाग की नर्सरी में पौधों में बड़ा खेल**

**कौशाम्बी।** योगी सरकार ने वृहद पौधारोपण का निर्देश दे रखा है लेकिन वन विभाग की नर्सरी में पौधे ही नहीं तैयार किए गए हैं तो योगी सरकार के निर्देश पर कैसे बृहद पौधा रोपण होगा पौध ना तैयार होने के चलते केवल कंप्यूटर में पौधा रोपण किए जाने की योजना विभागीय अफसर में बना ली है बीते वर्षों की तरह इस वर्ष भी जमीनी हकीकत में वृहद पौधारोपण होता दिखाई नहीं पड़ रहा है सूत्रों की माने तो वन विभाग की कोरों नर्सरी में आंकड़ों की तुलना में आधे पौधे भी मौजूद नहीं है यदि बड़े अधिकारी इसकी जांच कर ले तो वन विभाग के कारनामों का खुलासा होगा वन विभाग की नर्सरी में पौधे तैयार करने में बड़ी लापरवाही की गई है विभागीय सूत्रों की माने तो मंझनपुर मुख्यालय के कोरों स्थित नर्सरी पौधशाला में 10 लाख पौध होने का दावा विभाग कर रहा है जबकि हकीकत की बात करें तो मंझनपुर मुख्यालय के कोरों स्थित नर्सरी पौधशाला में 6 लाख पौधे भी मौजूद नहीं है विभाग के अन्य नर्सरी पौधशाला की भी यही स्थिति है जहां पौधे तैयार नहीं किए गए हैं बल्कि पौधे तैयार करने के नाम पर सरकारी खजाने से रकम निकाल ली गई है और बिना पौधे तैयार किए कंप्यूटर में पौधारोपण कर शासन प्रशासन को पौधरोपण लक्ष्य भेज दिया जाएगा और करोड़ों की रकम पर डाका डाल दिया जाएगा। सवाल उठता है कि जब पौधे ही नहीं तैयार हैं तो बृहद पौधा रोपण कैसे होगा लेकिन नर्सरी में कितने पौधे हैं इसकी जांच करने का प्रयास नहीं हुआ है सूत्रों की माने तो वन विभाग के नर्सरी पर पौधे ना तैयार होने के पीछे संबंधित रेंजर की भूमिका सवालों के घेरे में है लेकिन दोषी रेंजर पर अभी तक कार्रवाई नहीं हुई है लोगों ने जिला अधिकारी का ध्यान आकर्षित करते हुए वन विभाग की पौधशाला नर्सरी में किए गए बड़े खेल की जांच करके विभागीय कारनामे को उजागर करने की मांग की है।

# नहीं थम रहा बियर फैक्ट्रियों के कचड़े का कारोबार

अखंड भारत संदेश

**● जहरीले कचरे से बनी शराब पीकर गरीब कमजोर लोग बीमार हो रहे हैं, पशु आहार के रूप में प्रयोग करके दुधारू पशुओं को बांझ बना रहा है जहरीला कचरा**



**टेडीमोड कौशांबी।** अवैध कारोबार का गढ़ बने कड़ा थाना क्षेत्र में आम जनता गरीब मजदूर के साथ-साथ जानवरों की सेहत से खिलवाड़ नही बन्द हो रहा है अब समझ में आया कि जिम्मेदारों की क्यों स्नेहिल मुलाकात होती है गिरधरपुर सातों में शराब फैक्ट्री से निकला जहरीला कचरा की सप्लाई बेखौफ हो रही है संबंधित अधिकारियों के साथ-साथ क्षेत्रीय पुलिस अनजान बन रही है शराब फैक्ट्री से निकला जहरीला कचरा अवैध शराब बनाने में प्रयोग हो रहा है और यह शराब गरीब कमजोर तबके के लोग पीकर बीमार हो रहे हैं जहरीला कचरा कच्ची शराब बनाने के लिए अवैध भट्ठी संचालकों द्वारा खुलेआम प्रयोग किया जा रहा है इन शराब भट्ठी संचालकों पर भी आबकारी से लेकर थाना पुलिस कार्रवाई करती नहीं दिख रही है पशु आहार के रूप में प्रयोग कर-के दुधारू पशुओं को जहरीला कचरा बांझ बना रहा है गौरतलब है कि जहरीला कचरा सप्लाई करने वाले लोग कड़ा धाम थाना क्षेत्र मे मोहम्मद निजाम गिरधरपुर गाढी कलाम सातों निवासी है जोकि प्रतिदिन ट्रकों से अवैध कचरा उतार कर खुलेआम बेच रहे है बीयर फैक्ट्रियों से निकले कचड़े को कड़ा थाना क्षेत्र में माफिया खपा कर मोटी रकम कमा रहे है। महज कुछ समय पहले कचरा खपाने की वीडियो वायरल हुई थी प्रशासन सब जानते हुए भी अंजान बना है प्रतिबंधित कचड़े को मवेशी खाकर बांझ हो रहे है और इसकी शराब पीकर गरीब कमजोर लोग बीमार हो रहे हैं प्रतिबंधित कचड़ा कड़ा थाना क्षेत्र के गिरधरपुर गाड़ी में तड़के से ही प्रतिबंधित शराब फैक्ट्री के निष्कासन जहरीले पदार्थ को 10 चक्के वाहन से उतारा जा रहा है धीरे-धीरे जहरीले कचरे के व्यापार में बड़ा रूप ले लिया है स्थानीय पुलिस के साथ-साथ संबंधित विभाग के अधिकारी जहरीले कचरे के बिक्री की जानकारी से बखूबी परिचित है लेकिन कचरा बिक्री करने वाले लोगों से गहरे संपर्क के चलते कचरे की बिक्री रोकने का प्रयास पुलिस से लेकर विभागीय अधिकारियों द्वारा नहीं किया जा रहा है जिससे व्यवस्था पर तमाम सवाल खड़े हो रहे हैं।

## हमलावर से दोस्ती घायल को दुत्कार चौकी इंचार्ज की आदत में शुमार

**कौशाम्बी** पिपरी थाना क्षेत्र के पुलिस चौकी लोधौर के चौकी इंचार्ज के कारनामे इन दिनों तेजी से चर्चा में हैं पीड़ित परिवार के लोगों को दुत्कार कर पुलिस चौकी से भगा देना चौकी इंचार्ज की आदत में शुमार हो गया है जबकि हमलावर और अपराध करने वाले लोगों से चौकी इंचार्ज के संपर्क मुलाकात लगातार देखे जाते हैं जिससे अपराध करने वाले व्यक्ति दंड पानी से बच जाते हैं और उनके हौसले बुलंद है इलाके में न्याय का गला घोटा जा रहा है आम जनता परेशान दिखाई पड़ रही है कानून व्यवस्था की धज्जियां उड़ रही है अधिकारियों को शिकायती पत्र देने के बाद भी निष्पक्ष तरीके से जांच करके आरोपियों पर कार्रवाई करते चौकी इंचार्ज नहीं दिख रहे हैं ताजा मामला सैदपुर दुगार्पुर का है। घटनाक्रम के मुताबिक दुगार्पुर गांव के मजरा सैदपुर में 25 जून को रामप्रकाश और उसके चचेरे भाई उमेश कुमार में बालू घाट पर किसी बात को लेकर विवाद हो गया उमेश कुमार ने राम प्रकाश को मारपीट दिया उसके नाक नाक में दांत से काट लिया जिससे वह तड़पकर लहू लुहान हो गया मामले की सूचना चौकी पुलिस लोधौर को दी गई लेकिन चौकी पुलिस ने उमेश कुमार के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करने की सिफारिश नहीं की बल्कि उमेश कुमार का शांति भंग की धारा 151 में चालान कर दिया मामले को लेकर राम प्रकाश ने थाना पुलिस से लेकर पुलिस अधिकारियों तक शिकायती पत्र दिया जांच के नाम पर चौकी पुलिस को जिम्मेदारी दी गई लेकिन चौकी पुलिस लगातार शिकायती पत्र की जांच के दौरान अधिकारियों को गुमराह करते रहे और हमला करने वाले उमेश कुमार को बचाने का प्रयास करते रहे इलाके में न्याय और कानून का गला घोटा जा रहा है अपराधी बेखौफ है

## एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन 11 जुलाई को

**कौशाम्बी** जनपद के शिक्षित बेरोजगार अभ्यर्थियों को रोजगार प्रदान करने के उद्देश्य से जिला सेवायोजन कार्यालय, राजकीय आई०टी०आई० एवं कौशल विकास मिशन के संयुक्त तत्वाधान में दिनांक 11 जुलाई 2024 को राजन बाबू शांति देवी महाविद्यालय,पश्चिम शरीरा के परिसर में एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया जाना प्रस्तावित है। यह जानकारी जिला सेवा योजन अधिकारी गौतम घोष ने देते हुए बताया कि निजी क्षेत्र की विभिन्न कंपनियों के माध्यम से आई०टी०आई०/ नॉन आई०टी०आई० एवं डिप्लोमा उत्तीर्ण सभी प्रकार के अभ्यर्थियों के चयन की कार्यवाही की जायेगी। इच्छुक अभ्यर्थी विभाग की वेबसाइट पर अपना पंजीयन करते हुए अपने समस्त शैक्षिक अभिलेखों की छायाप्रति /रिज्यूम के साथ प्रातः 10.30 बजे प्रतिभाग कर सकते हैं।

# टूटी नाली सड़कों पर कीचड़ युक्त भरा पानी नगर पंचायत कड़ा की बनी पहचान



**कौशाम्बी।** गांव और नगर क्षेत्र का विकास करने के लिए योगी सरकार बड़ा खजाना भेज रही है लेकिन सरकारी खजाने पर जिम्मेदारों की गिद्ध दृष्टि लग गई है जिससे विकास योजनाएं जमीनी हकीकत में नहीं दिखाई पड़ रही है बल्कि अभिलेखों में विकास कराए जा रहे हैं जिससे आम जनता परेशान दिखाई पड़ रही है ताजा मामला नगर पंचायत दारानगर कड़ा का है जहां मालवीय स्कूल के पास आधा किलोमीटर से अधिक दूरी तक सड़क पर गंदा पानी कीचड़ युक्त पूरे दिन बहता रहता है जिससे लोगों को आने-जाने में दिक्कत होती है घटिया निर्माण और सड़क पर निकलने वाले वाहनों के दबाव के चलते नाली टूट कर बर्बाद हो गई है नाली की सफाई भी सफाई कर्मियों द्वारा नहीं की जाती जिससे नाली कूड़ा कचरा गंदगी से भर गई है और नाली का पानी सड़क पर बहने से आवागमन में लोगों को दिक्कत होती है सड़क की कीचड़ गंदगी के बीच सबसे अधिक दिक्कत स्कूल के छात्र-छात्राओं और पैदल साइकिल से चलने वाले लोगों को होती है कई बार लोगों ने नगर पंचायत से नाली बनवाने की मांग की जिससे सड़क पर कीचड़ युक्त गंदा पानी का भराव बंद हो सके लेकिन कई महीने बीत जाने के बाद नगर पंचायत दारानगर कड़ा के जिम्मेदारों ने नाली की मरम्मत नहीं कराई है बरसात शुरू हो चुकी है जिससे पूरे दिन कीचड़ युक्त गंदा पानी सड़क पर बहता रहता है सड़क पर तेज गति से गुजरने वाले दूसरे वाहनों से गंदे पानी का छीटा आने जाने वाले लोगों के शरीर और कपड़े पर पड़ते हैं जिसे लोग परेशान हो जाते हैं लड़ाई झगड़े की स्थिति बन जाती लेकिन उसके बाद भी खराब नाली और कीचड़ युक्त पानी की व्यवस्था को ठीक करने का प्रयास नगर पंचायत के जिम्मेदारों ने नहीं किया है जिससे योगी सरकार के विकास योजनाओं का अंदाजा लगाया जा सकता है।

# प्रेमी ने दोस्त के साथ युवती से किया गैंगरेप

**किया ब्लैकमेल युवती की शादी के बाद अश्लील वीडीओ उसके पति को भेजा**

**कौशाम्बी।** जिले में प्रेमी द्वारा युवती से गैंगरेप किए जाने का और अश्लील वीडीओ बनाकर शादी के बाद ब्लैकमेल किए जाने और नहीं मानने पर युवती के पति को अश्लील वीडियो भेजने का मामला सामने आया है,पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने 5 लोगो के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया और दो युवकों को गिरफ्तार कर पूछताछ कर रही है। मामला सराय अकिल थाना क्षेत्र का है जहा एक युवती से प्रेम करने वाले प्रेमी ने अपने दोस्त के साथ मिलकर युवती के साथ गैंगरेप किया,हैवान प्रेमी ने गैंगरेप की वीडीओ भी बना कर रख लिया और युवती को ब्लैकमेल करने लगा। काफी दिनों की बाद युवती की शादी हो गई तो युवती ने उक्त युवक की बात मनाने से इनकार कर दिया, जिसके बाद युवक ने उसकी अश्लील वीडीओ युवती के पति को भेज दिया। अश्लील वीडीओ देखने के बाद युवती का घर तबाह हो गया, पीड़िता की शिकायत पर सराय अकिल थाना पुलिस ने दो युवको राजेंद्र और शिवा को गिरफ्तार कर लिया है,पुलिस दोनो आरोपियों से पूछताछ कर रही है। वहीं इस मामले की शिकायत करने युवकों के घर गए पीड़िता के पिता को आरोपियों और उनके घरवालों ने जमकर मारा पीटा है,जिसमे पीड़िता के पिता घायल हो गए है,पुलिस ने पांच लोगो पर गंभीर धाराओ में मामला दर्ज कर लिया है इस संबंध में एसपी बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि एक मामला सामने आया है जिसमें विभिन्न धारा के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है,दो युवकों को गिरफ्तार कर पूछताछ की जा रही है,विवेचना के दौरान जो भी तथ्य सामने आएंगे उनके आधार पर कड़ी से कड़ी कार्यवाई की जायेगी।

## सहेली के घर से वापस लौट रही युवती के साथ रेप

**कौशाम्बी।** जिले में सहेली के घर से वापस लौट रही युवती के साथ रेप की घटना हुई है,युवती दूसरे दिन बेहोशी की हालत में खेत में मिली,ग्रामीणों और खोजते हुए परिजन पहुंचे तो हड़कंप मच गया,परिजनों ने गंभीर हालत में युवती को जिला अस्पताल में भर्ती कराया है और पुलिस से शिकायत की है। घटना सराय अकिल थाना क्षेत्र के एक गांव की है जहा पिपरी थाना क्षेत्र की एक युवती अपनी सहेली के घर गई थी,जो दूसरे दिन सुबह खेत में बेहोशी की हालत में मिली है। युवती के परिजनों ने अपनी बेटी से रेप होने की बात डॉक्टर व पुलिस को बताई है। डॉक्टर ने मेडिकल कालेज में भर्ती कर पीड़िता का इलाज शुरू कर दिया है। पिपरी थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली युवती बीए की छात्रा है। वह रविवार को अपने घर वालों से सहेली के घर जाने की बात कहकर सराय अकिल थाना क्षेत्र में आई थी। इसके बाद वह अपने घर वापस नहीं गई। परिजन उसे खोजते हुए सहेली के घर पहुंचे। जहां से उन्हें बताया गया कि युवती अपने घर के लिए शाम को ही निकल गई थी। परिजन युवती की खोज करते हुए सराय अकिल क्षेत्र से गुजर रहे थे कि कुछ ग्रामीणों ने खेत में एक युवती के बेहोश हालत में मिलने की जानकारी होने पर रुक गए। परिवार के मौके पर पहुंचने पर युवती की पहचान बेटी के रूप में की है। पीड़ित परिवार की सूचना पर पुलिस ने एंबुलेंस के जरिए मेडिकल कॉलेज मंझनपुर में भर्ती कराया। डॉ. रंजीत कुमार निर्मल ने बताया कि पीड़ित युवती को भर्ती कर इलाज किया जा रहा है। पीड़ित बेहोशी की हालत में अस्पताल लाई गई थी। परिवार के लोगों से बात करने पर रेप की घटना की जानकारी मिली है। थाना पुलिस को जानकारी दी जा रही है।

## रंजिशन शादी तुड़वाने का प्रयास पूछताछ करने पर बालिका के पिता भाई को बेरहमी से पीटा

**कौशाम्बी** करारी थाना क्षेत्र के पिपरकुंडी गांव निवासी बैजनाथ ने अपनी लड़की की शादी चरवा थाना क्षेत्र के बेरूवा गांव निवासी मोहन लाल के लड़के से तय की थी 15 जुलाई को शादी की तारीख निश्चित हुई थी दोनों परिवार की तरफ से शादी की पूरी तैयारी हो चुकी थी लेकिन इसी बीच छोटी मौली गांव निवासी भुस्सन व उनके परिवार के लोगों ने शादी के पूर्व झूठी अफवाह फैलाना शुरू कर दिया लड़के के पिता को मनगढ़ंत कहानी बताने लगा जिससे दोनों परिवार के बीच नफरत बढ़ने लगी झूठी अफवाह की पूछताछ के लिए लड़की के पिता छोटी मौली गांव भुस्सन के घर पहुंचे और उससे पूछताछ करने लगे कि किसी परिवार की शादी में ब्यवधान क्यों डाल रहे हो दोनों की शादी के पूर्व अफवाह क्यों फैला रहे हो तो भुस्सन ने लड़की के पिता से कहा कि तुमने भी मेरे लड़के के बारे में फिजूल की बाते कर शादी तुड़वाई थी देखते देखते दोनों तरफ से बात विवाद और बहस होने लगी गाली गलौज होने लगा एक दूसरे को देख लेने की धमकी दी जाने लगी बहस बढ़ने पर भुस्सन ने अपने बेटों और भाइयों के साथ मिलकर लड़की के पिता और भाई को गाली गलौज करते हुए लात घूसों डंडे से बेरहमी से पीटा है जिससे लड़की के पिता और भाई को चोट आई है मामले की सूचना डायल पुलिस को दी गई जब मौके पर डायल पुलिस पहुँची तब हमलावर मौके से फरार हो गए हैं घायल पिता पुत्र को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया है मामले की सूचना चरवा थाना पुलिस को दी गई है।

# जिलाधिकारी ने की जिला पोषण समिति की बैठक

अखंड भारत संदेश






**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी की अध्यक्षता में सम्राट उदयन सभागार में जिला पोषण समिति की बैठक सम्पन्न हुई।बैठक में जिला कार्यक्रम अधिकारी सुरेश कुमार गुप्ता ने बताया कि ऑगनबाड़ी कार्यकत्री के रिक्त पदों के सापेक्ष जनपद में 10260 आवेदन प्राप्त हुये हैं, जिस पर जिलाधिकारी ने चयन की कार्यवाही दिशा-निर्देश प्राप्त होते ही तत्काल पूर्ण कराने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने पोषण ट्रैकर पर वजन एवं गृह भ्रमण की फीडिंग की समीक्षा करते हुए निर्देश दिये कि ऑगनबाड़ी कार्यकत्री अपने केन्द्र क्षेत्र के लाभार्थी के घर-घर जाकर मानक के अनुसार वजन एवं फालोअप करें,ताकि लाभार्थी की स्थिति का स्पष्ट पता चल पाये। अल्प वजन बच्चे की स्वास्थ्य जाँच कराते हुए आवश्यकता अनुसार एनआरसी में भर्ती करायें। इसके साथ ही वीएचएसएनडी सत्र में गर्भवती एवं धात्री महिलाओं का टीकारण शत-प्रतिशत करायें तथा उनकों ऑयरन एवं फोलिक एसिड की दवाएं अवश्य उपलब्ध कराई जाय। यह सुनिश्चित किया जाय कि टीकाकरण सत्र में समस्त आवश्यक सामग्री मौके पर मौजूद रहे। जिलाधिकारी ने कहा कि वीएचएसएनडी के लिए ग्राम पंचायतों में धनराशि रुपए 10 हजार उपलब्ध रहती है, उसका प्रत्येक दशा में सदुपयोग किया जाय। उन्होंने आधार सत्यापन की समीक्षा के दौरान बाल विकास परियोजना अधिकारियों को निर्देश दिये कि 31 जुलाई, 2024 तक प्रत्येक दशा में ऑगनबाड़ी कार्यकत्रियों का आधार सत्यापन करा लिया जाय। प्रत्येक माह आशा,ऑगनबाड़ी एवं एएनएम के साथ बैठक अवश्य किया जाय। उन्होंने प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना की समीक्षा करते हुए निर्देश दिये कि पात्र लाभार्थी को चिन्हित कर योजना से लाभान्वित किया जाय। जिलाधिकारी ने ऑगनबाड़ी केन्द्र भवन निर्माण की प्रगति की समीक्षा करते हुए 2021-22 में नामित कार्यदायी संस्था आरईडी को अपूर्ण ऑगनबाड़ी केन्द्र फादिलाबाद को तत्काल पूर्ण कराने के निर्देश दिये। इसके साथ ही वित्तीय वर्ष 2023-24 में स्वीकृत 45 केन्द्र भवन के निर्माण के लिए नामित कार्यदायी संस्था ग्राम पंचायत को तत्काल कार्य आरम्भ कराते हुए पूर्ण करने के निर्देश दिये। उन्होंने कायाकल्प के अन्तर्गत समस्त ऑगनबाड़ी केन्द्रों का 18 पैरामीटर के तहत सूचना उपलब्ध कराने के निर्देश बाल विकास परियोजना अधिकारियों को दिये,ताकि इन केन्द्रों का कायाकल्प कराने की कार्यवाही की जा सके।

## भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

**कौशांबी।** भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट ने किसान हित में जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन सौंपकर जिलाधिकारी से आवारा पशुओं से निजात दिलाए जाने की मांग की गई। किसानों का कहना है कि आवारा पशु दिनभर इधर - उधर घूमते रहते हैं मौका मिलते ही किसान के खेत में कूदकर फसल को नष्ट कर रहे हैं जिसके कारण किसानों को आर्थिक तंगी झेलना होता है। साथ ही जिम्मेदारों द्वारा समित से किसानों को समय से खाद उपलब्ध नहीं कराया जाता है।किसान हित में तमाम प्रकार की समस्याओं को दूर किए जाने की मांग की गई है। इस दौरान किसान यूनियन टिकैत गुट के जिलाध्यक्ष राम अभिलाष उर्फ चंदू तिवारी, जिला प्रवक्ता चंद्र भूषण सोनी, जिला उपाध्यक्ष बच्चलाल सहित किसान यूनियन टिकैत गुट के पदाधिकारी एवं किसान मौजूद रहे।

## मंझनपुर कोतवाली के भोजनालय में लगी आग, कड़ी मशक्कत के बाद आग पर पाया गया काबू

**कौशाम्बी** मंझनपुर कोतवाली के भोजनालय कक्ष में अचानक भीषण आग लग गई,आग से भोजनालय का सारा सामान जलकर खाक हो गया,कड़ी मशक्कत के बाद आग बुझाई गई,लेकिन तब तक सारा सामान जलकर राख हो गया। मंझनपुर कोतवाली परिसर स्थित थाना भोजनालय कक्ष में रविवार की शाम को अचानक आग लग गई,बताया जा रहा है कि शॉर्ट सर्किट से आग लगी है,पुलिस के सिपाहियो ने सीज फायर के जरिए आग पर काबू पाया,लेकिन तब तक भोजनालय कक्ष में रखा सारा सामान जलकर राख हो गया।

संपादक की कलम से

## इंसाफ की आवाज उठाते राहुल

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी सोमवार को मणिपुर दौरे पर जा रहे हैं और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सोमवार को ही दो दिन के मास्को दौरे पर निकल रहे हैं और उसके बाद बुधवार को वे आस्ट्रिया जाएंगे। प्रसंगवश बता दें कि तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने के बाद यानी महीने भर के भीतर श्री मोदी का यह दूसरा विदेश दौरा है, इससे पहले वे इटली की यात्रा कर चुके हैं। वहीं राहुल गांधी का एक साल के भीतर यह तीसरा मणिपुर दौरा है। चुनावों से पहले भी वे दो बार मणिपुर तब गए थे, जहां वहां कुकी और मैतेई समुदायों के बीच हिंसा के कारण जनता त्राहि-त्राहि कर रही थी, सरकार से अपने लिए शांति और सुरक्षा की मांग कर रही थी। लेकिन जनता की यह मांग अब भी पूरी नहीं हुई है।

मणिपुर में पिछले महीने भी हिंसा हुई यानी साल भर बाद भी वहां हालात सामान्य नहीं हैं। हजारों लोग अब भी अपने घरों से बेदखल राहत शिविरों में रह रहे हैं। लेकिन संसद में मणिपुर का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री मोदी कांग्रेस को कोसते हैं कि उसके शासनकाल में वहां राष्ट्रपति शासन लगा। उन्होंने पूर्वोत्तर में विकास के नए दावे इस बार किए। उनसे पहले राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने भी पूर्वोत्तर में अपनी सरकार के कामों पर संतुष्टि जताई, लेकिन मणिपुर के दर्द का जिक्र उनके अभिभाषण में नहीं था। जब प्रधानमंत्री राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर भाषण दे रहे थे, तब विपक्ष के सांसदों ने मणिपुर को न्याय दो के नारे भी लगाए। विपक्ष के हंगामे और नारेबाजी के वीडियो को सोशल मीडिया पर खूब प्रचारित किया गया और भाजपा की ओर से इसमें राहुल गांधी पर ही सवाल उठाए गए हैं कि नेता प्रतिपक्ष होने के नाते उन्होंने जानबूझ कर इस हंगामे को बढ़ावा दिया। सदन के भीतर के जो दृश्य संसद टीवी में नहीं दिखे, वे किसने रिकार्ड करके बाहर जारी किए, यह एक बड़ा सवाल बना हुआ है।

बहरहाल, राहुल गांधी की बतौर नेता प्रतिपक्ष भूमिका पर भाजपा बार-बार सवाल उठाकर उन्हें एक अक्षम नेता साबित करने में लगी हुई है। लेकिन अगर बारीकी से देखा जाए तो राहुल गांधी अब भी वही काम कर रहे हैं, जो पहले करते आए थे और जिन कामों पर देश का ध्यान भारत जोड़ो यात्रा के वक्त से गया था। राहुल गांधी ने हमेशा वंचितों और शोषितों के साथ खड़ी होने वाली राजनीति पर जोर दिया। जब यूपीए सत्ता में थी तो वे भट्टा परसौल और नियामगिरि गए थे, ताकि किसानों और आदिवासियों के साथ खड़े हो सकें। मोदी सरकार के वक्त मंदसौर में किसानों पर गोली चली तो राहुल गांधी वहां भी गए और उन्नाव की पीड़िता के परिजनों के साथ खड़े होने भी पहुंचे

पहली भारत जोड़ो यात्रा में राहुल गांधी ने आम जनता से सीधे संवाद का सिलसिला और तेज किया। गरीब बच्चों को ठिठुरते देखा तो खुद भी एक टी शर्ट में ही कड़कड़ाती सर्दी में चलते रहे। यात्रा खत्म होने के बाद राहुल गांधी किसानों, गिग वर्कर्स, कुलियों, बढ़ईयों, छात्रों के बीच पहुंचे। युवा, नारी, किसान, श्रमिक और भागीदारी न्याय का संकल्प लेकर राहुल गांधी दूसरी बार भारत जोड़ो यात्रा पर निकले और यात्रा खत्म होने के बाद जब चुनाव प्रचार का सिलसिला शुरू हुआ तो वे इन्हीं न्याय की बात करते रहे। नरेन्द्र मोदी के चुनाव प्रचार में मुस्लिम लीग, मंगलसूत्र और भैंस चोरी की बात होती थी, और राहुल गांधी जातिगत आरक्षण, रोजगार, सबके लिए बराबरी की बात करते थे।

चुनाव खत्म होने के बाद श्री मोदी फिर से सत्ता में हैं और राहुल गांधी विपक्ष में, लेकिन न नरेन्द्र मोदी अपना ट्रैक बदल रहे हैं, न राहुल गांधी अपने संकल्प से हट रहे हैं। श्री मोदी संसद में भी गांधी परिवार को और राहुल गांधी को कोसते दिखे और श्री गांधी संसद में भी नीट से लेकर मणिपुर के लोगों के लिए न्याय की बात करते रहे। संसद से बाहर भी राहुल गांधी यही कर रहे हैं। राहुल गांधी फिर से मणिपुर जा रहे हैं। इससे पहले राहुल गांधी हाथरस गए थे, जहां भगदड़ में मारे गए लोगों के लिए उन्होंने योगी सरकार से न्याय की बात की और इसके लिए चिठ्ठी भी लिखी। राहुल गांधी अहमदाबाद में उन कांग्रेस कार्यकताओं के परिजनों से मिले, जिन्हें कांग्रेस कार्यालय में हुई तोड़ फोड़ के बाद गिरफ्तार किया गया है और राजकोट अग्निकांड के पीड़ितों से मिलकर उन्हें न्याय का आश्वासन दिया। राहुल गांधी दिल्ली के गुरु तेगबहादुर नगर में मजदूरों के बीच भी गए, उनके साथ काम किया और ट्वीट किया कि जो 'भविष्य का भारत' बना रहे हैं, उनके अपने परिवार का भविष्य खतरे में है। भारत के मेहनतकश श्रमिकों को उनका पूरा हक, सुरक्षा और सम्मान दिला कर रहूंगा - ये संकल्प है।

राहुल गांधी नयी दिल्ली रेलवे स्टेशन में लोको पायलट्स के बीच भी पहुंचे और उनके काम के साथ-साथ उनकी परेशानियों को सुना। वे इससे पहले अग्निवीर कहलाने वाले जवानों की शहादत पर भी मोदी सरकार को आईना दिखा चुके हैं कि इन्हें भी न्याय मिलना चाहिए। जो नाइंसाफी अग्निवीरों के साथ हो रही है, वो खत्म होनी चाहिए।

भाजपा ने राहुल गांधी पर कई बार पार्टटाइम राजनेता होने का आरोप लगाया है, लेकिन अब जिस तरह से राहुल गांधी दिन-रात जनता के बीच पहुंच रहे हैं, पीड़ितों के लिए इंसाफ की मांग कर रहे हैं, वो एक तरह से राजनीति में ओवरटाइम करना कहा जा सकता है। श्री मोदी के 18 घंटे काम करने का दांव भी शायद राहुल गांधी के इस जज्बे के आगे टिक नहीं पाएगा। क्योंकि देश देख रहा है कि प्रधानमंत्री मणिपुर या हाथरस नहीं गए, वे इटली और मास्को गए हैं।

## डब्ल्यूएचओ की एजेंसी का खुलासा, 'टैल्कम पाउडर से कैंसर का खतरा'

**नई दिल्ली।** टैल्कम पाउडर के बारे में चल रही बहस के बीच विश्व स्वास्थ्य संगठन की कैंसर एजेंसी 'इंटरनेशनल एजेंसी फॉर रिसर्च ऑन कैंसर' (आईएआरसी) ने इसे कैंसरकारी के रूप में वगीर्कृत किया है। फोर्टिस हीरानंदानी अस्पताल वाशी में कंसल्टेंट-मेडिकल ऑन्कोलॉजी डॉ. सलिल पाटकर ने रविवार को कहा, "टैल्कम पाउडर का उपयोग व्यापक स्तर पर किया जाता है और बहुत से लोग इससे जुड़े संभावित खतरों से अनजान हैं।" पाटकर ने आईएएनएस को बताया, "हालांकि, सबूत अभी तक निर्णायक नहीं हैं, लेकिन, सार्वजनिक स्वास्थ्य की बात करें तो सावधानी बरतना जरूरी है।" उन्होंने कहा, "टैल्कम पाउडर से ओवेरियन कैंसर का खतरा हो सकता है। इसमें टैल्क के कण प्रजनन प्रणाली से होकर अंडाशय में सूजन और क्षति का कारण बन सकते हैं। यह सूजन कैंसर के जोखिम को बढ़ा सकती है।" कैंसर एजेंसी ने टैल्कम पाउडर से होने वाले कैंसर (ओवेरियन कैंसर) के बारे में पता लगाने का प्रयास किया। एजेंसी ने इसे मनुष्यों के लिए कैंसरकारी बताया है। कई रिसर्च में यह बात सामने आई है कि पेरिनेल क्षेत्र में बॉडी पाउडर के उपयोग से मनुष्यों में ओवेरियन कैंसर के मामलों में वृद्धि दर्ज की गई है। इसमें कहा गया है कि पल्प और पेपर उद्योग में टैल्क के संपर्क में आने वाली महिलाओं के व्यावसायिक जोखिम को देखते हुए किए गए शोध में ओवेरियन कैंसर की दर में वृद्धि देखने को मिली। पाटकर ने साफ तौर पर कहा कि व्यक्तियों, विशेष रूप से महिलाओं को टैल्कम पाउडर के उपयोग से जुड़े संभावित जोखिमों के बारे में जागरूक होने की जरुरत है। उन्होंने कहा, "लोगों को टैल्कम पाउडर की बजाय कॉर्नस्टार्च-आधारित पाउडर जैसे वैकल्पिक उत्पादों को इस्तेमाल करना चहिए। इसके साथ ही इन उत्पादों को बनाने वालों को उपभोक्ताओं को इसके बारे में जानकारी देने के साथ इसके सुरक्षित विकल्प देने की जिम्मेदारी लेनी चाहिए।"

# सियासत की नयी सूरत और देश की जरूरत

@ राकेश अचल

देश में चुनाव हुए और नयी सरकार बने एक महीने से चार दिन ऊपर हो चुके हैं। देश की नई सूरत धीरे-धीरे उभर कर सामने आने लगी है। देश के प्रधानमंत्री और संसद में विपक्ष के नेता की प्राथमिकताएं भी आकार लेती दिखाई दे रहीं है। देश जब बाढ़ की विभीषिका और हाथरस के हादसे से दो चार हो रहा है तब मैदान में लोकसभा में विपक्ष के नेता तो यत्र-तत्र नजर आ रहे हैं लेकिन देश के प्रधानमंत्री के दर्शन दुर्लभ है। सुना है कि वे अपनी नयी विदेश यात्रा पर रवाना हो रहे हैं। प्रधानमंत्री की प्राथमिकताओं की तुलना लोकसभा में विपक्ष के नेता से करना अनुचित कही जा सकती है, लेकिन प्राथमिकताओं पर बात करना बिलकुल अनुचित नहीं हो सकता। मोदी जी को ऑस्ट्रिया जाना है, रूस जाना है। वे जा सकते है। उन्हें जाना चाहिए, आखिर वे देश के प्रधानमंत्री हैं। विदेशों से रिश्ते बनाने यदि प्रधानमंत्री नहीं जायेंगे तो और कौन जाएगा पहले भी प्रधानमंत्री ही ये काम करते थे, आज भी कर रहे हैं और कल भी करेंगे। सवाल प्रधानमंत्री जी के विदेश दौरों का नहीं है। सवाल ये है कि प्रधानमंत्री जी देश के उन हिस्सों का दौरा करने से क्यों बच रहे हैं जिन हिस्सों को उनकी सख्त जरूरत है।

प्रधानमंत्री जी देश की संसद की नहीं मानते न माने लेकिन वे अपनी मातृ संस्था राष्ट्रिय स्वयं सेवक संघ की भी नहीं मान रहे, ये चिंताजनक है। संघ ने उन्हें पिछले दिनों अहंकार का त्याग करने, मणिपुर की चिंता करने और विपक्ष को प्रतिपक्ष मानने की सलाह दी थी। दुर्भाग्य संघ का कि उसके स्वयं सेवक कहें या प्रचारक, ने संघ की व्यास गद्दी पर बैठे डॉ मोहन भागवत की सीख नहीं मानी। इंद्रेश कुमार की सलाह को अनसुना कर दिया। मोदी जी न मणिपुर गए और न हाथरस। लगता है कि उनके पास किसी भी पीडित के जख्मों पर लगाने के लिए मरहम बचा ही नहीं है। वे कहीं जाकर करें भी तो क्या करें ये काम सत्तापक्ष का थोड़े ही है, ये काम विपक्ष का है।



मुझे लगता है कि मोदी जी ने संघ की बात मानी हो या न मानी हो किन्तु लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने संघ की बात अवश्य मान ली है। वे हाथरस भी गए और दोबारा मणिपुर भी जा रहे हैं। राहुल गाँधी ने संघ की किसी शाखा में कभी कोई प्रशिक्षण नहीं लिया है, फिर भी उन्हें पता है कि नेताओं को अपनी प्राथमिकता में सबसे ऊपर किस मुद्दे को रखना चाहिए और किसे नहीं मोदी जी की प्राथमिकता में ऑस्ट्रिया और रूस का दौरा है तो राहुल की प्राथमिकता में हाथरस और मणिपुर है। आपको याद दिला दूँ कि सत्तारूढ़ दल के मीडिया सेल ने चुनाव समाप्त होते ही लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गाँधी की इटली यात्रा का हवाई टिकट वायरल किया था। टिकट असली था या नकली, ये राम जानें किन्तु राहुल गांधी भाजपा के रहस्योद्घाटन के बाद भी अभी तक अपनी ननिहाल इटली नहीं गए। हाँ शपथग्रहण के फौरन बाद हमारे प्रधानमंत्री जी जरूर इटली का दौरा कर आये। आखिर इटली से भारत का रोटी-बेटी का रिश्ता जो है। मोदी जी की इटली यात्रा से भारत को क्या हासिल हुआ और क्या नहीं, कोई नहीं जानता। राष्ट्रपति को भी शायद इस बारे में कोई जानकारी नहीं होगी, क्योंकि उन्हें प्रधानमंत्री जी कभी कुछ बताते ही नहीं हैं। वे किसी को कुछ नहीं बतात। वे संसद को कुछ नहीं बताते।

नयी सरकार का पहला बजट तैयार किया जा रहा है, किन्तु प्रधानमंत्री जी को ऑस्ट्रिया जाना है। रूस जाना है। उन्हें विदेशों से भारत के रिश्ते सुधारना है, उन्हें देश में किसी से रिश्ते सुधरने की जरूरत नहीं है। संघ से भी नही। कांग्रेस से तो बिलकुल नहीं। फिलहाल मोदी जी देश में केवल टीडीपी और जेडीयू से रिश्तों को प्राथमिकता दे रहे है। मुमकिन है कि मोदी जी ने अपनी सरकार की वित्तमंत्री को इस बारे में निर्देश दे दिए हैं कि उन्हें टीडीपी और जेडीयू के लिए क्या करना है दोनों ने अपने-अपने राज्यों के लिए जो माँगा है, सो उंन्हें दे दिया जाएगा ताकि वे अपनी बैशाखियों को हटाने के बारे में सोचें ही नहीं। अभी मोदी जी को अपनी सरकार चलने के लिए बैशाखियों की सख्त जरूरत है।

इंदिरा गाँधी और पंडित जवाहर लाल नेहरू के बाद वे देश के ऐसे तीसरे प्रधानमंत्री हैं जो दूर की सोचते हैं। दूर की सोचते ही नहीं बल्कि दूर की कौड़ी भी ले आते हैं। उन्हें पास का शायद साफ-साफ नहीं दिखाई देता। यदि दिखाई देता तो वे मणिपुर जाते, वे हाथरस जाते। ऑस्ट्रिया या रूस नहीं जाते। बहरहाल हम और आप मोदी जी की प्राथमिकताओं पर सवाल करने वाले कौन होते हैं देश की जनता को, विपक्ष को, मीडिया को, अदालतों को सवाल करने का अधिकार शायद अब है ही नहीं। सवाल वहां किये जाते हैं जहां जबाबदेह सरकार हो। यहां तो बैशाखी सरकार है। जनता ने उसे 400 पार नहीं कराया तो वो जनता की क्यों सुने सरकार जनादेश से नहीं बैशखियों से चल रही है। ऐसे में बैशाखियों की सुनी जाएगी न भाई! जनता आने वाले दिनों में बैशाखियों पर टिकी सरकार का कुछ नहीं बिगाड़ सकती। उसे जो करना था सो वो कर चुकी है। अब जो करना है वो सरकार को करना है। इसलिए चुपचाप तमाशा देखिये। क्योंकि हम एक तमाशबीन लोकतन्त्र की रियाया जो हैं।

## आतंकियों से सख्ती के साथ विश्वास बहाली जरूरी



एक तरफ जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव को लेकर गहमागहमी शुरू हो रही है, तो दूसरी तरफ आतंकियों ने भी अपनी सक्रियता बढ़ा दी है। आतंकी हमलों और मुठभेड़ के बढ़ते मामलों से यह साफ संकेत मिल रहा है कि पाकिस्तान विधानसभा चुनाव की प्रक्रिया को बाधित करने की कोशिश कर रहा है। इसके लिए आतंकियों की घुसपैठ भी हो चुकी है और वे मौका मिलते ही वारदात को अंजाम देने में लगे हैं। गत माह रियासी में तीर्थयात्रियों से भरी बस पर आतंकी हमले ने भी यह साबित किया कि आतंकी क्षेत्र में खौफ पैदा करना चाहते हैं। वे सेना के शिविरों पर भी हमले कर रहे हैं। ताजा घटनाक्रम में राजौरी के मंजकोट में आर्मी कैंप के पास आतंकियों ने फायरिंग की। कुलगाम जिले में सर्च ऑपरेशन के दौरान सुरक्षा बलों के साथ हुई मुठभेड़ में छह आतंकी मारे गए लेकिन इस दौरान दो जवान भी शहीद हो गए। सुरक्षा बल आतंकियों के छिपे होने का इनपुट मिलने पर तुरंत सक्रिय हो जाते हैं और कार्रवाई करने के लिए खुफिया एजेंसियों के साथ समन्वय भी कर रहे हैं।

जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद की समस्या दशकों पुरानी है। इसके पीछे स्पष्ट रूप से पाकिस्तान है। पाकिस्तान में चुनाव के बाद बनी नई सरकार ने भारत के साथ संबंध सुधारने की इच्छा तो जताई है, लेकिन कश्मीर मुद्दे पर अपना पुराना राग नहीं छोड़ा है। इसलिए यह आशा करना व्यर्थ है कि पाकिस्तान का रवैया बदलेगा। इसलिए भारत को सीमा पर आतंकियों की घुसपैठ रोकने के साथ देश के भीतर सक्रिय आतंकियों के खिलाफ लगातार कार्रवाई करने पर ही ध्यान देना होगा। साथ ही पाकिस्तान को विश्व मंच पर लगातार बेनकाब करते रहना होगा। भारत सरकार इस दिशा में सक्रिय भी है, लेकिन आतंकियों को मिलने वाला स्थानीय सहयोग आतंकवाद के उन्मूलन में बड़ी बाधा है। इसलिए आतंकियों और उनकी मदद करने वाले स्थानीय सहयोगियों के खिलाफ सख्ती के साथ जम्मू-कश्मीर की जनता को देश की मुख्यधारा से जोड? के प्रयास तेज करने होंगे।

हरियाणा, महाराष्ट्र, झारखंड के साथ जम्मू-कश्मीर में भी शीघ्र विधानसभा चुनाव होने की संभावना है। उच्चतम न्यायालय भी जम्मू-कश्मीर में ३० सितंबर तक चुनाव करवाने के निर्देश दे चुका है। यहां विधानसभा चुनाव करवाने को लेकर चुनाव आयोग भी गंभीर है। लेकिन, आतंकी हमलों की बढ़ती वारदातों के बीच कानून-व्यवस्था बनाए रखना और क्षेत्र की जनता को यह संदेश देना जरूरी है कि वह बेखौफ होकर चुनाव प्रक्रिया में हिस्सा ले सकती है। जनता बुलेट का जवाब बैलेट से देकर क्षेत्र में आतंकवाद के उन्मूलन में मददगार साबित हो सकती है।

## सुनक की हार के बाद भी मजबूत रहेंगे भारत-ब्रिटेन सम्बंध

- आलोक बाजपेयी

यह समझ लें कि ब्रिटेन में सुनक विरोधी वोट नहीं, बल्कि कंजर्वेटिव पार्टी के खिलाफ वोट पड़ा है। लगभग बीस महीने पहले जब सुनक को इस पद पर आसीन किया गया था तब ब्रिटेन की इकानॉमी सबसे मुश्किल दौरों में से एक में थी। दरअसल कोरोना त्रासदी से निपटने के लिए अपनाई गईं आर्थिक नीतियों और कोविड से निपटने के तरीकों ने 2019 में चुनाव जीतने वाले प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन को बेहद अलोकप्रिय कर दिया।



ऋषि सुनक की कंजर्वेटिव पार्टी ब्रिटेन में बुरी तरह चुनाव हार गई। यह उसका सबसे खराब प्रदर्शन रहा है, वहीं किएर स्टार्मर के नेतृत्व में लेबर पार्टी के लिए ये टोनी ब्लेयर की रिकॉर्ड जीत के बाद दूसरी सबसे बड़ी जीत। भारतीय मूल के और नारायण मूर्ति की बेटी अक्षता मूर्ति के पति होने के कारण ऋषि सुनक के प्रति भारतीयों का विशेष लगाव रहा। जब वे ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बने तब भारतीयों ने विशेष रूप से जश्न मनाया। कुछ लोगों ने इसे जिस भारत पर ब्रिटेन का कब्जा रहा उसी के शीर्ष पद पर भारत वंशी के आसीन होने की तरह देखा। यद्यपि सुनक के पुरखे भर भारतीय रहे हैं, उनका स्वयं का और उनके माता-पिता का भी जन्म भारत में नहीं हुआ। लेकिन, अक्षता के कारण उन्हें भारत के दामाद की तरह भी बुलाया गया। जाहिर है कि ऋषि सुनक की हार से भारत में भी बहुतों का दिल टूटा है और उन्हें यह भी लगता है कि अब भारत और ब्रिटेन के आपसी रिश्ते पहले की तरह मजबूत नहीं रहेंगे। क्या ये आशंका सच है ऋ षि सुनक क्या वाकई भारत के साथ सम्बंध निभाने में सबसे आगे थे या क्या उनकी हार से भारत -ब्रिटेन सम्बन्धों पर पहाड़ टूट पड़ेगा कुछ उत्साही मीडियाकर्मी तो सुनक की हार के पीछे भी उनका भारतप्रेम, महंगीजीवन शैली, अक्षता का भारतीय नागरिकता न छोड़ना वगैरा कारण बता रहे हैं। क्या ये भी सच है उत्तर है - नहीं! आइये, जानते है क्यों

ऋ षि सुनक की हार का सबसे बड़ा कारण है-14 वर्षों से जारी कंजर्वेटिव पार्टी के राज के कारण एंटी इनकम्बेंसी। दूसरा कारण है एक के बाद विफल हुए पार्टी नेतृत्वकताओं के कारण पांच बार प्रधानमंत्री के चेहरे में बदलाव से उपजा अविश्वास। इसे बार-बार कमांडर बदलने का दुष्प्रभाव भी कह सकते हैं। कुछ घोटालों के सामने आने और सुनक के पूर्व के प्रधानमंत्रियों की इंग्लैंड की अर्थव्यवस्था संभालने में विफलता ने लेबर पार्टी की जीत का रास्ता आसान कर दिया था। यह हार 2019 के चुनाव में भी हो सकती थी लेकिन तब ब्रेग्जिट संधि से बाहर आने के माहौल ने यूके में दृश्य बदल दिया था। इस बार एंटी इनक्मबेंसी का प्रभाव रोकने के लिए ऋ षि सुनक ने चुनाव जल्दी भी कराए लेकिन कोई फर्क नहीं पड़ा।

यह समझ लें कि ब्रिटेन में सुनक विरोधी वोट नहीं, बल्कि कंजर्वेटिव पार्टी के खिलाफ वोट पड़ा है। लगभग बीस महीने पहले जब सुनक को इस पद पर आसीन किया गया था तब ब्रिटेन की इकानॉमी सबसे मुश्किल दौरों में से एक में थी। दरअसल कोरोना त्रासदी से निपटने के लिए अपनाई गईं आर्थिक नीतियों और कोविड से निपटने के तरीकों ने 2019 में चुनाव जीतने वाले प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन को बेहद अलोकप्रिय कर दिया। रूस -यूक्रेन युद्ध ने यूके की मुसीबतें बढ़ा दीं और अंततः जॉनसन को इस्तीफा देना पड़ा। बढ़ती महंगाई, ब्याज दरों और बेरोजगारी के बीच सुश्री लिज ट्रस प्रधानमंत्री पद की कुर्सी पर बैठीं लेकिन अपनी आर्थिक नीतियों का वांछित असर न देखकर मात्र 40 दिनों बाद ही उन्होंने इस्तीफा दे दिया। ऐसे में बेहद मुश्किल परिस्थितियों में अक्टूबर 2022 में प्रधानमंत्री पद सम्भालने वाले सुनक ने उन्हें मिली आर्थिक स्थिति सम्भालने की सबसे बड़ी चुनौती को बखूबी पूरा किया और जैसा उन्होंने प्रधानमंत्री बतौर अंतिम भाषण में कहा मात्र 20 महीनों के अंतराल में ब्रिटेन की अर्थव्यवस्था को लेकर पहले लक्ष्य पूरे किए गए हैं।

मुद्रास्फीती की दर बैंक ऑफ इंग्लैंड के मापदंड दो प्रतिशत से कम हैं, ऋ ण पर ब्याज दरें पुनः कम हो चुकी है और अर्थव्यवस्था पुनः विकास की ओर लौट चुकी है। नवागत प्रधानमंत्री किएर स्टार्मर ने भी अपने प्रथम भाषण में ऋ षि सुनक के योगदान को सराहा। स्टार्मर ने कहा, 'ब्रिटिश एशियन पीएम के तौर पर उनकी असाधारण उपलब्धियों को हम भूल नहीं सकते, उसके प्रति हम आदर व्यक्त करते हैं।' सुनक की जीवन शैली या भारत प्रेम या परिवार अथवा दौलत उनके हारने के कारणों में कतई शामिल नहीं। भारतवंशी प्रधानमंत्री के रूप में हम संतुष्ट हो सकते हैं कि उनकी विदाई सम्मानजनक रही और अभी उनकी कम उम्र को देखते हुए उनके सामने एक लम्बा भविष्य पड़ा है। ऋ षि सुनक स्वयं नॉर्थ इंग्लैंड से अपनी सीट अच्छे बहुमत से जीत गए जबकि कंजर्वेटिव पार्टी की हार का प्रमुख कारण मानी जा रही पूर्व प्रधानमंत्री लिज ट्रस और चुनाव समर से पहले ही हार मान लेने वाले ग्यारह मंत्री भी चुनाव हार गए।

लेबर पार्टी में एक समय में भारत विरोधी भावना वाले तत्व बहुत थे। लेकिन तारीफ करनी होगी नवागत प्रधानमंत्री सर किएर स्टार्मर की जिन्होंने लगातार दृढ़ता से भारत विरोधी भावना का विरोध कर लेबर पार्टी का रूख ही बदल दिया। इनमें सबसे महत्वपूर्ण रहे जर्मी कोर्बिन जिनके नेतृत्व में 2019 में लेबर पार्टी ने कश्मीर में धारा 370 हटाने के संदर्भ में प्रस्ताव पास किया कि कश्मीर में मानवाधिकार संकट में हैं तथा वहां के नागरिकों को स्वयं का निर्णय लेने का अधिकार मिलना चाहिए। भारत ने स्वाभाविक तौर पर इसका विरोध किया लेकिन उससे महत्वपूर्ण यह है कि किएर स्टार्मर ने इस प्रस्ताव का विरोध करते हुए स्पष्ट कहा कि कश्मीर अंदरूनी मसला है और ब्रिटेन को इसमें दखल नहीं देना चाहिए। बाद में स्टार्मर ने जर्मी कोर्बिन को पार्टी में लगभग साइड लाइन कर दिया और अंततः जर्मी ने यह चुनाव निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में लड़ा। इसी तरह लेबर पार्टी की शैडो मिनिस्टर रही प्रीत कौर गिल को खालिस्तान समर्थक कदमों के कारण उन्होंने पदावनत कर दिया था। चरमपंथियों का समर्थन करने के कारण सिख लेबर काउंसलर परविंदर कौर के भी पर वे कतर चुके हैं। लेबर पार्टी खालिस्तान के मुद्दे पर अपना रूख स्पष्ट कर चुकी है कि वह भारत विरोधी या अलगाववादी किसी भी भावना का समर्थन नहीं करती। यहां उल्लेखनीय है कि ब्रिटेन में खालिस्तान समर्थकों पर कार्रवाई के मामले में सुनक की सरकार की कोई विशेष जमीनी उपलब्धियां नहीं रहीं। किसी वीवीआईपी के आने या जाने के दौरान बयान भर जारी किया जाता था लेकिन असलियत में भारतीय दूतावास से तिरंगा ध्वज उतारने वालों तक पर आज तक जांच ही चल रही है, कार्रवाई नहीं हो पाई। अतः इस मोर्चे पर भी सुनक के जाने और स्टार्मर के आने से भारत का कोई नुकसान नजर नहीं आता।

विगत दिनों मंदिर दर्शन करने गए किएर स्टार्मर ने भारतीय समुदाय को सम्बोधन करते हुए कहा था कि- हिन्दू फोबिया का ब्रिटेन में कोई स्थान नहीं है। ब्रिटेन की 2.5प्रतिशत आबादी भारतवंशियों की है जो अधिकांश समय लेबर समर्थक रहे हैं। ऋ षि सुनक की तरह ही स्टार्मर भी होली-दीवाली के उत्सवों में शामिल देखे गए हैं। भारत के अच्छे संबंध बनाना कंजर्वेटिव और लेबर दोनों ही पार्टियों के घोषणा पत्र में था। लेबर पार्टी ने भारत के साथ मुक्त व्यापार समझौते को प्राथमिकता देने के साथ तकनीक और रक्षा के मामले में भी आपसी सहयोग बढ़ाने को घोषणा पत्र में शामिल किया है।

शैडो मिनिस्ट्री एक अच्छी और अनुकरणीय लोकतांत्रिक परंपरा है भारत में लागू नहीं लेकिन ब्रिटेन में लागू है। इससे विपक्षी दलों को महत्वपूर्ण मसलों पर अपना रूख स्पष्ट करने का अवसर मिलता है। लेबर पार्टी के शैडो विदेश सचिव डेविड लैमी भारत के साथ संबंध और मधुर करने के प्रतिबद्धता जताते हुए इसे प्राथमिकता भी बता चुके हैं। भारत को अनेक मोर्चों पर महाशक्ति कहने वाले डेविड लैमी ही विदेश मंत्री बनें, इसकी सम्भावना भी थी और ब्रिटेन में बसे भारतीयों की इच्छा भी। खुशी की बात यह है कि किएर स्टार्मर सरकार में विदेश मंत्री का पद डेविड लैमी को ही दिया गया है जो भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर को अपना मित्र बताते हैं। इतना ही नहीं लैमी तत्कालीन प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन द्वारा भारत के साथ फ्री ट्रेड एग्रीमेंट साइन करने की डेडलाइन चूकने को लेकर तंज भी कस चुके है और इस समझौते को शीघ्रतिशीघ्र साइन करने के लिए जुलाई अंत में भारत आने की घोषणा भी कर चुके हैं।

# सीएम प्राथमिकता बैठक से गैरहाजिरों के रोके वेतनः डीएम

### डीएम ने संचारी रोग नियंत्रण अभियान संचालन पर दिया जोर

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन की अध्यक्षता में संचारी रोग नियंत्रण अभियान संचालन बाबत ब्लॉक स्तरीय बैठक मऊ तहसील सभागार में प्रधानों के साथ हुई।

सोमवार को बैठक में जिलाधिकारी ने सीबीओ, जिला कृषि अधिकारी व डीपीआरओ के गैरहाजिरी पर वेतन रोकने के निर्देश दिये। उन्होंने प्रधानों से कहा कि संचारी रोग नियंत्रण मुख्यमंत्री का महत्वपूर्ण कार्यक्रम है। जिला स्तरीय बैठक में निर्णय लिया कि ये कार्यक्रम ग्राम स्तरीय व ब्लॉक स्तर पर कराकर प्रधानों को जागरूक कर कराया जाये। ये अभियान की थीम बच्चों के भविष्य से जुड़ी है। संबंधित विभागों के अधिकारियों ने ग्राम स्तर कार्य योजना बाबत बताया। उन्होंने कहा कि सबसे बड़ा मुद्दा गांव में सफाई का है। नालियों की सफाई, जल भराव न होने दें, एंटी लार्वा छिड़काव करायें। प्रभारी चिकित्सा अधिकारियों से दवायें प्राप्त करें।


बैठक में भाग लेते कर्मचारी।

जिलाधिकारी ने कहा कि जिला स्तर व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र व प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर बीमारियों से बचाव की पर्याप्त दवाये हैं। बचाव की सभी तैयारियां पूरी हैं। अभियान में आशा, एएनएम, आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को लगाया है। अपर जिला पंचायत राज अधिकारी व बीडीओ से कहा कि गांव में फॉगिंग मशीन की व्यवस्था करायें। गांव की महिलाओं को आगे कर लोगों को जागरूक करें। मऊ ब्लाक के टिकरा, बियावल, पूरब पताई, बरियारी कला व रामनगर ब्लाक के रामनगर प्रधान से गांव व ईओ नगर पंचायत राजापुर से कहा कि जिस वार्ड में पिछले वर्ष बीमारियां फैली थीं, वहां उन बीमारियों पर सतर्क रहकर साफ-सफाई करायें। बीएसए से कहा कि शिक्षकों को निर्देश दें कि स्कूलों के छोटे बच्चे विद्यालय में पढ़ाई करने वाले सभी बच्चे फुल पैंट-शर्ट पहनकर आयें, ताकि बच्चों को मच्छर न काट सके। बीमारी से बच सके। प्रधानों से कहा कि गांव में जल भराव न रहे। हो तो सोख्ता गड्ढे बनायें, नालियों से जोड़ें।



बैठक में निर्देश देते डीएम।

सीएमओ डॉ भूपेश द्विवेदी ने प्रधानों से कहा कि संचारी रोग अभियान प्रत्येक वर्ष तीन बार चलाया जाता है। मुख्यमंत्री ने इस अभियान को प्राथमिकता से घर-घर करने के निर्देश दिये हैं। एसडीएम मऊ राकेश कुमार पाठक ने प्रधानों से कहा कि ये मुख्यमंत्री की विशेष कार्य योजना है। सभी लोग सही ढंग से संचालित करें। बीएसए वीके शर्मा ने कहा कि विद्यालयों पर एक जुलाई से संचारी रोग नियंत्रण अभियान के कार्यक्रम हो रहे हैं। 16 जुलाई तक एसएमसी बैठक कर सामूहिक रूप से बच्चों व अभिभावकों को जागरूक किया जाएगा। बैठक में डीसी मनरेगा धर्मजीत सिंह, बीडीओ मऊ रामजी मिश्रा, रामनगर शैलेंद्र सिंह समेत संबंधित लोग मौजूद रहे।

# शिक्षिकायें कर रही बच्चों के भविष्य से खिलवाड

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिला मुख्यालय से सटे कोलगदहिया गांव के जूनियर विद्यालय की शिक्षिकायें बच्चों के भविष्य से खिलवाड कर रही हैं। गांव के बरकत अली, गजोधर प्रसाद, सहाबुद्दीन, मोहित सिंह, मो मुकीम आदि ने जिलाधिकारी को लिखे पत्र में कहा कि कोलगदहिया जूनियर विद्यालय की शिक्षिका ऋतु त्रिपाठी, सलमा खातून व ज्योती शिवहरे कभी बच्चों को नहीं पढ़ाती। दिनभर मोबाइल चलाती रहती हैं। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को लिखे पत्र में कहा कि ये शिक्षिकायें विद्यालय आकर दिनभर बैठी रहती हैं। समय पास कर घर लौट जाती हैं। ग्रामीणों ने ये शिकायत विद्यालय के प्रधानाध्यापक से भी की है। प्रधानाध्यापक ने शिक्षिकाओं को पढाने को कहा तो तीनों शिक्षिकायें गम्भीर अपराध में फंसाने की धमकी देती हैं। प्रधानाध्यापक अशर्फीलाल शिक्षिकाओं की धमकी से शान्त हो गये। तीनों शिक्षिकायें बच्चों के भविष्य से खिलवाड कर रही हैं। शिक्षिकाओं पर नियमानुसार कार्यवाही की मांग की है, ताकि विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चों का भविष्य सुरक्षित हो सके।

# 11 को राष्ट्रीय लोक अदालत में निपटेंगे तमाम मामले

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली व उप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देश पर 13 जुलाई को राष्ट्रीय लोक अदालत बाबत जनपद न्यायाधीश/जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष विकास कुमार प्रथम की अध्यक्षता में सभी न्यायिक अधिकारियों की बैठक हुई।

सोमवार को हुई बैठक में सचिव/अपर जिला जज श्रीमती नीलू मेनवाल ने बताया कि जनपद न्यायाधीश की अध्यक्षता में 13 जुलाई को होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में शमनीय आपराधिक वाद, चेक बाउंस, मोटर एक्सीडेंट क्लेम वाद, विद्युत अधिनियम, पारिवारिक/ वैवाहिक वाद, सुखाधिकार वाद, स्थायी निषेधाज्ञा व सिविल वाद, मनी वसूली वाद, विनिर्दिष्ट अनुतोष वाद, मोटर वाहन ई-चालान/लघु आपराधिक वादों का निस्तारण होगा। सभी न्यायिक अधिकारियों से अधिक से अधिक तादाद में वादों को चिन्हित कर राष्ट्रीय लोक अदालत में निस्तारण पर जोर दिया। बैठक में श्रीकृष्ण यादव पीठासीन अधिकारी मोटर दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण, राकेश कुमार यादव प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय, अनुराग कुरील प्रथम अपर जिला जज, राममणि पाठक नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत/विशेष न्यायाधीश एससी/एसटी एक्ट, श्रीमती रेनू मिश्रा विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट, नीरज श्रीवास्तव अपर जिला जज/एफटीसी, राजेन्द्र प्रसाद भारती मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, सूर्यकान्तधर दुबे सिविल जज (सीडि), सचिन कुमार दीक्षित अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, श्रीमती इला चैधरी अतिरिक्त सिविल जज सीडि, सुश्री सोनम गुप्ता सिविल जज (सीडि)/एफटीसी, श्रीमती सैफाली यादव सिविल जज (जूडि), सुश्री अंजलिका प्रियदर्शिनी न्यायिक मजिस्ट्रेट मौजूद रहे।

### जमीनी विवाद में वृद्ध को लाठी-डंडों से पीटा

**अखंड भारत संदेश**

**मानिकपुर/चित्रकूट।** मानिकपुर थाना क्षेत्र के ऊंचाडीह गांव के मजरा चमरौंहा में रविवार शाम सात बजे जमीनी विवाद को लेकर तीन-चार लोगों ने भैंस दुहते समय वृद्ध की बेरहमी से पिटाई कर दी है। पुलिस ने मामला दर्जकर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

ये घटना चमरौंहा गांव में रविवार शाम सात बजे हुई। बताया गया कि मदनलाल (68) पुत्र ज्वाला प्रसाद शाम को भैंस दुह रहा था। उसी समय महेश दुबे, छुट्टन उर्फ यज्ञ नारायण पुत्र कोदू प्रसाद, विनोद द्विवेदी पुत्र नत्थू प्रसाद लाठी-डंडों से वृद्ध पर हमला बोल दिया। उसे लहूलुहान कर फरार हो गये। वृद्ध के सिर पर गम्भीर चोंट आई है। परिजनों ने मानिकपुर थाने में तहरीर दी। पुलिस ने मामला दर्जकर वृद्ध को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज को भर्ती कराया है। डाक्टरों ने प्राथमिक उपचार बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। चारों के खिलाफ मामला दर्जकर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

# श्रीमद्भागवत कथा सुनने से मिलता है मोक्षः आचार्य धीरज पाण्डेय

**अखंड भारत संदेश**

**राजापुर/चित्रकूट।** क्षेत्र के नैनी गांव के सिद्ध आश्रम भैरवनाथ मंदिर में श्रीमद्भागवत कथा के छठवें दिन कथावाचक आचार्य धीरज पांडे वाराणसी ने कहा कि श्रीमद्भागवत का मात्र एक श्लोक सुरसरि गंगा के समान है। पूरे गांव के लोग कथा का रसपान कर रहे हैं।

कथा के छठवें दिन सोमवार को कथाव्यास ने कहा कि श्रीमद्भागवत सुनने से मानव जीवन के संपूर्ण पाप नष्ट हो जाते हैं। भक्त साकेतधाम का गामी होता है। जिसके सुनने से दैहिक, दैविक व भौतिक तीनों प्रकार की सन्ताप नष्ट हो जाते हो। श्रीमद्भागवत कथा का महत्व बताते हुए कहा कि राजा


भागवत कथा सुनाते आचार्य।

परीक्षित मोक्ष के लिए श्रीमद्भागवत कथा पुराण को सुनकर मोक्ष प्राप्त किया था। कथावाचक ने कहा कि रामकथा के बिना कृष्ण कथा अधूरी है। भगवान श्रीकृष्ण के किये कार्यों को सुनना तथा त्रेता में भगवान श्रीराम की लीला का अनुसरण कर उत्तम समाज की स्थापना करना चाहिए। रामचरितमानस में गोस्वामी तुलसीदास ने समाज के लिए हर प्रकार की नीतियों का समावेश किया। उन्हीं नीतियों से उत्तम समाज की स्थापना हो सकती है। द्वापर के अहंकार रूपी कंस का वध कर माता-पिता देवकी-वासुदेव को कारागार से मुक्त करा अत्याचार का अंत किया था। कथावाचक ने कहा कि ब्रह्म बिना शक्ति व शक्ति बिना ब्रह्म अधूरे रहते हैं। शक्ति व ब्रह्म का मिलन माता रुक्मणी के विवाह से होता है। ब्राह्मण सुदामा की दीन दशा का वर्णन कर बताया कि सुदामा जीव के रूप में भगवान श्रीकृष्ण ब्रह्म के रूप में थे। जिस तरह से जीवा ब्रह्म का एक स्वरूप माना जाता है, उसी प्रकार सुदामा ब्राह्मण चार वेदों अष्ट शास्त्रों का ज्ञाता होने के बाद भी परमपिता परमात्मा श्री कृष्ण से सखा भाव से ओतप्रोत होकर पत्नी सुशीला के कहने पर एक मुट्ठी तंदुल लेकर द्वारका मिलने गये थे। इस मौके पर आचार्य शिव प्रकाश मिश्रा, शिव प्रसाद द्विवेदी, हरिश्चंद्र मिश्रा, अमरीश त्रिपाठी, उग्रसेन उपाध्याय, पप्पू साहू आदि भक्त मौजूद रहे।

# आपात दशा में भी सीएचसी में नहीं चलता जनरेटर, गर्मी से लोग बेहाल

**अखंड भारत संदेश**

**मानिकपुर/चित्रकूट।** सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मानिकपुर की व्यवस्थायें धड़ाम हो गई हैं। इमरजेन्सी मे भी स्टाफ के डॉक्टर से लेकर कर्मचारी व मरीज तथा तीमारदार गर्मी में लाइट न होने से परेशान हैं। जनरेटर शोपीस बना है। सोमवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मानिकपुर के हाल-बेहाल दिखे। लाइट न होने से गर्मी में डॉक्टर-कर्मचारी समेत मरीज-तीमारदार सभी परेशान हैं। जनरेटर शोपीस बना है। अधिकारियों को दिखावे को रखा है। अस्पताल के अधीक्षक व्यवस्था नहीं संभाल पा रहे। स्टाफ-डाक्टर सिर्फ खानापूरी में लगे हैं। मरीज इधर-उधर भटकने को मजबूर हैं। उमस भरी गर्मी में अस्पताल स्टाफ के नदारद होने से मरीजों की समस्यायें हल नहीं होती। सरकार गरीबों को बेहतर स्वास्थ्य सेवायें देने का दावा करती है। ये दावे सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में फेल दिखते हैं। लोगों ने कहा कि नये जिलाधिकारी के आने से व्यवस्थाओं में सुधार होगा, लेकिन अस्पताल स्टाफ की इस कदर मोटी चमडी है कि सुधरने का नाम नहीं ले रही।

### ब्लास्टिंग के विरोध में ग्रामीणों का प्रदर्शन

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** भरतकूप थाने के गोंडा गांव के ग्रामीणों ने पहाड़ों पर अवैध ब्लास्टिंग के विरोध में जिलाधिकारी कार्यालय में प्रदर्शन किया। सोमवार को ग्रामीणों ने प्रदर्शन कर कहा कि रज्जन शर्मा नामक ठेकेदार चार इंची अवैध ब्लास्टिंग करता है। गोंड़ा गांव के ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से ठेकेदार रज्जन शर्मा के खिलाफ कार्यवाही की मांग की। कहा कि अवैध ब्लास्टिंग से उनके घरों में दरारें आ गई हैं। ग्रामीणों ने बताया कि ब्लास्टिंग से पत्थर उड़कर घरों में आते हैं। कभी कोई बड़ा हादसा हो सकता है। लंबे समय से चार इंची अवैध ब्लास्टिंग कराई जा रही है। ग्रामीणों ने ब्लास्टिंग पर रोक लगाने की मांग की है।

# मऊ में बीएसए का शिक्षकों ने किया भव्य स्वागत, शैक्षिक उन्नयन गोष्ठी भी की

**अखंड भारत संदेश**

**मऊ/चित्रकूट।** महामती प्राणनाथ इंटर कॉलेज मऊ में नवागंतुक बीएसए वीके शर्मा का स्वागत समारोह मऊ ब्लॉक के शिक्षकों ने कर एक दिवसीय शैक्षिक उन्नयन गोष्ठी आयोजित की। बीएसए के मुख्य आतिथ्य में टैबलेट सिम बांटने का भी कार्यक्रम हुआ।

सोमवार को बीएसए वीके शर्मा ने कहा कि परिषदीय विद्यालय के प्रधानाध्यापक जिस दिन अपने कर्तव्यों का सही ढंग से पालन करने लगेंगे, उस दिन शिक्षा व्यवस्था स्वतः सुधरने लगेगी। परिषदीय विद्यालय में ज्यादातर गरीबों के बच्चे पढ़ने आते हैं। गरीबों की सेवा करना पुण्य का काम है। गरीब बच्चों का भविष्य उज्जवल बनायेंगे तो हमारे बच्चों का भविष्य उज्जवल होगा। आयोजन की अध्यक्षता उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ जिलाध्यक्ष अखिलेश कुमार पाण्डेय, वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष आलोक गर्ग व महामती प्राणनाथ डिग्री कालेज के प्राचार्य एस कुरील की अध्यक्षता में उप्र प्राथमिक शिक्षक संघ की मऊ ब्लाक इकाई के सभी पदाधिकारियों ने बीएसए का स्वागत किया। उच्च प्राथमिक विद्यालय चित्रवार की छात्राओं ने सरस्वती वंदना/स्वागत गीत पेश किया। खण्ड शिक्षाधिकारी मऊ कृष्णदत्त पांडेय ने स्वागत करते हुए बीएसए को पुष्पगुच्छ भेंट किया। उन्होंने विभागीय व शासकीय कार्यों को समय से पूरा करने तथा संचारी रोगों में रोकथाम को प्रचार करने, स्कूल चलो अभियान को सफल बनाने के शिक्षकों को निर्देश दिये। जिलाध्यक्ष अखिलेश पांडे ने शिक्षकों के कर्तव्य बताये। शिक्षकों की विभागीय समस्याओं के निवारण को नवागंतुक बीएसए से अनुरोध किया। उन्होंने जिले की शिक्षा व्यवस्था की उपलब्धियां बताई। जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष आलोक गर्ग ने बीएसए को पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। इस मौके पर ब्लॉक अध्यक्ष वीरभान सिंह, दिलीप शुक्ला, अशोक द्विवेदी, अखिलेश मिश्रा, डॉ अखिलेश मिश्रा, सुशील विश्वकर्मा, आलोक श्रीवास्तव, वीरेंद्र श्रीवास्तव, वेद प्रकाश सोनी, शारदेंदु शुक्ला, खुशबू जायसवाल, पूजा तिवारी, तबस्सुम बेगम, पवन जायसवाल, प्रभास पांडे, अजय सिंह, ज्ञान सिंह, दनुज सिंह आदि मौजूद रहे। अंत में जिला बेसिक शिक्षाधिकारी ने कई विद्यालयों के शिक्षकों को ऑनलाइन डिजिटल हाजिरी को टैबलेट के सिम बांटे। सिम पाने वालों में पवन जायसवाल, खुशबू जायसवाल, राजेश सिंह, रामकुमार शर्मा, पूजा तिवारी आदि शिक्षक शामिल रहे।


शिक्षकों को टैबलेट सिम देते बीएसए।

# भू-माफियाओं से संपत्ति बचाने को डीएम से लगाई गुहार

## दबंगई से सरकारी जमीन समेत पीड़ित की जमीन पर कर लिया कब्जा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** । जिले में भू-माफियओं का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा। वर्षों से गांव के कई लोगों की भूमि पर कब्जा जमाये भू-माफियाओं ने गांवसभा व तालाब की जमीन को नहीं छोड़ा। अतिक्रमण कर अवैध पक्के मकान बनाकर कब्जा किये है। आये दिन ग्रामीणों की जमीनों पर कब्जा कर रहे हैं।

सोमवार को ऐसा ही मामला सरधुवा थाना क्षेत्र के विलास बांगर गांव का सामने आया है। यहां पर


गुहार लगाता पीडित।

माफियाओं ने जबरन ग्रामीण की 25 बीघा जमीन पर कब्जा कर लिया है। पीड़ित ने सोमवार को डीएम से भेंटकर भूमि पर कब्जा दिलाने व भू-माफियाओं पर कार्यवाही की गुहार लगाई है। विलास बांगर के पीड़ित अजेंद्र सिंह ने बताया कि वह सात माह पहले विलास गांव के दुर्विजय सिंह पुत्र इंद्रपाल से 25 बीघा जमीन बैनामा ली थी। गांव के अपराधी किस्म व भू-माफिया दबंग वीर सिंह, बबलू सिंह, गब्बर सिंह पुत्र रामप्रताप सिंह व कुशल सिंह पुत्र रामराज सिंह जबरियां कब्जा किये हैं। पीड़ित को खरीदी जमीन कब्जा नहीं होने दे रहे। पीड़ित के कब्जे के प्रयास पर गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हैं। पीड़ित ने बताया कि ये लोग पूर्व में लेखपाल की मिलीभगत से साजिश कर जमीन विक्रेता दुर्विजय को मृत घोषित कर खतौनी से छेड़छाड़ की है। जबकि दुर्विजय आज भी जिंदा है। पीड़ित ने बताया कि पिता कोटेदार हैं। ये दबंग अपात्रता की सूची में हैं। फिर भी राशनकार्ड ले रखे हैं। कई बार राशनकार्ड सरेंडर करने को कहा तो धमकी देते हैं। जबरन कार्ड से अधिक खाद्यान मांगते हैं। इनसे गांव के तमाम लोग परेशान हैं।

# भू-माफियाओं की हरकतें चढ रही परवान

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिले में भू-माफियाओं ने पुनः अपना जाल फैलाना शुरू कर दिया है। पूर्व जिलाधिकारी ने भू-माफियाओं की जमीनों पर बुलडोजर चलवाकर हौसले पस्त कर दिये थे। उनके तबादले के बाद जमीनों का गोरखधंधा फिर शुरू हो गया है। सोमवार को भू-माफियाओं की हरकतों का खुलासा हुआ। बताया गया कि अवैध कारोबार से लाखों को करोडों में बदलने वाले चोरी-छिपे जमीनों को एग्रीमेन्ट से अपने नाम कर हेराफेरी शुरू कर दिया है। देवांगना रोड, हनुमान धारा रोड, कलेक्ट्रेट रोड, संत थॉमस स्कूल के इर्द-गिर्द, सीतापुर ग्रामीण, तीर्थ स्थलों के आसपास, राजापुर-पहाड़ी रोड, तरौंहा रोड समेत सूरजकुंड रोड पर जमीनों को समतल कर विकास प्राधिकरण से बिना नक्शा पास कराये प्लॉटिंग कर रहे हैं। विकास प्राधिकरण से चिन्हित ग्रीन लैंड पर हरे-भरे पेड़ों को काटकर पर्यावरण को क्षति पहुंचाकर अवैध ढंग से प्लॉटिंग में तेजी से जुट गये हैं। भू-माफियाओं से त्रस्त आम जनता ने जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन से भू-माफियाओं की हरकतों पर अंकुश लगाने की मांग की है।

### पिपरौंद में प्रधान ने खुदवाया तालाब का भीठा

**अखंड भारत संदेश**

**मऊ/चित्रकूट।** मऊ तहसील के पिपरौंद गांव में प्रधान व लेखपाल की मिलीभगत से गांवसभा की जमीन पर पैसा लेकर दो साल से अवैध निर्माण जारी है। पांच सौ साल पुराने तालाब के पूरे भीठा को जेसीबी मशीन से खुदवाकर मिट्टी बेंच ली गयी है। भीठा मे खेत बनवाकर धान लगाने की तैयारी हो रही है।

इस मामले का खुलासा सोमवार को हुआ। बताया गया कि प्रधान दबंगई के चलते लेखपाल से मिलीभगत कर गांवसभा की जमीन पैसा लेकर बेंच रहा है। दो साल से गांवसभा की जमीन पर अवैध निर्माण चल रहे हैं। पांच सौ साल पुराने तालाब के भीठा को जेसीबी से खुदवाकर मिट्टी बेंची गई है। स्कूल की जमीन पर अवैध निर्माण करवाये हैं। गांव समाज की जमीन बेंचकर प्रधान व लेखपाल बंदरबांट कर रहे हैं। लेखपाल व प्रधान की हरकतों से ग्रामीण परेशान हैं। प्रधान व लेखपाल कहते हैं कि चाहे जहां प्रार्थना दो, कोई उनका कुछ नहीं बिगाड सकता। तमाम शिकायतों के बाद भी किसी अधिकारी ने आज तक मौका मुआयना नहीं किया। ग्रामीणों ने नये जिलाधिकारी से मांग की है कि प्रधान व लेखपाल की हरकतों पर रोक लगाकर गांवसभा की जमीन व तालाब बचाया जाये।

# करंट की चपेट में आई भैंस की मौत

**अखंड भारत संदेश**

**मानिकपुर/चित्रकूट।** विद्युत करंट की चपेट में आने से भैंस की मृत्यु हो गई। भैंस मालिक व मोहल्लेवासियों ने बिजली विभाग पर अनदेखी व लापरवाही का आरोप लगाया है।

सोमवार को मानिकपुर कस्बे के गांधीनगर के बच्चा सोनकर पुत्र भग्गू सोनकर ने बताया कि उसकी भैंस सवेरे भरोसा बांध किनारे चरने गई थी। वहां बिजली का पोल लगा है, उसमें करंट आने की शिकायत मोहल्लेवासियों ने कई बार विद्युत विभाग के जिम्मेदार लोगों से की थी। विद्युत विभाग की अनदेखी से विद्युत पोल से करंट आना बन्द नहीं कराया। आज उसकी भैंस करंट की चपेट में आ गई। भैंस की मौत से दुखी बच्चा ने बताया कि वह गरीब है। भैंस का दूध बेंचकर जीवनयापन करता है। भैंस मरने से परिवार भुखमरी की कगार पर आ जायेगा। एसडीएम मानिकपुर को मामले की जानकारी देकर आवश्यक कार्यवाही की मांग की है।

### अज्ञात महिला के शव की नहीं हो रही शिनाख्त

**चित्रकूट।** भरतकूप थाना क्षेत्र के बैहार गांव में खेतों के बगल में कुआ से अज्ञात महिला का शव बरामद हुआ है। शव की शिनाख्त को पुलिस परेशान है। अज्ञात महिला का हुलिया गंदुम रंग, गोल चेहरा, आंख सामान्य, बाल काले, लम्बाई चार फिट पांच इंच, सामान्य गठीला शरीर, उम्र तकरीबन 35 वर्ष बताई गई है। वह पीले रंग का ब्लाऊज, नीले रंग का पेटीकोट, बांये हांथ की पांचों अंगुलियों में सफेद धातु की अंगूठी व सात चूड़ियां, दाहिने हाथ में तीन अंगुलियों में अंगूठी व नौ चूंड़ियां, कंगन, गले में लाल-पीले मोती की माला, कान में पीली धातु का झुमका, दोनों पैर में सफेद घातु की पायल व बिछिया, बालों में क्लिप व क्लेचर लगा है। जिस किसी को पता चले वह थानाध्यक्ष भरतकूप 9454403215, 9305101099 व सीओ सिटी 9454401356, 9305101116 पर सूचना दें।

# प्राइवेट स्कूल शिक्षिका का ब्लैकमेलर गिरफ्तार

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर वांछित/वारंटी की गिरफ्तारी को जारी अभियान में एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी व सीओ सिटी राजकमल की देखरेख में कर्वी कोतवाल उपेन्द्र प्रताप सिंह की अगुवाई में निरीक्षक अपराध लाखन सिंह ने महिला को नशीला पदार्थ खिलाकर छेड़छाड़ कर अश्लील फोटो, वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करने वाले को मोबाइल फोन समेत गिरफ्तार किया।

ज्ञात है कि 30 जून 2024 को एक महिला ने कोतवाली कर्वी में रिपोर्ट लिखाई कि राम मिश्रा पुत्र विनोद मिश्रा चकदेही थाना सेमरिया जिला रीवा मप्र ने नशीला पदार्थ खिलाकर अश्लील फोटो व वीडियो बनाकर वायरल करने की धमकी दी थी। इंस्टाग्राम से फोटो निकालकर एप से एडिट कर ब्लैकमेल किया है। पुलिस ने मामला दर्जकर मुकदमे की विवेचना व आरोपी की गिरफ्तारी को निरीक्षक लाखन सिंह को सौंपी। निरीक्षक लाखन सिंह ने राम मिश्रा को मोबाइल फोन समेत गिरफ्तार किया। टीम में निरीक्षक लाखन सिंह व सिपाही राहुल देव शामिल रहे।


पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

## खैबर पख्तूनख्वा के मुख्यमंत्री अली अमीन गंडापुर पर कानूनी शिकंजा



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा (केपी) प्रांत के मुख्यमंत्री और पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के नेता अली अमीन गंडापुर पर कानूनी शिकंजा कस गया है।

आतंकवाद विरोधी अदालत (एटीसी) के जज ताहिर अब्बास सिप्रा ने आज गंडापुर को संघीय राजधानी के आई-9 पुलिस स्टेशन में दर्ज एक मामले में दोषी ठहराने का फैसला किया है। गंडापुर अपने वकील के साथ एटीसी के सामने पेश हुए। एआरवाई न्यूज चैनल की रिपोर्ट में कहा गया है कि अदालत में हुई आज की सुनवाई में खैबर पख्तूनख्वा के मुख्यमंत्री और अन्य संदिग्धों को चालान की प्रतियां सौंपी गईं। संदिग्धों को 29 जुलाई को अगली सुनवाई में उपस्थिति रहने का निर्देश दिया गया है।

अली अमीन गंडापुर ने अदालत के समक्ष आत्मसमर्पण करते हुए बताया कि वह आधिकारिक व्यस्तता के कारण पहले पेश होने में असमर्थ रहे। इसके बाद अदालत ने हिंसक विरोध प्रदर्शन और धारा 144 के उल्लंघन से संबंधित एक मामले में गंडापुर के खिलाफ जारी गिरफ्तारी वारंट को रद्द कर दिया। पिछले साल इस्लामाबाद हाई कोर्ट परिसर में पीटीआई संस्थापक और पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की गिरफ्तारी के बाद मुख्यमंत्री को विभिन्न आरोपों के तहत कई मामलों का सामना करना पड़ रहा है।

## यूक्रेन ने ड्रोन से किया रूसी शस्त्रागार पर बड़ा हमला, जवाबी हमले में रूस ने दागी बैलिस्टिक मिसाइल

**कीव।** यूक्रेन ने रूस के लगभग 9,000 वर्ग मीटर में फैले सैन्य शस्त्रागार वोरोनिश पर ड्रोन से हमला बोला है। यहां पर रूस ने सतह से सतह पर मार करने वाली मिसाइलें, टैंक और गोलाबारूद आदि रखे हुए हैं। यह यूक्रेन नियंत्रित क्षेत्र से लगभग 85 मील दूर है। वहीं, रूस ने भी अपनी बैलिस्टिक मिसाइलों से हमला किया गया । रक्षा मंत्रालय का कहना है कि सेना ने बैलिस्टिक मिसाइल से यूक्रेन पर हमला बोला। इसमें यूक्रेन का सतह से हवा में मार करने वाले मिसाइल सिस्टम पैट्रियट के दो लांचर नष्ट हो गए हैं।

यह हमला पोर्ट ऑफ यूज्हेन में किया गया। इस हमले में एक रडार स्टेशन भी नष्ट कर दिया गया। हालांकि, यह नहीं बताया गया है कि पैट्रियट सिस्टम पर कब हमला बोला गया। मंत्रालय की ओर से टेलीग्राम पर इससे संबंधित एक वीडियो जारी किया गया है। यूक्रेन ने हमले की पुष्टि की है।

इस बीच, नवनियुक्त डच रक्षा और विदेश मामलों के मंत्रियों ने यूक्रेन का समर्थन किया है। उन्होंने कहा कि नीदरलैंड यूक्रेन के साथ खड़ा है और राजनीतिक, सैन्य, वित्तीय और नैतिक तरीकों से समर्थन जारी रखेगा।

## 'पीएम मोदी और राष्ट्रपति पुतिन के लिए बातचीत का बेहतरीन मौका': जयशंकर




**अस्ताना:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की रूस यात्रा से पहले विदेश मंत्री एस जयशंकर ने सोमवार को कहा कि रूस के साथ संबंधों में सबसे बड़ा बदलाव यह है कि दोनों देशों के बीच आर्थिक संबंधों में जबरदस्त सुधार हुआ है. एएनआई से बात करते हुए जयशंकर ने कहा कि पीएम मोदी और रूसी राष्ट्रपति पुतिन के लिए बैठकर संबंधों पर चर्चा करने का यह एक बेहतरीन मौका होगा। उन्होंने कहा कि यह किसी भी रिश्ते का जायजा लेने का एक तरीका है... सबसे बड़ा बदलाव यह रहा है कि रूस के साथ हमारे आर्थिक संबंधों में जबरदस्त सुधार हुआ है... नेतृत्व के स्तर पर, पीएम मोदी और रूसी राष्ट्रपति पुतिन के लिए बैठकर एक-दूसरे से सीधे बात करने का यह एक बेहतरीन मौका होगा। जयशंकर ने कहा कि पीएम मोदी और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन दोनों की अलग-अलग व्यस्तताओं के कारण वार्षिक शिखर सम्मेलन में थोड़ी देरी हुई. उन्होंने कहा कि हमारे वार्षिक शिखर सम्मेलनों में थोड़ी देरी हुई, यह एक अच्छी परंपरा है, हम दो देश हैं जिनका एक साथ काम करने का एक मजबूत इतिहास है. हमने वार्षिक शिखर सम्मेलन की आवश्यकता को महत्व दिया. पिछले साल जब मैं मास्को गया था, तो मैं प्रधानमंत्री का संदेश लेकर गया था कि हम वार्षिक शिखर सम्मेलन के लिए प्रतिबद्ध हैं और हम इसे जल्द से जल्द करेंगे... यह एक नियमित पुनरावृत्ति है. यह किसी भी रिश्ते का जायजा लेने का एक तरीका है। उन्होंने कहा कि दोनों देशों का एक साथ काम करने का एक स्थिर इतिहास है. हम दुनिया भर में हो रही घटनाओं को देखते हैं और देखते हैं कि क्या हम किसी स्थिति में कोई सुधार करना चाहते हैं, हम मिलते हैं और चर्चा करते हैं। रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव के साथ द्विपक्षीय वार्ता के दौरान जब विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर से पूछा गया कि क्या उन्होंने रूस-यूक्रेन संघर्ष क्षेत्र में फंसे भारतीयों का मुद्दा उठाया है, तो उन्होंने कहा कि बिल्कुल...बहुत स्पष्ट रूप से और दृढ़ता से...कई भारतीयों को रूसी सेना में सेवा के लिए लगाया गया है, जब वे वापस आएंगे तभी हम पूरी परिस्थितियों को जान पाएंगे। लेकिन, परिस्थितियां जो भी हों, हमारे लिए यह अस्वीकार्य है कि भारतीय नागरिक युद्ध क्षेत्र में किसी दूसरे देश की सेना में खुद को पाएं. मैंने उनसे कहा कि हम उनका सहयोग चाहते हैं और वे हमारे मित्र और साझेदार हैं. हमें कोई ऐसा तरीका खोजना होगा जिससे ये लोग जल्द से जल्द और प्रभावी तरीके से भारत लौट सकें।

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.: 9565333000
Email:- akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

# आज के दिन हुई थी जापान के पूर्व पीएम की हत्या, शिंजो आबे और पीएम मोदी के बीच ऐसे थे संबंध



**नई दिल्ली :** दो साल पहले 8 जुलाई को जापान के पूर्व प्रधानमंत्री शिंजो आबे की नारा शहर में हत्या कर दी गई थी, जब वह एक रैली को संबोधित कर रहे थे. पीएम नरेंद्र मोदी ने आबे की हत्या पर दुख भी जताया था। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और जापान के पूर्व पीएम आबे की दोस्ती जगजाहिर है. दोनों के बीच मित्रता तब हुई थी, तब नरेंद्र मोदी गुजरात के मुख्यमंत्री थे. नरेंद्र मोदी ने सीएम रहते हुए भारत-जापान के साथ अपने रिश्ते मजबूत करने का काम किया. इसके बाद जब 2014 में नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री बने, तब उन्होंने सबसे पहले जापान के पूर्व पीएम को अपना इंटरनेशनल दोस्त बनाया। इसी बीच 'मोदी आर्काइव' नाम के एक्स सोशल मीडिया अकाउंट से प्रधानमंत्री मोदी और जापान के पूर्व पीएम दिवंगत शिंजो आबे की कुछ पुरानी फोटो शेयर की गई है. फोटो साल 2007 की है, जब पहली बार तत्कालीन गुजरात के मुख्यमंत्री नरेंद्र मोदी और शिंजो आबे की मुलाकात हुई थी. इसके अलावा फोटो में देखा जा सकता है कि 2017 में पीएम मोदी ने आबे को लोकप्रिय रेडियो शो 'मन की बात' पर आधारित एक पुस्तक भी भेंट की थी।

नरेंद्र मोदी साल 2012 में जापान के दौरे पर गए थे। हालांकि, उस वक्त शिंजो आबे जापान के प्रधानमंत्री नहीं थे। लेकिन, उस दौरान नरेंद्र मोदी ने आबे से मुलाकात की थी. कुछ समय बाद शिंजो आबे फिर से जापान के प्रधानमंत्री बने, तब नरेंद्र मोदी ने उन्हें टेलीफोन के जरिए बधाई दी थी. साल 2014 में गणतंत्र दिवस के अवसर आबे मुख्य अतिथि के तौर पर हिंदुस्तान आए थे. हालांकि, प्रोटोकॉल के चलते वह गुजरात नहीं जा पाए थे। ऐसे में नरेंद्र मोदी अपने दोस्त से मिलने राजधानी दिल्ली खुद आ गए थे. 2014 में नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री पद संभालने के बाद अगस्त-सितंबर माह में जापान के दौरे पर गए थे. जहां पीएम मोदी का शाही महल में शानदार तरीके से स्वागत किया गया. भारत और जापान की दोस्ती की खास तस्वीर पूरी दुनिया के सामने उस वक्त आई, जब दिसंबर 2015 में तत्कालीन जापान के पीएम आबे भारत दौरे के दौरान प्रधानमंत्री मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी पहुंचे, जहां दोनों नेताओं ने दशाश्वमेध घाट पर पूजा-अर्चना की और गंगा आरती में शामिल हुए थे. उस वक्त दोनों नेताओं की फोटो सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर खूब वायरल भी हुई थी। इसके बाद 2017 में शिंजो आबे फिर से भारत दौरे पर पहुंचे थे। पीएम मोदी खुद उनकी अगवानी करने अहमदाबाद एयरपोर्ट पहुंचे थे.

इसके अलावा भारत को जापान द्वारा बुलेट ट्रेन की सौगात देने के ठीक अगले दिन दोनों नेताओं ने गुजरात में रोड शो भी किया था. इसके साथ ही उन्होंने राज्य में 2017 के विधानसभा चुनाव का बिगुल भी फूंका था. इतना ही नहीं कोविड महामारी के दौरान जापान ने भारत को हरसंभव मदद देने का भी ऐलान किया था।

# अमेरिकी चुनाव में बाइडेन की दावेदारी बनाये रखने पर मतभेद, कमला हैरिस का नाम फिर उछला



**वाशिंगटन :** अमेरिकी चुनाव में डेमोक्रेटस के उम्मीदवार जो बाइडेन के खिलाफ आवाजें उठने लगी हैं. सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार, हाउस के कई शीर्ष डेमोक्रेट्स राष्ट्रपति जो बाइडेन से 2024 के अभियान से हटने का आग्रह कर रहे हैं. शीर्ष डेमोक्रेट्स ने आगामी चुनावों में डेमोक्रेटिक पार्टी की संभावनाओं पर उनके संभावित प्रभाव के बारे में गहरी चिंता व्यक्त की है।

हाउस माइनॉरिटी लीडर हकीम जेफ्रीज की ओर से रविवार को आयोजित एक लीडरशिप कॉल के दौरान ये बातें कही गई हैं. रविवार को आयोजित बैठक का उद्देश्य इस सप्ताह वाशिंगटन में सदस्यों की वापसी से पहले रैंकिंग सदस्यों और नेताओं की राय जानना था. बैठक के बारे में जानकारी रखने वाले सूत्रों के अनुसार, चर्चा में बाइडेन की उम्मीदवारी से डेमोक्रेटिक टिकट और हाउस बहुमत को पुनः प्राप्त करने की पार्टी की संभावनाओं को होने वाले संभावित नुकसान के बारे में आशंकाओं पर अधिक बातचीत हुई।

सीएनएन की रिपोर्ट के मुताबिक, हालांकि, जेफरीज ने इस बारे में अपना राय स्पष्ट नहीं की कि बाइडेन को फिर से चुनाव लड़ना जारी रखना चाहिए या नहीं. जिससे यह मुद्दा प्रतिभागियों के बीच बहस के लिए खुला रह गया. इस बैठक में हाउस डेमोक्रेट्स के बीच उल्लेखनीय विभाजन देखा गया. इस बैठक में बाइडेन को पद से हटाने की वकालत करने वाले सांसदों की संख्या उनकी उम्मीदवारी के समर्थन में आवाज उठाने वालों से कहीं ज्यादा थी. बाइडेन का विरोध करने वालों में प्रतिनिधि मार्क टाकानो, एडम स्मिथ, जिम हिम्स, जो मोरेल, जेरी नैडलर और सुसान वाइल्ड शामिल थे।

इसके विपरीत, प्रतिनिधि मैक्सिन वाटर्स और बॉबी स्कॉट ने बाइडेन के पक्ष में बात की, जो पार्टी नेतृत्व के भीतर आंतरिक विभाजन को रेखांकित करता है. लगभग दो घंटे की बैठक के दौरान उठाई गई प्राथमिक चिंताओं में से एक यह थी कि अगर बाइडेन डेमोक्रेटिक उम्मीदवार बने रहे तो हाउस में बहुमत हासिल करने का अवसर खोने का जोखिम है।

कई प्रतिभागियों ने उपराष्ट्रपति कमला हैरिस को टिकट का नेतृत्व करने के लिए प्राथमिकता व्यक्त की. उन्हें संभावित रूप से एक मजबूत उम्मीदवार के रूप में देखा. एक वरिष्ठ डेमोक्रेटिक सहयोगी ने गुमनाम रूप से सीएनएन से बात करते हुए कहा कि यह बहुत क्रूर था।

उन्होंने संकेत दिया कि मंगलवार को पूर्ण डेमोक्रेटिक कॉकस के एकत्र होने से पहले औपचारिक मांगों या कार्रवाइयों, जैसे कि व्हाइट हाउस की बैठक या बाइडेन को पत्र, के बारे में तत्काल कोई निर्णय अपेक्षित नहीं है. जेफ्रीज ने कथित तौर पर इस बात पर जोर दिया कि सदस्यों को अपनी राय स्वतंत्र रूप से व्यक्त करने और मामले पर अपना निर्णय लेने की अनुमति दी जाएगी।

एक अन्य वरिष्ठ हाउस डेमोक्रेट ने खुलासा किया कि कॉकस के भीतर बाइडेन के चुनाव से हटने के पक्ष में ज्यादा भारी समर्थन दिखा. सदस्य ने इस बात पर जोर दिया कि सार्वजनिक सेवा में बाइडेन के लंबे करियर के लिए सम्मान है, लेकिन इस बात पर आम सहमति बन रही है कि पार्टी को आगे बढ़ने के लिए प्रभावी ढंग से रणनीति बनाने की जरूरत है।

डेमोक्रेटिक पार्टी के सूत्रों के अनुसार, मंगलवार की निर्धारित कॉकस बैठक बाइडेन के लिए एक महत्वपूर्ण क्षण होने की उम्मीद थी. बाइडेन के हालिया बहस प्रदर्शन से असंतुष्ट कई डेमोक्रेट इस मामले पर जेफ्रीज के सार्वजनिक रुख का इंतजार कर रहे हैं. अब तक, जेफ्रीज ने एक सतर्क दृष्टिकोण बनाए रखा है, किसी विशेष कार्रवाई का सार्वजनिक रूप से समर्थन करने से परहेज करते हुए वह अपने कॉकस के भीतर भावनाओं का आकलन करना जारी रखा है।

## यूक्रेन में बच्चों के अस्पताल में रूसी मिसाइलों से हमला, 20 लोगों के मारे जाने की सूचना, टेंशन में NATO देश!



**कीव:** यूक्रेन में कीव समेत कई शहरों में रूसी सेना ने मिसाइलों से हमला कर दिया, जिसमें करीब 20 लोगों के मारे जाने की सूचना है. अधिकारियों के मुताबिक,रूस ने सबसे पहले यूक्रेन की राजधानी कीव में स्थित एक बच्चों के अस्पताल को निशाना बनाया. जिसमें कम से कम 7 लोग मारे गए. जबकि, मध्य यूक्रेन के शहर क्रिवी रिह में एक अन्य हमले में कम से कम 10 लोग मारे गए. राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने इस हमले की कड़ी निंदा की है. बता दें कि, नाटो शिखर सम्मेलन से पहले ही रूस नाटो में शामिल देशों को अपनी ताकत का एहसास कराने की कोशिश कर रहा है।

**यूक्रेन के कीव शहर में रूसी हमला**

यूक्रेनी राष्ट्रपति वलोदिमीर जेलेंस्की ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि रूस ने अलग-अलग प्रकार की 40 से अधिक मिसाइलों के साथ पांच यूक्रेनी शहरों को निशाना बनाया. उन्होंने कहा कि, अपार्टमेंट इमारतों और सार्वजनिक बुनियादी ढांचे को निशाना बनाया गया है. आंतरिक मंत्री इहोर क्लिमेंको ने कहा कि सोमवार सुबह हुए हमले में देश भर में कम से कम 20 लोग मारे गए और लगभग 50 लोग घायल हो गए. क्रिवी रिह में, शहर प्रशासन के प्रमुख ऑलेक्जेंडर विलकुल ने कहा कि यह एक बड़ा मिसाइल हमला था, जिसमें 10 लोगों की मौत के अलावा 31 लोग घायल हो गए. यूक्रेन के मध्य निप्रॉपेट्रोस क्षेत्र में स्थानीय अधिकारियों द्वारा विस्फोटों की भी सूचना दी गई.

**कीव में स्थित बच्चों के अस्पताल पर रूसी हमला**

यूक्रेनी वायु सेना ने इस हमले को लेकर कहा कि, रूस ने जिन मिसाइलों से कीव पर हमला किया था, उसमें किन्झाल हाइपरसोनिक मिसाइले भी शामिल थीं. वायुसेना के मुताबिक, किन्झाल हाइपरसोनिक मिसाइलें रूस की सबसे उन्नत हथियारों में शामिल है. किन्झाल अन्य मिसाइलों के मुकाबले ध्वनी की गति से 10 गुना अधिक तेजी से उड़ता है और इसी वजह से इस खतरनाक मिसाइल को रोक पाना किसी भी देश के लिए मुश्किल हो जाता है. जानकारी के मुताबिक, कीव में हुए धमाके से शहर की इमारतें हिल गई.

**जेलेंस्की का रूस पर बड़ा आरोप**

यूक्रेन के राष्ट्रपति वलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा कि रूस ने विभिन्न प्रकार की 40 से अधिक मिसाइलों से पांच शहरों को निशाना बनाया.यह हमला यूक्रेन के सबसे बड़े बच्चों की चिकित्सा सुविधा, कीव में ओखमाडाइट बच्चों के अस्पताल पर हुआ। वहां हताहतों के बारे में तत्काल कोई जानकारी नहीं है.

**नाटो शिखर सम्मेलन से पहले रूसी हमला**

यह हमला वाशिंगटन में तीन दिवसीय नाटो शिखर सम्मेलन की पूर्व संध्या पर हुआ है, जिसमें इस बात पर विचार किया जाएगा कि यूक्रेन को गठबंधन के अटूट समर्थन के बारे में कैसे आश्वस्त किया जाए और यूक्रेन के लोगों को यह आशा दी जाए कि उनका देश द्वितीय विश्व युद्ध के बाद यूरोप के सबसे बड़े संघर्ष से गुजर सकता है.

**पीएम मोदी-राष्ट्रपति पुतिन की मीटिंग से पहले यूक्रेन में बमबारी**

वहीं दूसरी तरफ, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार को रूस और ऑस्ट्रिया की अपनी तीन दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर रवाना हो गए है. पीएम मोदी 8-9 जुलाई को मॉस्को की यात्रा पर रहेंगे. इस दौरान वह राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन मॉस्को में 22वें भारत-रूस वार्षिक शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे. इसके बाद पीएम मोदी 9 जुलाई को ऑस्ट्रिया जाएंगे. ऑस्ट्रिया में वह राष्ट्रपति अलेक्जेंडर वान डेर बेलन से मुलाकात करेंगे, इसके साथ ही पीएम ऑस्ट्रियाई चांसलर कार्ल नेहमर से बातचीत करेंगे. वहीं, रूस ने पुतिन और मोदी की मीटिंग से पहले ही यूक्रेन के कीव शहर बर बमबारी कर पूरी दुनिया में सनसनी फैला दी है।

## फ्रांस में वामपंथी गठबंधन के अचानक चुनाव में आगे निकलने के बाद हिंसा भड़क उठी

**पेरिस:** फॉक्स न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, अचानक चुनाव में वामपंथी गठबंधन के आगे निकलने के आश्चर्यजनक एग्जिट पोल के बाद पूरे फ्रांस में हिंसा भड़क उठी. वीडियो फुटेज में नकाबपोश प्रदर्शनकारियों को सड़कों पर भागते, आग जलाते और उपद्रव करते हुए देखा गया. इन दंगों को रोकने के लिए पूरे देश में दंगा रोधी पुलिस की तैनाती की गई थी।

फॉक्स न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, फ्रांस में चुनाव की रात उथल-पुथल भरी रही, क्योंकि नतीजों में वामपंथी गठबंधन को संसदीय सीटों के बहुमत का दावा करते हुए दिखाया गया, जिससे पेरिस में जश्न और अशांति दोनों का माहौल रहा। प्रधानमंत्री गेब्रियल अट्टल ने अचानक चुनाव में एक अति-वामपंथी राजनीतिक गठबंधन के अप्रत्याशित रूप से आगे निकल जाने के बाद अपने इस्तीफे की घोषणा की।

# फ्रांस में अराजक चुनाव के बाद 'देश की स्थिरता' के लिए प्रधानमंत्री बने रहेंगे मैक्रों

**पेरिस:** फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने देश के प्रधानमंत्री के इस्तीफे से इनकार कर दिया और सोमवार को उनसे अस्थायी तौर पर सरकार के मुखिया बने रहने को कहा, क्योंकि अराजक चुनाव परिणामों के कारण सरकार अधर में लटकी हुई है. फ्रांसीसी मतदाताओं ने विधायिका को वाम, मध्य और दक्षिणपंथी में विभाजित कर दिया, जिससे सरकार बनाने के लिए आवश्यक बहुमत के करीब भी कोई गुट नहीं बचा।

रविवार के मतदान के परिणामों ने यूरोपीय संघ की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के लिए लकवाग्रस्त होने का जोखिम बढ़ा दिया है. मैक्रों ने यह दांव लगाया था कि अचानक चुनाव कराने के उनके फैसले से फ्रांस को स्पष्टीकरण का मौका मिलेगा, लेकिन नतीजे इसके विपरीत आए, पेरिस ओलंपिक शुरू होने से तीन सप्ताह से भी कम समय पहले, जब देश अंतरराष्ट्रीय सुर्खियों में होगा।

फ्रांस का मुख्य शेयर सूचकांक गिरावट के साथ खुला, लेकिन जल्दी ही संभल गया, संभवतः इसलिए क्योंकि बाजारों को दक्षिणपंथी या वामपंथी गठबंधन की स्पष्ट जीत का डर था. प्रधानमंत्री गैब्रियल अट्टल ने कहा था कि अगर जरूरत पड़ी तो वह पद पर बने रहेंगे, लेकिन सोमवार सुबह उन्होंने इस्तीफा दे दिया।

मैक्रॉन, जिन्होंने उन्हें महज सात महीने पहले प्रधानमंत्री बनाया था, ने तुरंत उनसे देश की स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए पद पर बने रहने को कहा. मैक्रॉन के शीर्ष राजनीतिक सहयोगी राष्ट्रपति भवन में अट्टल के साथ बैठक में शामिल हुए. रविवार को अट्टल ने स्पष्ट किया कि वे मैक्रों के अचानक चुनाव कराने के फैसले से असहमत हैं। दो चरणों के मतदान के नतीजों ने पहले आए वामपंथी गठबंधन, मैक्रों के मध्यमार्गी गठबंधन या दूर-दराज के दक्षिणपंथी गठबंधन के लिए सरकार बनाने का कोई स्पष्ट रास्ता नहीं छोड़ा. नए निर्वाचित और वापस आने वाले सांसदों के नेशनल असेंबली में गंभीरता से बातचीत शुरू करने के लिए इकट्ठा होने की उम्मीद थी।



मैक्रों खुद इस सप्ताह के अंत में वाशिंगटन में नाटो शिखर सम्मेलन के लिए रवाना होंगे. राजनीतिक गतिरोध का यूक्रेन में युद्ध, वैश्विक कूटनीति और यूरोप की आर्थिक स्थिरता पर दूरगामी प्रभाव पड़ सकता है. फिर भी, कम से कम एक नेता ने कहा कि परिणाम राहत देने वाले हैं। यूरोपीय संघ परिषद के पूर्व प्रमुख, प्रधान मंत्री डोनाल्ड टस्क ने रविवार देर रात सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि 'पेरिस में उत्साह, मॉस्को में निराशा, कीव में राहत. वारसॉ में खुश होने के लिए पर्याप्त है.' सोमवार की सुबह जारी आधिकारिक नतीजों के अनुसार, तीनों मुख्य ब्लॉक 577 सीटों वाली नेशनल असेंबली को नियंत्रित करने के लिए आवश्यक 289 सीटों से बहुत पीछे रह गए, जो फ्रांस के दो विधायी कक्षों में से सबसे शक्तिशाली है। नतीजों में न्यू पॉपुलर फ्रंट वामपंथी गठबंधन के लिए 180 से थोड़ी अधिक सीटें दिखाई गईं, जो 160 से अधिक सीटों के साथ मैक्रोन के मध्यमार्गी गठबंधन से आगे पहले स्थान पर रहा. मरीन ले पेन की दूर-दराज नेशनल रैली और उसके सहयोगी तीसरे स्थान पर सीमित रहे, हालांकि उनकी 140 से अधिक सीटें अभी भी 2022 में पार्टी के पिछले सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 89 सीटों से बहुत आगे थीं। मैक्रों के राष्ट्रपति पद के कार्यकाल में तीन साल बाकी हैं. अपने इस्तीफे की घोषणा करते हुए, अट्टल ने मैक्रों के चुनाव कराने के चौंकाने वाले फैसले के प्रति अपनी असहमति को पहले से कहीं अधिक स्पष्ट कर दिया. उन्होंने कहा कि मैंने निवर्तमान नेशनल असेंबली को भंग करने का फैसला नहीं किया, जहां राष्ट्रपति का मध्यमार्गी गठबंधन सबसे बड़ा समूह हुआ करता था, हालांकि उसके पास पूर्ण बहुमत नहीं था. मैक्रोन की उम्मीद के मुताबिक उनके पीछे एकजुट होने के बजाय, लाखों लोगों ने वोट को महंगाई, अपराध, आव्रजन और उनकी सरकार की शैली सहित अन्य शिकायतों के बारे में गुस्सा निकालने के अवसर के रूप में लिया. न्यू पॉपुलर फ्रंट के नेताओं ने तुरंत मैक्रोन पर दबाव डाला कि वे उन्हें सरकार बनाने और प्रधानमंत्री का प्रस्ताव देने का पहला मौका दें.